100
प्रमुखस्वामी महाराज
शताब्दी महोत्सव

वर्ष : 3 अंक : 267 मूल्य : 4 रु.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

गुरुवार, 26 मई 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## क्वॉड की बैठक हिन्द प्रशांत क्षेत्र पर विचार-विमर्श का अवसर : नरेंद्र मोदी



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका, आस्ट्रेलिया, भारत और जापान के चतुष्कोणीय गठजोड़ क्वॉड की बैठक के लिए जापान की यात्रा को मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम के हिन्द प्रशांत क्षेत्र पर प्रभाव को लेकर विचार विमर्श का अवसर करार दिया है।

मोदी ने यात्रा के पूर्व अपने वक्तव्य में कहा, 'मैं जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के आमंत्रण पर 23-24 मई, 2022 तक जापान की राजधानी टोक्यो का दौरा करूंगा।'

उन्होंने कहा कि बीते मार्च में उन्हें 14वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए जापानी प्रधानमंत्री श्री किशिदा की आवभगत का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। वह टोक्यो की अपनी यात्रा के दौरान, भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से हमारे संवाद को आगे बढ़ाये जाने के लिए उत्सुक हैं।

मोदी ने कहा, 'जापान में, मैं सेकेंड इन-पर्सन क्वाड नेता सम्मेलन में भी भाग लूंगा, जो चार क्वाड देशों के नेताओं को क्वाड पहलों की प्रगति की समीक्षा करने का अवसर उपलब्ध कराएगा। हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र के घटनाक्रमों तथा परस्पर हित के वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ बिडेन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे, जहां हम अमेरिका के साथ अपने विभिन्न पहलुओं वाले द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ बनाने पर चर्चा करेंगे। हम क्षेत्रीय विकास और समसामयिक वैश्विक मुद्दों पर भी अपना संवाद जारी रखेंगे।

उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज पहली बार क्वाड लीडर्स सम्मेलन में शामिल होंगे। मैं उनके साथ एक द्विपक्षीय बैठक करने के लिए उत्सुक हूं जिस दौरान व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बहुआयामी सहयोग तथा क्षेत्रीय और पारस्परिक हितों के वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।'

उन्होंने कहा कि भारत और जापान के बीच आर्थिक सहयोग हमारी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी का एक महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने कहा,ह्लमार्च शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री श्री किशिदा और मैंने जापान से भारत में अगले पांच वर्षों में सार्वजनिक और निजी निवेश तथा वित्तपोषण में 5000 अरब जापानी येन प्राप्त करने के अपने इरादे की घोषणा की थी। आगामी यात्रा के दौरान, मैं इस लक्ष्य के अनुसरण में हमारे देशों के बीच आर्थिक संबंधों को और सुदृढ़ बनाने के ध्येय के साथ जापान के व्यापार जगत के शीर्ष व्यक्तियों के साथ मुलाकात करूंगा।'

मोदी ने कहा कि जापान में भारतीय समुदाय के लगभग 40 हजार सदस्य हैं, जो जापान के साथ हमारे संबंधों में एक महत्वपूर्ण आधार हैं। वह उनके साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं।

## यासीन मलिक की सजा के बाद दिल्ली-एनसीआर में आतंकी हमले का डर, हाई अलर्ट



नई दिल्ली, एजेंसी। टेरर फंडिंग केस में यासीन मलिक को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के बाद देश की खुफिया एजेंसियों ने दिल्ली और एनसीआर में हाई अलर्ट जारी किया है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि यासीन मलिक की सजा के विरोध में राजधानी दिल्ली में आतंकी हमला हो सकता है। दिल्ली पुलिस को सुरक्षा एजेंसियों से करीब 6 से 7 संवेदनशील अलर्ट मिले हैं। यासीन मलिक को आज दिल्ली की एनआईए कोर्ट ने जम्मू कश्मीर में टेरर फंडिंग करने के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही दस लाख रुपए के जुमार्ने का भी आदेश दिया। मतलब यासीन मलिक की बाकी की जिंदगी दिल्ली के तिहाड़ जेल में कटेगी। इस बीच देश के खुफिया विभाग की तरफ से दिल्ली और एनसीआर में आतंकी हमलों का हाई अलर्ट जारी हुआ है।

दिल्ली पुलिस को खुफिया विभाग की ओर से मिले इनपुट के अनुसार, दिल्ली की तिहाड जेल में बन्द अलगाववादी नेता यासीन मलिक की सजा के विरोध में दिल्ली एनसीआर में आतंकी हमले को अंजाम दिया जा सकता है। देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर आतंकियों के निशाने पर है।

**सीमापार से आतंकी हमले की योजना**

जिस दिन यासीन मलिक को ठकअ कोर्ट ने दोषी करार दिया था। उसी दिन से लगातार दिल्ली पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट जारी कर बताया गया है कि यासीन मलिक को दोषी करार दिए जाने के विरोध में उसके हार्ड कोर समर्थक और उसके करीबी आतंकी संगठनों के प्रमुख सीमा पार से दिल्ली एनसीआर में आतंकी हमले का प्लान बनारहे हैं।

**टू व्हीलर पर रखी जा रही नजर**

खुफिया इनपुट है कि आतंकी हमलों की आशंका के मद्देनजर उन टू व्हीलर पर खास तौर नजर रखी जा रही है, जो बिना नंबर प्लेट या संदिग्ध नंबर प्लेट से जुड़ी नजर आए।

**जेल नंबर 7 के वार्ड में अकेला रह रहा मलिक**

यासीन मलिक को उम्र कैद की सजा सुनाए जाने के बाद तिहाड़ जेल प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण बैठक ली। जिसमें तिहाड़ प्रशासन ने यासीन मलिक की सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। फिलहाल यासीन मलिक जेल नंबर 7 के एक वार्ड में अकेला रह रहा है। पर अब उम्र कैद की सजा होने के बाद उस पर सीसीटीवी की मदद से पैनी नजर रखी जाएगी। उसका जेल या वार्ड शिफ्ट किया जाएगा या नहीं फिलहाल इस पर फैसला नही लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जयशंकर ने अर्जेंटीना और जार्डन के राष्ट्रीय दिवस पर शुभकामनाएं दी



नई दिल्ली, एजेंसी।मोदी सरकार में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अर्जेंटीना और जार्डन के राष्ट्रीय दिवस पर शुभकामनाएं दी और इन देशों के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंधों को मजबूत बनाने की कामना की। जयशंकर ने ट्वीट किया, अर्जेंटीना के राष्ट्रीय दिवस पर वहां के लोगों, सरकार तथा विदेश मंत्री सैंटिआगो कैफिएरो को शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि हमारे हाल के विचार विमर्शों से हमारे सामरिक गठजोड़ की सही क्षमता को हासिल करने में मदद मिली। विदेश मंत्री जयशंकर ने अन्य ट्वीट में जार्डन के राष्ट्रीय दिवस पर भी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, जार्डन के राष्ट्रीय दिवस पर वहां के लोगों, सरकार तथा विदेश मंत्री अयमान सफादी को शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि हम अपने दीर्घकालिक संबंधों को महत्व देते हैं तथा इन्हें और मजबूत बनाना चाहते हैं। गौरतलब है कि अर्जेंटीना और जार्डन अपना राष्ट्रीय दिवस 25 मई को मनाते हैं।

### ईडी ने धनशोधन मामले में करनाल के एक कारोबारी को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करनाल के एक कारोबारी को 155 करोड़ रुपए के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े मामले में धनशोधन-रोधक कानून (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया है। एक बयान में कहा गया है कि महेश टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अशोक कुमार मित्तल को हिरासत में लिया गया है और मंगलवार को उन्हें पंचकूला में विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया। अदालत ने मित्तल को चार दिन के ईडी रिमांड पर भेज दिया है। ईडी ने आरोप लगाया है कि मित्तल जांच के दौरान सहयोग नहीं कर रहे थे। उन्होंने सूचना को छुपाने और जांच को गुमराह करने की कोशिश की। एजेंसी के मुताबिक महेश टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख निदेशक मित्तल ने बैंक अधिकारी के साथ सांठगांठ में साख पत्र की सीमा 21 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 195 करोड़ रुपए करवा ली। इसे राशि को फर्जी निर्यात के नाम पर सिंगापुर में मित्तल की इकाइयों को स्थानांतरित कर दिया गया। ईडी ने कहा मित्तल ने बैंक को कुल 155 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया है।

## 2014 के बाद से 177 सांसदों-विधायकों के साथ-साथ 222 नेताओं ने छोड़ी पार्टी, यह आत्ममंथन का समय : सिब्बल

लखनऊ, एजेंसी। कांग्रेस को मई के महीने में सबसे ज्यादा झटके लगे हैं। आपको बता दें कि वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने भी कांग्रेस को अलविदा कह दिया है। उन्होंने 16 मई को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और फिर साइकिल में सवार होकर राज्यसभा जाने की तैयारी कर ली है। आपको बता दें कि कपिल सिब्बल ने समाजवादी पार्टी के समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है।

इसी बीच कपिल सिब्बल ने कांग्रेस से जुदाई की अपनी दास्तां सुनाई। उन्होंने कहा कि किसी के साथ 30-31 साल संबंध रहे हों, उनसे संबंध छोड़ना आसान काम नहीं होता। कपिल सिब्बल ने बताया कि जब तक मैं कांग्रेस में था तो मैं इधर-उधर की टिप्पणियां कर सकता था। अब मैं कांग्रेस में नहीं हूं, मैंने इस्तीफा दे दिया है तो मैं कांग्रेस के बारे में कुछ नहीं कहूंगा। किसी के साथ 30-31 साल संबंध रहे हों, उनसे संबंध छोड़ना आसान काम नहीं होता। कपिल सिब्बल ने कांग्रेस की कार्यपद्धति पर सवाल उठाते हुए कहा था कि घर की कांग्रेस की बजाय सब की कांग्रेस हो।

दरअसल पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद कपिल सिब्बल ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की कार्यशैली पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि इस बार के परिणामों ने मुझे आश्चर्यचकित नहीं किया। हम 2014 से नीचे की ओर जा रहे हैं। हमने राज्य दर राज्य खोया है। जहां हम सफल हुए वहां भी हम अपने झुंड को एक साथ नहीं रख पाए।

कपिल सिब्बल ने कहा था कि कांग्रेस से कुछ प्रमुख लोगों का पलायन हुआ है, जिनमें नेतृत्व का भरोसा था। 2022 के विधानसभा चुनाव में भी नेतृत्व के करीबी लोगों ने उनका साथ छोड़ दिया। इन चुनावों में भी नेतृत्व के करीबी लोगों ने उनका साथ छोड़ दिया। मैं आंकड़े देख रहा था। यह ध्यान रखना वाकई दिलचस्प है कि 2014 से अब तक लगभग 177 सांसद और विधायक के साथ-साथ 222 उम्मीदवार कांग्रेस छोड़ चुके हैं। किसी अन्य राजनीतिक दल ने इस तरह का पलायन नहीं देखा है।

गौरतलब है कि कांग्रेस के लिए मई महीना काफी दुखदायी रहा। क्योंकि दो दिग्गज नेताओं के साथ-साथ एक युवा नेता ने भी पार्टी का साथ छोड़ दिया। कपिल सिब्बल से पहले हार्दिक पटेल और सुनील जाखड़ ने कांग्रेस को गुडबॉय बोला।

## अमरनाथ यात्रा में पत्ता भी नहीं हिला पाएंगे आतंकी



नई दिल्ली, एजेंसी। अमरनाथ यात्रा के दौरान यात्रियों के लिए तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम को लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। इसी बीच यह बताया गया है कि अमरनाथ धाम जाने वाले यात्रियों अब तीन स्तरीय सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इसमें ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के जरिए गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। इसके अलावा लोगों की सुरक्षित यात्रा के लिए अन्य तमाम उपाय भी किए जाएंगे। खतरे के हर पहलू को भांपकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। ड्रोन हमले, स्टिक बम और आतंकियो के घात लगाकर हमले जैसी किसी भी आशंका को समाप्त करने के लिए कई स्तर की सुरक्षा का खाका तैयार किया गया है। इसी कड़ी में हम हम पिछले एक महीने से अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था कर रहे हैं और कई बैठकें कर चुके हैं। विजय कुमार ने कहा कि हम त्रिस्तरीय सुरक्षा मुहैया कराएंगे। इसमें ड्रोन निगरानी, सीसीटीवी कैमरा और आरएफआईडी रखा जाएगा और हम घटना मुक्त यात्रा सुनिश्चित करेंगे। बता दें कि हाल ही में सुरक्षाबलों ने अमरनाथ यात्रा पर आतंकी हमले की बड़ी साजिश को नाकाम किया था। सुरक्षा बलों ने पहलगाम में तीन आतंकियों को ढेर कर दिया था। इसके बाद से ही 30 जून से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। केंद्रीय अर्धसैनिकबलों की व्यापक तैनाती के साथ ही कश्मीर में पहले से मौजूद सुरक्षाबल द्वारा आतंकरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही आतंकी किसी भी तरह से यात्रा मार्गों के आसपास भी नहीं पहुंच पाएं, इसका फुल प्रूफ प्लान बनाया गया है। वाहन के साथ यात्रियों पर भी आरएफआइडी (रेडियो फ्रैंक्वेंसी आइडेंटीफिकेशन डिवाइस) माइक्रो-चिप के जरिए नजर रखी जाएगी। विभिन्न स्थानों पर स्थापित उपग्रह टावर से निगरानी की जाएगी। कोई भी यात्री सुरक्षा एजेंसियों की निगाह से ओझल नहीं हो, इसकी माकूल व्यवस्था की जा रही है। अमरनाथ यात्रा 30 जून को शुरू हो रही है जो 11 अगस्त को समाप्त होगी। 43 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या पहले से ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है। इस बार रामबन और चंदनवाड़ी में कैंप बड़े होंगे। इसे देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

## महबूबा ने फिर अलापा 'राग पाकिस्तान', कहा पड़ोसी मुल्क का न्यायतंत्र हमसे कहीं बेहतर

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कुलगाम में एक बार फिर से पाकिस्तान राग अलापा है। उन्होंने पाकिस्तान का एक वाक्या साझा करते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा भारत में 2015 के बाद कई लोगों को मार डाला गया है, लेकिन किसी लिचिंग करने वाले को दंडित नहीं किया जाता है।

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा पाकिस्तान में एक आदमी को लिंच किया गया तो वहां उन्होंने 6 आदमी को फांसी और एक दर्जन लोगों को उम्रकैद की सजा दी। यहां पर 2015 के बाद कई अखलाकों को मार डाला गया है। लेकिन लिंच करने वालों दंडित नहीं किया जाता है बल्कि उनको हार पहनाकर उनका सम्मान होता है। ऐसे में उनके न्यायतंत्र और इस न्यायतंत्र में यही अंतर है।

उन्होंने कहा कि इनके पास लोगों को देने के लिए कुछ नहीं है तो ऐसे में हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा, मुस्लिमों को मरवाना, मस्जिदों पर कब्जा करना रह गया है। मैं इनसे कहती हूं कि अगर आपके पास हिटलर की तरह कोई नुस्खा है तो बता दो कि आप मुसलमानों के साथ क्या करना चाहते हो। इससे पहले उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की आलोचना करते हुए भाजपा पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि देश को गुजरात मॉडल, यूपी मॉडल, असम मॉडल, एमपी मॉडल में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। आप इसे कुछ भी कह सकते हैं। मुख्यमंत्री आपस में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं कि मुसलमानों को सबसे ज्यादा कौन परेशान कर सकता है। इसलिए मंदिरों और मस्जिदों के मुद्दे उठाए जा रहे हैं।

## गेहूं निर्यात पर पांबदी से अंतरराष्ट्रीय बाजार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा : गोयल




नई दिल्ली, एजेंसी। गेहूं निर्यात पर भारत द्वारा लगी पाबंदी से अंतरराष्ट्रीय बाजार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि वैश्विक व्यापार में भारतीय गेहूं निर्यात की हिस्सेदारी 1 फीसदी से भी कम है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दावा किया है। देश में गेहूं उत्पादन अनुमान से कम रहने और घरेलू बाजार में गेहूं की कीमतों में उछाल को देखते हुए केंद्र सरकार ने इसी महीने इसके निर्यात पर पाबंदी लगाने का फैसला किया था। निर्यात पर पाबंदी से चिंतित देशों ने सरकार से यह फैसला वापस लेने का अनुरोध किया है।

पीयूष गोयल ने कहा है, विश्व व्यापार में भारतीय गेहूं निर्यात की हिस्सेदारी 1 फीसदी से भी कम है और हमारे एक्सपोर्ट रेगुलेशन का प्रभाव ग्लोबल मार्केट पर नहीं पड़ना चाहिए। कमजोर और जरूरतमंत देशों को निर्यात की अनुमति देना हमने जारी रखा है।

गेहूं निर्यात में भारत का स्थान वर्ष 2020 में 19वां रहा था। जबकि 2019 में यह 35वें नंबर पर था। इस लिहाज ग्लोबल मार्केट में भारतीय गेहूं निर्यात की हिस्सेदारी बहुत कम (0.47 फीसदी) रही है। रूस, अमेरिका, कनाडा, फ्रांस और यूक्रेन इस बाजार के बड़े हिस्सेदार हैं। रूस-यूक्रेन संकट की वजह से इन दोनों देशों से निर्यात घटकर एक चौथाई के करीब रह गया है। इस वजह से ग्लोबल मार्केट में कीमतों में उछाल आया है। भारत ने इस मौके का फायदा उठाने और किसानों को गेहूं की अच्छी कीमत दिलाने के लिए निर्यात बढ़ाने का फैसला किया था। इसी कदम के तहत गेहूं की सरकारी खरीद भी पहले की तुलना में कम करने का फैसला किया गया था, क्योंकि किसानों को निजी कंपनियों से एमएसपी की तुलना में ज्यादा कीमत मिल रही है। पहले अनुमान जताया गया था कि देश में गेहूं का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा रहेगा, लेकिन देश के उत्तरी हिस्से में समय से पहले गर्मी पड़ने की वजह से गेहूं का दाना सूख गया और उत्पादन में गिरावट आई है। इस वजह से घरेलू कीमतों में तेजी दर्ज की जाने लगी, तब सरकार को निर्यात पर पाबंदी का फैसला लेना पड़ा।

## त्योहारों में दाम न बढ़ें, इसलिए सीमित किया गया है चीनी का निर्यात : सुधांशु पांडेय



नई दिल्ली, एजेंसी। खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने इस साल चीनी निर्यात को एक करोड़ टन तक सीमित रखने के निर्णय को सही ठहराया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि सरकार ने अक्टूबर-नवंबर के त्योहारी सीजन के दौरान चीनी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और कीमतों में स्थिरता बनाए रखने के लिए 'समय पर और एहतियाती' उपाय किए हैं। उन्होंने कहा हालांकि अन्य जिंसों की तुलना में चीनी की कीमतें 'कहीं ज्यादा स्थिर' हैं, लेकिन चीनी निर्यात पर अंकुश लगाने का निर्णय इस जिंस की वैश्विक कमी के बीच खुदरा कीमतों में किसी भी तरह की असामान्य वृद्धि को रोकने के लिए लिया गया है।

पांडेय ने कहा कि भारत इस साल दुनिया के सबसे बड़े चीनी उत्पादक के रूप में उभरा है। उत्पादन के मामले में भारत ने ब्राजील को पीछे छोड़ दिया है। ब्राजील को साल उत्पादन में कमी का सामना करना पड़ा है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी निर्यातक भी है। सरकार ने 24 मई को चालू विपणन वर्ष 2021-22 (अक्टूबर-सितंबर) में चीनी निर्यात को एक करोड़ टन तक सीमित रखने की अधिसूचना जारी की है। एक जून से 31 अक्टूबर के बीच विशेष अनुमति के साथ निर्यात की अनुमति दी जाएगी।

मीडिया को संबोधित करते हुए खाद्य सचिव ने कहा चीनी निर्यात 2016-17 के लगभग 50,000 टन से बढ़कर इस वर्ष एक करोड़ टन हो गया है। इस बात को दिमाग से निकाल दें कि यह किसी तरह की रोक है। उन्होंने कहा कि इस साल देश का चीनी निर्यात अबतक का सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि पहले ही 90 लाख टन चीनी का अनुबंध हो चुका है, जिसमें से 75 लाख टन चीनी का निर्यात किया जा चुका है। विपणन वर्ष 2020-21 में चीनी का निर्यात रिकॉर्ड 70 लाख टन रहा था। उन्होंने कहा कि अक्टूबर-नवंबर के त्योहारी सत्र के दौरान चीनी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबंध लगाए गए हैं, जो नए चीनी विपणन वर्ष की शुरूआत भी है और उस समय चीनी की घरेलू मांग पुराने स्टॉक से पूरी की जाती है।

उन्होंने कहा चालू विपणन वर्ष के अंत में लगभग 60-62 लाख टन चीनी का पिछला बचा स्टॉक होगा, जो अक्टूबर-नवंबर में घरेलू आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा ब्राजील में कमी होने के कारण चीनी की वैश्विक उपलब्धता कम है और इस पृष्ठभूमि के मद्देनजर घरेलू उपलब्धता और मूल्य स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रतिबंध लगाना जरूरी था। पांडेय ने यह भी कहा कि चीनी निर्यात पर प्रतिबंध 'समय पर लिया गया फैसला और एहतियाती कदम' है क्योंकि उद्योग निकाय इस्मा को भी लगता है कि इस साल एक करोड़ टन से अधिक चीनी का निर्यात नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में अन्य वस्तुओं की तुलना में चीनी की थोक और खुदरा दोनों बाजारों में कीमतें कहीं अधिक स्थिर हैं। चीनी निर्यात पर प्रतिबंध सट्टेबाजी और बेवजह की मूल्यवृद्धि को रोकेगा। उन्होंने कहा कि चीनी की मिल पर कीमतें 32-33 रुपये प्रति किलोग्राम चल रही हैं, खुदरा कीमतें क्षेत्र के आधार पर 33-44 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच हैं। एथनॉल के लिए 35 लाख टन गन्ने को स्थानांतरित करने के बाद चीनी का उत्पादन इस साल दुनिया में सबसे ज्यादा 3.55 करोड़ टन है। चीनी की 2.78 करोड़ टन की घरेलू जरूरत की तुलना में इसकी उपलब्धता कहीं अधिक है। पांडेय ने एथनॉल बनाने के लिए गन्ने को भेजने और निर्यात करने से चीनी मिलों को विपणन वर्ष 2021-22 में गन्ना बकाया राशि का 85 प्रतिशत यानी 1,09,283 करोड़ रुपये किसानों को वापस चुकाने में मदद मिली है। पिछले दो साल में गन्ने का बकाया कम हो गया है।

## बारामूला में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में तीन पाक आतंकी ढेर

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू कश्मीर के बारामूला में पाकिस्तानी आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी आतंकी मारे गए हैं। मुठभेड़ के दौरान एक भारतीय जवान के भी शहीद होने की खबर हैं। एक दिन पहले आकंतियों मे एक पुलिसवाले को अपना निशाना बनाया था। कश्मीर जोन पुलिस आईजीपी विजय कुमार ने जानकारी दी है कि बारामूला के करेरी इलाके में नजीभात चौराहे पर मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने बताया कि इस दौरान कश्मीर पुलिस और भारतीय सेना के जवानों ने तीन आतंकियों को ढेर कर दिया।

इससे पहले जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के सौरा इलाके में मंगलवार को आतंकवादियों ने एक पुलिस कांस्टेबल के घर के बाहर उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं थी। इस हमले में कांस्टेबल की मौत हो गई जबकि उनकी सात वर्षीय बेटी घायल हो गई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने कांस्टेबल सैफुल्ला कादरी पर उस समय गोलीबारी की, जब वह अपनी बेटी को ट्यूशन छोड़ने जा रहे थे। कादरी तीसरे ऐसे पुलिसकर्मी हैं जिनकी इस महीने आतंकवादियों ने हत्या कर दी है।

एक अधिकारी ने बताया कि आतंकियों ने श्रीनगर जिले में अनचार इलाके के गनई मोहल्ले में स्थित कादरी के घर के बाहर उन पर हमला किया। कादरी और उनकी बेटी को एसकेआईएमएस अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि बच्ची के दाएं हाथ में गोली लगी है और वह खतरे से बाहर है। कश्मीर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने कांस्टेबल की हत्या पर शोक जताया और कहा कि हमलावरों को पकड़ने के लिए आसपास के इलाकों में पुलिस दलों को भेजा गया है। उन्होंने कहा, हम जल्द ही आतंकियों को पकड़ लेंगे।

# 40 वर्षीय मिर्गी से पीड़ित मरीज की डॉक्टरों ने प्लाज्मा थेरेपी से बचाई जान

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता




गुरुग्राम। एक बहुत ही दुर्लभ मिर्गी कर केस में पारस अस्पताल, गुरुग्राम के डॉक्टरों ने प्लाज्मा थेरेपी का इस्तेमाल कर 40 वर्षीय मरीज की जान बचायी है। इस तरह के इलाज में खून निकालना, इसे प्लाज्मा और कोशिकाओं में अलग करना और फिर कोशिकाओं को वापस रक्तप्रवाह में ट्रांसफ़्यूज करना शामिल होता है। इलाज की यह तकनीक मिर्गी से पीड़ित मरीजों में बहुत ही कम प्रयोग की जाती है। हालांकि डॉक्टरों ने इसी इलाज को करने का फैसला किया क्योंकि मरीज को पिछले कई दिनों से बार-बार मिर्गी के दौरे पड़ थे, जिससे मरीज को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी और मस्तिष्क का कार्य भी बाधित हो रहा था, इस वजह से उसकी मौत होने का खतरा भी था।

अप्रैल में पीड़ित परमजीत को मिर्गी के दौरे लगातार पड़ने शुरू हुए। शुरूआत में उन्हें बुखार और सिरदर्द था जो की बाद में मिर्गी के दौरे में बदल गया। हालांकि मिर्गी को काबू में रखने के लिए शुरू में उनका उनके गृहनगर भिवाड़ी में इलाज किया गया, लेकिन पांचवें दिन चीजें तब बिगड़ने लगीं जब उन्हें बेकाबू दौरे पड़ने लगे। उन्हें 8 अप्रैल, 2022 को गुरुग्राम के पारस अस्पताल में रेफर किया गया। अस्पताल में शुरूआती टेस्ट में ही डॉक्टरों को मालूम हो गया था कि मरीज की हालत काफी गंभीर है, जिसके तुरंत बाद उसका इलाज शुरू किया गया। जब दवाओं से मरीज की हालत नहीं सुधरी तो डॉ. रजनीश कुमार के नेतृत्व में डॉक्टरों ने प्लास्मफेरेसिस करने का फैसला किया।

इस दुर्लभ केस के बारे में बताते हुए पारस अस्पताल, गुरुग्राम के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के हेड डॉ रजनीश कुमार ने कहा, 'हमने कई मिर्गी के मरीजों को गलत डायग्नोसिस या बेहतर इलाज की कमी के कारण अपनी जान गंवाते देखा है। जब इस मरीज में हमने देखा कि इन पर दवा का कोई असर नहीं हो रहा था तो हमने प्लास्मफेरेसिस करने का फैसला किया। प्लास्मफेरेसिस द्वारा मिर्गी के मरीजों को बचाए जाने के केवल 200 केसेस दुनिया भर में रिपोर्ट किए गए हैं, और यह डायलिसिस के जैसा ही काम करता है। सौभाग्य से परमजीत के लिए यह इलाज काम कर गया।

परमजीत को पहले कभी मिर्गी का दौरा नहीं पड़ा था और डॉक्टरों का मानना है कि यह एक ऑटोइम्यून स्थिति के कारण हुआ। पीड़ित को एक हफ्ते में तीन बार प्लास्मफेरेसिस सायकल दिए गए। इलाज ने उनके मस्तिष्क के कार्य के साथ-साथ उनके रेस्पिरेटरी सिस्टम अन्य अंगों में सुधार किया। 13 मई 2022 को स्वस्थ होने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। परमजीत ने इलाज के सफल होने पर डॉक्टरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'जब मुझे पारस अस्पताल ले जाया गया तो मैं बेहोश था। मेरे परिवार ने सारी उम्मीद छोड़ दी थी। डॉ. रजनीश की टीम के प्रयासों की बदौलत मैं आज जीवित हूं। मेरी जिन्दगी बचाने के लिए सबका धन्यवाद।'

# प्रसिद्ध वैज्ञानिक,प्रो. राकेश कुमार शर्मा ने (एसजीटी) विश्वविद्यालय में प्रो-चांसलर का पद संभाला

» मदरलैंड संवाददाता



गुरुग्राम। प्रसिद्ध वैज्ञानिक, एडमिनिस्ट्रेटर, अकैडमिशियन और शिक्षाविद प्रो. राकेश कुमार शर्मा ने बुधवार को श्री गुरु गोविंद सिंह त्रिशताब्दी (एसजीटी) विश्वविद्यालय में प्रो-चांसलर का पद संभाला है। वहीं प्रो. मदन चतुवेर्दी ने प्रोवोस्ट का कार्यभार संभाला है।

पद संभालने के साथ ही प्रो. शर्मा और प्रो. चतुवेर्दी ने एसजीटी विश्वविद्यालय के कुलपति ओपी कालरा, विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर, अलग-अलग संकाय के डीन, एडमिनिस्ट्रेटिव डिपार्टमेंट के सदस्य, डीन रिसर्च, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन, आईक्यूएसी और सीसीएसपी के प्रमुख, के साथ एक बैठक ली।

बैठक के बाद, प्रो-चांसलर के रूप में अपनी प्राथमिकताएं पर बात करते हुए प्रो. शर्मा ने कहा कि एसजीटी विश्वविद्यालय शिक्षा का गहरा सागर है जहां पर अकादमिक, क्लिनिकल और रिसर्च को लेकर काफी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में आजकल इनोवेशन को साथ जोड़ा गया है जिसके माध्यम से बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के साथ ही अच्छे पैकेज पर नौकरियां भी मिल रही है।

प्रो. शर्मा ने कहा कि एसजीटी विश्वविद्यालय की हर संकाय में वह खुद जाकर कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ग्रहण करेंगे और अगर उसमें कोई भी सुधार की आवश्यकता होगी तो वह तुरंत ही उस ओर कार्य करेंगे।

प्रो. राकेश कुमार शर्मा को लगभग 40 साल का अनुभव है। वह अपने कार्यकाल के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक, एडमिनिस्ट्रेटर, और शिक्षाविद रहे हैं। उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से फामेर्सी वही पी.एच.डी इन केमिस्ट्री दिल्ली यूनिवर्सिटी से की है। उन्होंने डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑगेर्नाइजेशन में वैज्ञानिक के तौर पर 35 साल से ज्यादा कार्य किया है।

एसजीटी विश्वविद्यालय में ज्वाइन करने से पहले प्रो. शर्मा सवीथा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज चेन्नई में वाइस चांसलर के पद पर रह चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बुलडोजर का डर दिखाकर दिल्ली की जनता को साधने में लगी है भाजपा



मदरलैंड संवाददाता, नई दिल्ली, भाजपा सरकार दिल्ली के लोगों को बुलडोजर का डर दिखा कर उसे अपने पक्ष में करने की रणनीति पर चल रही है। कई जगहों पर तोड़फोड़ का डर दिखाकर कार्यकताओं द्वारा उगाही भी किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में आम आदमी पार्टी इस बुलडोजर अभियान के खिलाफ जनता के बीच से भय का माहौल खत्म करने के लिए लोगों से मिलकर उनके बीच विश्वास पैदा करने में लगी हुई है। इसी कड़ी में देवली विधानसभा के विधायक प्रकाश जरवाल के दिशा निर्देश पर वार्ड संख्या 78 एस संगम विहार में बुलडोजर के खिलाफ प्रचार प्रसार किया गया। इस अभियान में वार्ड संख्या 78 के अध्यक्ष भीम नावरिया एवं आम आदमी पार्टी के नेता नरेश कुमार (बॉबी चौधरी) एवं कार्यकताओं ने जनता के बीच जाकर यह विश्वास दिलाया कि अगर भाजपा किसी तरह का बुलडोजर एक्शन लेती है तो उसकी सूचना तुरंत दी जाए और हम लोग उसमें जनता का पूर्ण सहयोग करेंगे। विधायक प्रकाश जरवाल ने अपने क्षेत्रवासियों को पूरा भरोसा दिलाया है कि वह भाजपा के बुलडोजर अभियान को क्षेत्र में नहीं चलने देंगे और जनता की हर तरह से रक्षा करेंगे।

### बुल्डोजर चलने से आप नेताओं का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है : राजन तिवारी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजन तिवारी ने कहा कि आप नेता दुर्गेश पाठक राजेन्द्र नगर में जिस तरह से रोहिंग्या-बांग्लादेशियों को बचाने के लिए नौटंकी कर रहे हैं, उसे दिल्लीवासी समझ चुके हैं। जब से निगम का बुल्डोजर चल रहा है तब से आप नेताओं ने रोहिंग्या-बांग्लादेशियों को बचाने के लिए दिल्लावालों के अंदर भ्रम पैदा कर रहे हैं। खुद आम आदमी पार्टी के विधायक और उनके कार्यकर्ता आम जनता के बीच जाकर लोगों को डरा रहे हैं कि भाजपा आपका घर गिरा देगी इसलिए आप हमारे विधाकों को पैसे दे दो, हम आपका घर नहीं गिरने देंगे। उन्होंने कहा कि निगम का बुल्डोजर चलने से दुर्गेश पाठक सहित आप नेताओं की मानसिक स्थिति खराब हो गई है और इसलिए वे बेतुकी बोल रहे हैं। तिवारी ने कहा कि दुर्गेश पाठक कह रहे हैं कि अगर पिछले सात से आठ दिन पहले का कोई निर्माण हो, सिर्फ उसी को अवैध अतिक्रमण कहते हैं। दुर्गेश पाठक को अवैध अतिक्रमण की सच्चाई तक नहीं पता है फिर भी वे इसके खिलाफ खड़े हैं। दरअसल सच्चाई यही है कि इनको दिल्लीवासियों से कोई हमदर्दी नहीं है। बल्कि दिल्लीवालों के अंदर डर पैदा कर सिर्फ रोहिंग्या बांग्लादेशियों को बचाकर अपना वोट बैंक बना रहे हैं।

# केजरीवाल दिल्ली के दर्जनों भ्रष्टाचारी नेताओं को संरक्षण दे रहे हैं :आदेश गुप्ता



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि पिछले सात सालों से दिल्ली में ड्रामा करने के बाद अब केजरीवाल पंजाब के लोगों के साथ भी ड्रामा करना शुरू कर दिए हैं। भगवंत मान सरकार को रिमोट कंट्रोल खुद के हाथों में रखकर केजरीवाल कह रहे हैं कि जब उन्हें भगवंत मान सरकार के फैसले के बारे में पता चला तो उनके आंखों में आसूं आ गए। जबकि हकीकत ये है कि भगवंत मान सिर्फ एक कठपुतली हैं जो केजरीवाल के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल पंजाब के फैसले पर आंसू बहाने की नौटंकी कर रहे हैं लेकिन अपने चहेते मंत्री सत्येन्द्र जैन, कैलाश गहलोत और भ्रष्टाचार में लिप्त दर्जनों आप नेताओं को संरक्षण देने का काम खुद केजरीवाल कर रहे हैं। पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले केजरीवाल दिल्ली में भ्रष्टाचार में लिप्त नेताओं पर कार्रवाई कब करेंगे। जिस तरह से कल प्रेस कांफ्रेंस कर अरविंद केजरीवाल ने नौटंकी किया उसकी हकीकत कुछ और ही है।

श्री गुप्ता ने दो ट्वीट का हवाला देते हुए कहा कि पहले भगवंत मान ने दोपहर 2:18 बजे ट्वीट किया जिसमें उन्होंने 5.43 मीनट की वीडियो डालकर अपनी फर्जी ईमानदार सरकार का बखान कर रहे थे और ठीक इसके तीन मिनट बाद ही यानि दोपहर 2.21 मिनट पर अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि भगवंत मान द्वारा लिए गए फैसले ने मेरे आंखों में आसू ला दिए। श्री गुप्ता ने कहा कि सिर्फ तीन मीनट के अंदर लगभग छह मीनट लंबी वीडियो देखने की कला सिर्फ अरविंद केजरीवाल के अंदर ही हैं। स्क्रिप्टेड कहानी पर किस तरह से नौटंकी करना है और आसूं बहाकर लोगों को दिलासा देना सिर्फ केजरीवाल को ही आता है और वह आम आदमी पार्टी के जन्म से ही यह करते रहे हैं।

श्री गुप्ता ने कहा कि पिछले सात सालों से दिल्ली की जनता को गुमराह करने वाले केजरीवाल ने एक बार फिर से बता दिया है कि पंजाब में भले ही भगवंत मान मुख्यमंत्री हैं लेकिन उसका कंट्रोल केजरीवाल के हाथों में ही हैं। केजरीवाल ने पंजाब में आप सरकार बनने के बाद पहले पंजाब पुलिस को अपने व्यक्तिगत फायदें के लिए प्रयोग किया और अब मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी अपने इशारों पर नचा रहे हैं। यह पंजाब की जनता के साथ छलावा है और भगवंत मान ऐसे मुख्यमंत्री बन चुके हैं जिनके पास खुद से निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। ऐसे में ऐसी सरकार पंजाब के लोगों की हितों से ज्यादा दिल्ली में बैठे अपने आंकाओं के हितों का अधिक ध्यान रखने वाली है।

# गौमाता के संकट निवारण हेतु उपमुख्यमंत्री से मिले स्वामी श्याम जी महाराज

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर, मदरलैंड संवाददाता

राष्ट्रीय गौरक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्याम जी महाराज आने वाले संकट का आंकलन करते हुए उपमुख्यमंत्री माननीय ब्रजेश पाठक जी से मिलकर आवश्यक वार्ता की उन्होंने कहा आने वाले समय में गौवंश के भोजन का संकट होगा इस समस्या के समाधान हेतु 30 रु प्रतिदिन प्रति गौवंश के भरण पोषण को वढाकर 70 रु एवं उ प्र की चरागाह भूमि सरकारी गौशालाओं में जोड़ी जाय तथा राज्य वित्त आयोग जनपदों में शासनादेश के अनुसार सरकारी गौशालाओं अपना सहयोग वरावर वनाए रखें प्रदेश अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने एक देते हुए कहा राष्ट्रीय गौरक्षक दल उ प्र में सक्रियता से कार्य कर रहा है उन्होंने राष्ट्रीय गौरक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्याम जी महाराज को गौसेवा आयोग का सदस्य मनोनीत किए जाने का अनुरोध किया है और पत्र भी सौंपा उपमुख्यमंत्री माननीय ब्रजेश पाठक जी ने पूरा आस्वासन दिया है इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, प्रदेश गौरक्षा प्रमुख मनोज पाण्डेय, प्रदेश महासचिव विनोद मिश्र, लखनऊ मंडल अध्यक्ष पारिशा तिवारी, मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष डॉ गीता शर्मा, जिला अध्यक्ष चौधरी राज वहादुर सिंह साथ रहें।



# इतिहास के गौरवमयी क्षणों की अनुभूति कराता है प्रधानमंत्री संग्रहालय: शाह



नयी दिल्ली, एजेंसी। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को यहां स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय देखने गए। संग्रहालय देखने के बाद श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री संग्रहालय भारत के इतिहास के गौरवमई क्षणों की अनुभूति कराता है। श्री शाह ने श्रृंखलाबद्ध ट्वीट् में कहा,'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सभी प्रधानमंत्रियों के योगदान का सम्मान करते हुए 'प्रधानमंत्री संग्रहालय' की स्थापना की। जिसके माध्यम से देशवासी हमारे सभी प्रधानमंत्रियों द्वारा देश की सुरक्षा, एकता और विकास में उनके योगदान को जान पायेंगे। आज इस अद्भुत संग्रहालय में जाने का अवसर मिला।'

उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री संग्रहालय स्वतंत्र भारत के इतिहास को चिरस्मरणीय बनाने का एक अद्भुत प्रयास है। यहाँ आकर आप इतिहास के कई गौरवमयी क्षणों की अनुभूति करने के साथ उन्हें और करीब से जान पाएंगे। मैं सभी देशवासियों से विशेषकर युवाओं से आग्रह करता हूँ कि एक बार इस संग्रहालय में अवश्य आयें।'

श्री शाह ने कहा,'यह संग्रहालय राजनीतिक विचारधारा से परे सभी प्रधानमंत्रियों की उपलब्धियों व योगदानों के दस्तावेजीकरण का एक सराहनीय प्रयास है। इसके माध्यम से मोदीजी ने 'प्रधानमंत्री पद' जो एक संस्थान है उसका गौरव बढ़ाने का काम किया है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देता हूँ।' श्री शाह के साथ उनकी पत्नी भी संग्रहालय देखने गई थी।

# 2 ग्राम सोने की खरीद-बिक्री पर सरकार की नजर

## सम्पत्ति के मौलिक अधिकार को सीमित बनाया सरकार ने



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में सोना खरीदने एवं बेचने के लिए सरकार ने हालमार्क के जरिए 2021 का जो कानून लागू किया है। उसके अनुसार अब सोने में निवेश करने वालों को 2016 के कानून की शर्तों का पालन करना होगा। नियमों का उल्लंघन होने पर सरकार को सोना जप्त करने अथवा कर वसूलने का अधिकार होगा। सरकार ने संविधान में सम्पत्ति का मौलिक अधिकर होने के बाद भी नवम्बर 2016 को एवं 2021 में जो हालमार्क कानून लागू किए हैं उसमें सोने को लेकर अधिकार सीमित कर दिए गए हैं। इससे सोने का निवेश भारत में आसान नहीं रहा। नए कानून के अनुसार 2014-15 तक जो भी पुस्तैनी सोना या स्त्रीधन है इसे सावित करना अनिवार्य किया गया है। पुस्तैनी सोना बताने बाप-दादा के दास्तावेज, सुनार या रिश्तेदार की रसीद, जब सोना खरीदा गया है इसकी रसीद प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है।

सोने की लिमिट फिक्स

2016 के बीआईएस एक्ट के तहत सोना रखने का अधिकार सीमित किया गया है। विवाहित स्त्री अधिकतम 500 ग्राम, विवाहित पुरुष 250 ग्राम अविवाहित युवा 100 ग्राम सोना ही अपने पास रख पाएंगे। इससे ज्यादा सोना होने पर पंजीयन अनिवार्य किया गया है। पंजीयन नहीं कराने पर 1 साल की सजा और 1 लाख रुपए तक के जुमार्ने का प्रावधान सेक्शन 29 के तहत है।

- दो ग्राम से अधिक सोने का रिकार्ड

2021 के हालमार्क कानून में 2 ग्राम से ज्यादा सोने की खरीद-बिक्री पर हालमार्क की साइट पर पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। अब सोने की खरीद-बिक्री हालमार्क लाइसेंस जिनके पास है उनसे खरीदे गए सोने को ही सरकारी रिकार्ड में मान्य होगा। 2 ग्राम से अधिक सोना खरीदने पर जेवर की फोटो, आभूषण की शुद्धता, आधार नं. एवं क्रेता का नाम दर्ज होगा। आभूषण की खरीद-बिक्री पर रिकार्ड बनता चला जाएगा। निवेश को छुपाना आसान नहीं होगा।

# पीएम मोदी ने जो बाइडन, किशिदा और अल्बनीज को गिफ्ट में दी सांझी कलाकृति, गोंड और रोगन पेंटिंग



टोक्यो, एजेंसी। पीएम मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को सांझी आर्ट का तोहफा दिया। सांझी एक कला, पेपर पर हैंडकटिंग है, ये उत्तर प्रदेश में मथुरा की एक विशिष्ट कला रूप है, जो भगवान कृष्ण का पौराणिक घर है। परंपरागत रूप से भगवान कृष्ण की कहानियों के रूपांकन स्टेंसिल में बनाए जाते हैं। इन स्टेंसिल को कैंची या ब्लेड से फ्री हैंड काटा जाता है। नाजुक सांझी को अक्सर कागज की पतली चादरों द्वारा एक साथ रखा जाता है। ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज को पीएम मोदी ने गोंड आर्ट पेंटिंग गिफ्ट की। गोंड पेंटिंग सबसे प्रशंसित आदिवासी कला रूपों में से एक है। ह्यगोंडह्न शब्द ह्यकोंडह्न शब्द से बना है जिसका अर्थ है ह्यहरा पहाड़ह्न।

डॉट्स और लाइनों द्वारा बनाई गई ये पेंटिंग, गोंडों की दीवारों और फर्शों पर सचित्र कला का एक हिस्सा रही हैं। यह स्थानीय रूप से उपलब्ध प्राकृतिक रंगों और सामग्री जैसे लकड़ी का कोयला, रंगीन के साथ प्रत्येक घर के निर्माण और पुनर्निर्माण के साथ किया जाता है, मिट्टी, पौधे का रस, पत्ते, गाय का गोबर, चूना पत्थर पाउडर। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को प्रधानमंत्री मोदी ने रोगन पेंटिंग के साथ लकड़ी के हस्तनिर्मित बॉक्स भेंट किए।यह कला वस्तु दो अलग-अलग कलाओं का एक संयोजन है- रोगन पेंटिंग और लकड़ी के हाथ की नक्काशी। रोगन पेंटिंग गुजरात के कच्छ जिले में प्रचलित कपड़ा छपाई की एक कला है।

इस शिल्प में, उबले हुए तेल और वनस्पति रंगों से बने पेंट को धातु के ब्लॉक (प्रिंटिंग) या स्टाइलस (पेंटिंग) का उपयोग करके कपड़े पर बिछाया जाता है। 20 वीं शताब्दी के अंत में शिल्प लगभग समाप्त हो गया, केवल एक परिवार द्वारा रोगन पेंटिंग का अभ्यास किया जा रहा था। रोगन शब्द फारसी से आया है, जिसका अर्थ है वार्निश या तेल। रोगन पेंटिंग बनाने की प्रक्रिया बहुत श्रमसाध्य है।

# इलेक्ट्रिक वाहनों को जार्च करने में वक्त नहीं होगा बर्बाद, बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों पर मिनटों में होगी बैटरी की अदला-बदली : सत्येंद्र जैन

नई दिल्ली, एजेंसी।केजरीवाल सरकार दिल्ली को इलेक्ट्रिक वाहनों की राजधानी बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। इलेक्ट्रिक वीइकल इंफ्रास्ट्रक्चर को काफी मजबूत किया जा रहा है। ई-वीइकल की बैटरी खत्म होने पर उसे री-चार्ज करने में वक्त की बबार्दी ना हो, साथ ही रिचार्ज प्रक्रिया आसान हो, इसके लिए दिल्ली सरकार की ओर से पटपड़गंज, बवाना इंडस्ट्रियल एरिया सेक्टर-5 और नरेला सेक्टर-बी में इलेक्ट्रिक वीइकल चार्जिंग और बैटरी स्वैपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इसका मुख्य उद्देश्य ई-वीइकल की डिस्चार्ज बैटरी को बदलकर पूरी तरह चार्ज बैटरी लगाने की व्यवस्था को आसान बनाना है। यह निर्णय बुधवार को दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन की बोर्ड बैठक में लिया गया। इस मौके पर उद्योग मंत्री सत्येद्र जैन ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहन ही हमारा भविष्य हैं क्योंकि इससे हम प्रदूषण मुक्त दिल्ली बना सकते हैं। इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों को चार्जिंग में दिक्कत न आए इसके लिए दिल्ली में तीन स्थानों पर चार्जिंग व बैटरी स्वैपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके लिए डीएसआईआईडीसी ने जगह चिंहित कर ली गई है और चार्जिंग और बैटरी स्वैपिंग स्टेशन के इंस्टालेशन की जिम्मेदारी डीटीएल को सौंपी है।

-दिल्ली सरकार चार्जिंग व बैटरी स्वैपिंग स्टेशन के इंस्टालेशन पर दे रही जोर

उद्योग मंत्री सत्येद्र जैन ने कहा कि दिल्ली को इलेक्ट्रिक गाड़ियों की राजधानी बनाने के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विजन को साकार करने के लिए शहर में तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। दिल्ली में बड़ी संख्या में लोग इलेक्ट्रिक बाइक व कार खरीद भी रहे हैं। हालांकि, कई बार लोगों को इन गाड़ियों की चार्जिंग को लेकर संशय बना रहता है कि इलेक्ट्रिक वाहनों से दूर के सफर का रिस्क नहीं लिया जा सकता है। यही उनके सामने सबसे बड़ी समस्या रहती है कि वो अपनी गाड़ी को चार्ज कहां और कैसे करेंगे। ऐसे में लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार चार्जिंग व बैटरी स्वैपिंग स्टेशन के इंस्टालेशन पर जोर दे रही है। इनके इनस्टॉल होने के बाद ये लोकेशन अपनी रियल टाइम स्थिति और चार्जिंग पॉइंट की उपलब्धता के साथ दिल्ली सरकार के वन दिल्ली ऐप पर भी उपलब्ध होंगी। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहन चलाना लोगों के लिए बिना झंझट का काम होगा। जिस तरह आज हर जगह पेट्रोल पंप दिखते हैं, उसी तरह आने वाले समय में हर जगह ईवी चार्जिंग सेंटर व स्वैपिंग स्टेशन भी दिखेंगे।

यहां बनेंगे ई-चार्जिंग व बैटरी स्वैपिंग स्टेशन*

1. पटपरगंज (किया मोटर्स के पास)

2.भवाना इंडस्ट्रियल एरिया सेक्टर-5

3. नरेला सेक्टर-बी

बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों पर मिनटों में होगी बैटरी की अदला-बदली*

बता दें, केजरीवाल सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन नीति को 7 अगस्त, 2020 को दिल्ली में देश की इलेक्ट्रिक वाहन राजधानी बनाने की दृष्टि से लागू किया गया था। इस नीति का मुख्य लक्ष्य विभिन्न खंडों में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की गति में तेजी लाना है। केजरीवाल सरकार की ओर से इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर सब्सिडी भी दी गई है। उद्योग मंत्री सत्येंद्र जैन ने बताया कि इलेक्ट्रिक वीइकल पॉलिसी में ईवी चार्जिंग के साथ-साथ बैटरी स्वैपिंग को समान रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है। पटपड़गंज, बवाना इंडस्ट्रियल एरिया सेक्टर-5 और नरेला सेक्टर-बी में बनने वाले इलेक्ट्रिक वीइकल चार्जिंग व बैटरी स्वैपिंग स्टेशन दिल्लीवालों के वाहनों की चार्जिंग की जरूरतों को पूरा करेंगे। इससे क्षेत्र के लोगों में भी इलेक्ट्रिक वाहन के उपयोग की प्रवृति बढ़ेगी और इंडस्ट्रियल एरिया में प्रदूषण से राहत मिलेगी। ये सेंटर काफी आधुनिक होंगे, जहां वाहनों को चार्ज करने और बैटरी स्वैप करने की सुविधा भी मिलेगी। यहां मिनटों के भीतर इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी की अदला बदली की जा सकेगी।

संक्षिप्त समाचार

## सफाई व्यवस्था लडखड़ाई



मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। निकाय चुनाव की वजह से निकाय कर्मियों ने 22 जून तक अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल तो समाप्त कर दी हैं। इससे नपा प्रशासन ने राहत की सांस ली हैं। लेकिन हड़ताल से पूर्व जिला की लडखड़ा रही सफाई व्यवस्था खासकर सीवरेज जाम होने से जगह- जगह हो रहे भराव से पनप रहे कटीले मच्छरों से लोग हल्कान हैं। इससे वायरल ,मलेरिया,डेंगू व प्लेटसलेटस कम आदि बीमारियों को बल मिल रहा है। जिला की नगर परिषद नूंह के अलावा फिरोजपुर झिरका, तावडू व पुन्हाना नगरपालिका प्रशासन पहले से ही स्टाफ अभाव से पहले से ही बेलगाम हैं। विनोद कुमार, राहुल सिंगला, संजय कुमार, जयप्रकाश, जैकी, साहिल, महेन्द्र जैन, कपिल कुमार आदि ने बताया कि नगर परिषद व पालिका कर्मचारियों की 2 दिन की हड़ताल में ही शहरी क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का जनाजा निकल गया जिसके कारण जगह-जगह गंदगी के ढेर लगने से बीमारियां फैलने लगी और लोग खासे परेशान हो गए। इस बारे में नगर परिषद कार्यवाहक कार्यकारी अधिकारी से सम्पर्क करने पर बताया गया कि उनके पास यहां का अतिरिक्त तौर से पदभार हैं और वह अभी पहुंचे नहीं हैं।

## भारत बंद का बस्ती में आंशिक असर, राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने वाले मोर्चा नेता हिरासत में, रिहा

बस्ती, एजेंसी। बुधवार को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर 10 सूत्रीय मांगो को लेकर आयोजित भारत बंद का बस्ती में भी आंशिक असर रहा। मोर्चा अध्यक्ष राम सुमेर यादव के नेतृत्व में लोगों ने मूडघाट के निकट लगभग दो घंटे तक नारेबाजी करते हुये राष्ट्रीय राज मार्ग जाम कर दिया। आन्दोलित लोग जातीय आधार पर जनगणना कराने, ईवीएम से चुनाव बंद कराने, सीए, एनआरसी बंद करने, कर्मचारियों की पुरानी पेंशन नीति बहाल किये जाने सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आन्दोलित थे। जाम के कारण यातायात बाधित होने की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मौके से 14 प्रमुख नेताओं को हिरासत में ले लिया। बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। गिरफ्तारी देने वालों में बीएमपी के मण्डल प्रभारी हृदय गौतम, बुद्धप्रिय पासवान, शिवमूरत पासवान, आर.के. आरतियन,मेवा लाल चौहान, सुग्रीव चौधरी, राकेश कुमार, बुद्धेश राना, आर.के. गौतम, रामदरस, राजेन्द्र, संजय कुमार, दयानिधि आनन्द के साथ ही आन्दोलन में राम दुलारे गौतम, मेहीलाल, किसमता गौतम आदि शामिल रहे।

## एक्सप्रेस-वे पर वाहन पलटने से लगी आग में दो जिंदा जले

गाजियाबाद, एजेंसी। जिले के मसूरी थाना क्षेत्र में मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर मारुति वैन पलट गई। इससे कार में आग लग गई। इस हादसे में एक महिला-पुरुष की जलकर मौत हो गई है। चार लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस मौके पर है। फायर फाइटर्स ने फिलहाल आग पर काबू पा लिया है। जानकारी के मुताबिक यह हादसा मसूरी थाना क्षेत्र में नूरपुर रेस्ट एरिया के नजदीक हुआ है। बताया जाता है कि एक मारुति वैन मेरठ से गाजियाबाद की तरफ जा रही थी। अचानक वह अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस-वे पर पलट गई। कार में कुछ छह लोग सवार बताए गए, जो जख्मी हो गए। इसमें एक महिला-पुरुष बेहोश हो गए। इसी दौरान कार में आग लग गई। महिला-पुरुष बाहर नहीं निकल पाए। उनकी जलकर मौत हो गई। वहीं, एक्सप्रेस-वे से गुजर रहे लोगों ने रुककर मारुति वैन में सवार अन्य लोगों को बचा लिया। हालांकि वे भी चोटिल और झुलसे हैं। सूचना पर मसूरी थाना पुलिस पहुंची। तत्काल चारों घायलों को नजदीकी हॉस्पिटल ले जाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया, आग बुझा ली गई है। प्राथमिक इलाज के बाद घायलों से पूछताछ की जाएगी। इसके बाद पता चलेगा कि वे कौन हैं, कहां से कहां जा रहे थे और हादसा कैसे हुआ।

## राशन कार्ड धारकों से वसूली के विरोध में सड़कों पर उतरी कांग्रेस

लखनऊ, एजेंसी। राशन पाने वाले आम आदमी से अपात्रों के नाम पर वसूली के खिलाफ बुधवार को प्रदेश कांग्रेस ने राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी ने दावा किया है कि इस दौरान कई जनपदों में कांग्रेस कार्यकताओं की प्रशासन से झड़प भी हुई। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता और डिजिटल मीडिया संयोजक अंशू अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने जनपद मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और ज्ञापन देकर इस तानाशाही के फैसले को निरस्त करने की मांग की।

# अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। डॉ.भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय औडन्य पडरिया मैनपुरी में प्राचार्य डॉ. पुष्पा कश्यप के मार्गदर्शन में आजादी का अमृत महोत्सव तथा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु विश्व थायराइड दिवस के अवसर पर विषय- 'मानव स्वास्थ्य और थायराइड का महत्व महिलाओं के विशेष संदर्भ में' कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ. पुष्पा कश्यप ने कहा कि थायराइड संबंधी रोगों से बचाव एवं लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व थायराइड दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य थायराइड के महत्व एवं रोग के रोकथाम व उपचार के बारे में लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि अच्छा खान-पान ना होना, तनावपूर्ण जीवन जीना, अनियमित दिनचर्या, थायराइड बढ़ने का प्रमुख कारण है। विशेष तौर से पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में यह समस्या ज्यादा होती है। इसके उपचार हेतु लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश यादव ने कहा कि 25 मई विश्व थायराइड दिवस पर महत्त्व एवं बचाव हेतु सभी अपने दैनिक जीवन में अच्छा खानपान जैसे हरी पत्तेदार सब्जी, दूध, फल, प्रोटीन, विटामिंस, काबोर्हाइड्रेट आदि का उचित मात्रा में प्रयोग करें तथा योग, व्यायाम के माध्यम से थायराइड से बचाव हो सकता है। श्री वेद प्रकाश सिंह ने थायराइड के महत्व उपयोगिता तथा बचाव हेतु विस्तार से प्रकाश डाला।प्राध्यापकों ने अपने वक्तव्य के माध्यम से थायराइड के महत्व एवं उसके उपचार पर छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए बचाव हेतु प्रेरित किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि तनावपूर्ण जीवन, हार्मोन की सक्रियता में असर डालता है। यह आयोडीन की कमी की वजह से होता है। नियमित जांच करते रहना चाहिए, जिससे कि सही उपचार हो सके। इस अवसर पर डॉ. एस पी सिंह,श्री वेद प्रकाश सिंह, कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश यादव श्री जगजीवन राम,श्री प्रमोद कुमार ,श्री विजय आनंद गौतम ,डॉक्टर गीता देवी विजेंद्र कुमार शिवनंदन सिंह यादव अजीत एवं छात्र छात्रा, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश यादव ने किया।

## एन.सी.सी. जूनियर डिवीजन के नये बैच के फाइनल चरण की चयन प्रक्रिया पूर्ण



» अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। कुरावली रोड स्थित डॉ0 किरन सौजिया सीनियर सेकेंड्री एकेडमी में नए सत्र 2022-23 से एन.सी.सी. जूनियर डिवीजन के नये बैच के चयन की प्रक्रिया का फाइनल चरण बुधवार को पूर्ण हुआ। इस दौरान एन.सी.सी. अधिकारियों की देखरेख में फिजिकल, मेडिकल लिखित परीक्षा से छात्र-छात्राओं का चयन कैडेट्स के रूप में किया गया। बुधवार को सूबेदार मेजर प्रकाश चन्द्र की देखरेख में बटालियन बीएचएम सुरेन्द्र सिंह, एचएवी आकाश रजौली, बटालियन से आए हुये अधिकारियों तथा ।छ० प्रदीप यादव के सहयोग से फाइनल चरण की चयन प्रक्रिया पूर्ण हुई। जो विद्यार्थी चयनित हो चुके हैं उन्हें अभी चयन प्रक्रिया के फाइनल मेरिट लिस्ट से गुजरना होगा। विद्यालय में जूनियर डिवीजन एन.सी.सी. का पांचवा सत्र शुरू होने जा रहा है। तथा सीनियर डिवीजन का तीसरा सत्र शुरू होगा। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ अशोक यादव, वाइस प्रेसीडेंट डॉ0 किरन सौजिया सहित प्रबंध निदेशक देवकी नंदन खारिया, एजूकेशनल डायरेक्टर डॉ0 प्रशान्त, प्रधानाचार्य गौरी एस, स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने देश के युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## दो दिन लगातार हुई बारिश के बाद खेत खलिहान का काम चल निकला, बीज की दुकानों पर किसान उमड़े

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। जिला के तावडू व नूंह क्षेत्र में दो दिन लगातार हुई बारिश के बाद खेत खलिहान का काम चल निकला हैं। खासकर नूंह, तावडू इलाके के किसान खरीफ फसलों की बिजाई में जुट गए हैं। हांलाकि, कृषि विभाग ने सलाह दी है कि किसान अभी खरीफ फसलों की बिजाई न करें और साथ ही कहा कि है कि वह इसके लिए भूमि अवश्य तैयार कर सकते हैं लेकिन किसान आगे बारिश खिंचाव को लेकर चिंतित हैं। इसी वजह से वह बिजाई में जुट गए हैं।

आस मोहम्मद, नूरू, जमशेद,उसमान, इलियास, जान मोहम्मद, सरीफ, रमेश, राजेन्द्र सिंह, लीलू, घनश्याम, पूरनसिंह, गिरिराज व धोलू आदि ने बताया कि दो दिन हुई बारिश के बाद वह बीज की दुकानों पर पहुंचकर खरीफ फसलों की बीज खरीद रहे हैं और खेतों में बिजाई के लिए जुट गए हैं। उन्होंने बताया कि भूमि में नमी है और अभी से ही बीज डालकर खरीफ की फसल में जुट गए हैं। इस बारे में उप मण्डल कृषि अधिकारी डा0 अजीत सिंह ने बुधवार सांय कहा कि जिला के तावडू, नूंह इलाकों में लगातार दो रोज मई माह में हुई बारिश के बाद वह खरीफ फसलों की तैयारियों में जुट गए हैं। उन्होंने बताया कि नूंह, तावडू इलाके के किसान आगे बारिश खिंचाव की बात को लेकर अभी से ही बिजाई कर रहा है। उन्होंने किसानों से अपील कर कहा कि वह खरीफ फसलों की बिजाई में जल्दबाजी ना करें।

## उपायुक्त ने किया कोटला झील का निरीक्षण, 108 एकड़ जमीन में से 77 एकड़ भूमि को खोदकर और गहरा झील बना दिया गया है

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। जिला उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि नूंह जिले की तकदीर व तस्वीर बदलने वाली कोटला झील का विकास जल्द कराया जाएगा। इसके विकास में जो अड़चन थी, वह अब दूर हो चुकी है। जल्द ही टेक्निकल कमेटी गठित कर इसके विस्तार पर काम शुरू किया जाएगा। उपायुक्त अजय कुमार कोटला झील का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेवात के विकास को लेकर जिला प्रशासन गंभीरता से कार्य में जुटा हुआ है।

उपायुक्त अजय कुमार ने कोटला झील के निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों के विचार-विमर्श भी किया और उन्हें झील के विकास संबंधी दिशा निर्देश भी दिए।

उन्होंने बताया कि नूंह जिले में कोटला झील के नाम से एक अरावली की पहाड़ी के साथ बड़ी झील है। यह झील करीब दो हजार एकड़ में बताई जाती है। लंबे समय से इसे विकसित करने की मांग चल रही थी, ताकि यहां एक बेहतर पर्यटन स्थल, मछली उत्पादन या फिर पेयजल व सिंचाई जैसी जरूरतों को पूरा किया जा सके। वर्तमान सरकार ने पहला कार्यभार संभालते ही योजना को आगे बढ़ाते हुए मुआवजा दिया और इसको करीब एक सौ आठ एकड़ में विकसित करने के लिए करोड़ों का मुआवजा किसानों को आवंटित किया।

.उपायुक्त ने बताया कि 108 एकड़ जमीन में से 77 एकड़ भूमि को खोदकर और गहरा झील बना दिया गया है। ये बांध ऊपर से इतना चौड़ा बनाया गया है कि इस पर आसानी से सडक बनाकर वाहनों का आवागमन हो सकता है तो बराबर में हट व बैच लगाकर झील का आनंद लिया जा सकता है। खास बात यह है कि यह झील ऐसी है जिसके ओवरफ्लो होने पर पानी को पंप हाउस के जरिये पलवल जिले से गुजरने वाली जमुना में डाला जा सकता है तो वहां से पानी को वापिस झील में लाया भी जा सकता है।

उपायुक्त ने बताया कि यह परियोजना जिले के जीवन रेखा से जुड़ी हुई है। झील विकसित होती है तो यहां पर्यटन स्थल, पेजयल, सिंचाई सहित मछली उत्पादन का बड़े स्तर पर काम हो सकता है। यहां जो रुकावट थी उसे दूर करा दिया गया है। जल्द ही एक तकनीकी कमेटी का गठन कर इसे कितना और किस तरह से बढ़ाया जा सकता है उस पर कार्यवाही की जाएगी। झील का विस्तार होने से वो जमीन भी काश्त हो सकेगी, जिस पर पानी भरा हुआ होता है।

## केएमपी पर दो अलग-अलग सडक दुर्घटना में 2 श्रद्धालूओं सहित 4 की मौत, आधा दर्जनभर घायल

» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। जिला से गुजर रहे कुण्डली-मानेसर-पलवल(केएमपी) एक्सप्रैस- वे पर दो अलग-अलग भीषण सडक हादसा में 2 श्रद्धालूओं सहित 4 की मौत व करीब आधा दर्जन के घायल होने का समाचार प्राप्त हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर घायलों को उपचार के लिए तावडू व भिवाड़ी के विभिन्न अस्पतालों में भिजवाकर आगे कार्रवाई में जुट गई। एक घायल की हालात चिंताजनक बनी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक पावर निवासी रतलाम(मध्यप्रदेश) ने जानकारी दी कि उनके परिजन पिकअप गाडी में सवार होकर खाटू श्याम(राजस्थान) दर्शन करने के बाद लौट रहे थे कि केएमपी पर तावडू खण्ड के गांव डींगरहेडी के पास बुधवार सुबह आगे चल रहे एक ट्राला ने अचानक ब्रैक लगा लिया जिससे उनकी गाड़ी असंतुलित होकर ट्राला से टकरा गई जिससे प्रकाश उम्र 43 साल निवासी ख्वासा रतलाम(मध्यप्रदेश), बदरीप्रसाद निवासी त्रिमूर्ति नगर रतलाम की मौत हो गई, 4 -5 महिलाओं सहित 8 गंभीर रूप से घायल हो गए ,घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भिजवाकर कार्रवाई में जुट गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे शुरू कर दी। इस मामलें का आरोपी फरार हैं। इस बारे में तावडू सदर थाना के एसआई राजेन्द्र सिंह ने माना कि केएमपी एक्सप्रैवे पर हुए सडक हादसे में रतलाम निवासी दो की मौत व 8 घायल हो गए हैं, घायलों का तावडू,भिवाडी अस्पताल में उपचाराधीन हैं और साथ ही कहा कि अज्ञात ट्राला के खिलाफ मामला दर्ज कर शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

वहीं,दूसरी तरफ केएमपी एक्सप्रैस-वे पर गांव कलवाड़ी(तावडू) मंदिर के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के अज्ञात चालक ने लापरवाही से बाईक को चपेट में ले लिया। घटना से खालिद पुत्र नसीम , नसीम पुत्र मोहम्मद बक्स निवासियान मांडीखेडा जिला नूंह की मौत हो गई। दोनो मृतक पिता -पुत्र हैं। पुलिस के मुख्य सिपाही अशोक कुमार ने बुधवार सांय माना कि केएमपी कलवाडी मंदिर के समीप एक तेज रफ्तार वाहन के लापरवाह अज्ञात चालक ने बाईक को अपनी चपेट में लेने से पिता -पुत्र की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों का पोस्टमार्टम कराके वारसान को सौंप दिया।

## भाजपा नेत्री ने जहर खाकर दी जान




शाहजहांपुर, एजेंसी। जिले में पिटाई से क्षुब्ध एक भाजपा नेत्री ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले भाजपा नेत्री का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह पिटाई का आरोप एक मेडिकल स्टोर संचालक और आशा वर्कर पर लगा रही है। भाजपा नेत्री के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त विवरण के मुताबिक मामला सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला तारीन टिकली का है। मोहल्ले की निवासी ममता तिवारी भाजपा की सदर मंडल की कार्यकारिणी सदस्य एवं राष्ट्रीय गौ रक्षक दल की सक्रिय कार्यकर्ता हैं। मंगलवार रात ममता राजकीय मेडिकल कॉलेज के ठीक सामने एक मेडिकल स्टोर पर एक्सपायरी दवा बदलने गई थीं। वहां किसी बात को लेकर ममता का मेडिकल स्टोर संचालक से विवाद हो गया। इस दौरान मेडिकल स्टोर संचालक और वहां मौजूद आशा वर्कर ने जमकर पिटाई कर दी। वहां मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर ममता को झुड़ाया। घर पहुंचने पर ममता ने पिटाई से क्षुब्ध होकर जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने ममता को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। ममता ने वहां अपना एक वीडियो बनाया। जिसमें कहा, उसके साथ रामजी और अनीता ने मारपीट की है। जिससे तंग होकर जहर खाया है। वहीं बुधवार सुबह इलाज के दौरान ममता की मौत हो गई। जानकारी होने पर राष्ट्रीय गौ रक्षक दल के सदस्य थाने पहुंच गए। राष्ट्रीय गौ रक्षक दल के राष्ट्रीय महामंत्री थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। साथ ही पुलिस को वीडियो भी सौंपा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी सिटी संजय कुमार ने बताया, महिला ने जहर खाकर जान दी है। वायरल विडियो की भी जांच की जाएगी।

# ज्ञानवापी परिसर हिंदू पक्ष को सौंपने समेत तीन मांगों पर सुनवाई अब फास्ट ट्रैक कोर्ट में, 30 मई को होगी सुनवाई



वाराणसी, एजेंसी। ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने और पूजा-पाठ की मांग के साथ ही इसमें मुस्लिम पक्ष के प्रवेश पर रोक की मांग को लेकर दायर वाद पर सुनवाई अब फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी। बुधवार को सुनवाई के पहले ही डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश ने मामले को सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में ट्रांसफर कर दिया। इस पर फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुनवाई किए बगैर ही अगली तारीख 30 मई नियत कर दी।

विदित हो कि इस मामले की सुनवाई आज सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि कुमार दिवाकर की अदालत में होनी थी। भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान के लिए दाखिल यह मुकदमा विश्व वैदिक सनातन संघ के प्रमुख जितेंद्र सिंह बिसेन की पत्नी किरण सिंह की ओर से दाखिल किया गया है। विश्व वैदिक सनातन संघ की अंतरराष्ट्रीय महामंत्री किरण सिंह गोंडा जिले की बीरपुर बिसेन की निवासी हैं। ज्ञानवापी परिसर हिंदू पक्ष को सौंपने और वादी गण को ज्ञानवापी में तत्काल प्रभाव से पूजा-पाठ, राग भोग दर्शन की मांग की गई है। मंगलवार को अदालत में अधिवक्ता मानबहादुर सिंह व अनुष्का त्रिपाठी की तरफ से कहा गया शिवलिंग पाए जाने के दावे के बाद दर्शन पूजन, राग भोग पूजा का अधिकार आवश्यक है। विश्व वैदिक सनातन संघ के प्रमुख जितेंद्र सिंह बिसेन ने बताया कि भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मुकदमे के माध्यम से तीन मांग की गई है। पहली मांग यह है कि ज्ञानवापी परिसर में तत्काल प्रभाव से मुस्लिम पक्ष का प्रवेश प्रतिबंधित हो। दूसरी, ज्ञानवापी का संपूर्ण परिसर हिंदुओं को सौंपा जाए। तीसरी, भगवान आदि विश्वेश्वर स्वयंभू ज्योतिर्लिंग जो अब सबके सामने प्रकट हो चुके हैं, उनकी पूजा पाठ शुरू करने की अनुमति दी जाए।

वहीं श्रृंगार गौरी ज्ञानवापी मुकदमा सुनने योग्य है या नहीं, इस मामले में अदालत गुरुवार को आदेश करेगा। श्रृंगार गौरी के नियमित पूजा-पाठ और अन्य विग्रहों के संरक्षण की मांग पर चल रहे मुकदमे में मंगलवार को जिला जज की अदालत में सुनवाई हुई थी। इसके बाद आदेश के लिए 26 मई की तिथि नियत की थी। सबसे पहले मुस्लिम पक्ष के रूल-7 आर्डर-11 के तहत दिए गए प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए न्यायालय यह आदेश देगा कि श्रृंगार गौरी ज्ञानवापी का मुकदमा सुनने योग्य है या नहीं। कोर्ट ने दोनों पक्षों को कमीशन की सर्वे रिपोर्ट पर एक सप्ताह में आपत्ति देने को भी कहा है।

# बीजेपी सरकार विकास नहीं साम्प्रदायिकता को आगे बढ़ा रही-अखिलेश

लखनऊ, एजेंसी। विधानसभा में बुधवार को नेता प्रतिपक्ष समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सूबे में लगातार दूसरी बार सत्तारूढ़ हुई भाजपा सरकार को जमकर खरीखोटी सुनायी। भाजपा के विकास के दावों को सिरे से खारिज करते हुए आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा यह सरकार विकास नहीं साम्प्रदायिकता को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को जनप्रतिनिधि नहीं बल्कि अफसर चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास में अगर कोई सबसे विफल सरकार हुई तो वह यही है।

राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए विधानसभा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सभी को ये रटाया जाता है कि सपा के समय में सिर्फ चार जिले में बिजली जाती थी। जहां तक बिजली उत्पादन का सवाल है तो सरकार बताए कि पांच साल में बिजली का कौन सा कारखाना लगाया? मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि पांच साल में यूपी में कितनी बिजली बढ़ाई है। हमें तो एक-एक प्लांट याद है। सरकार के लोग नहीं बता पाएंगे। उन्होंने कहा कि जब मैं यूपी की सरकार में आया उस समय प्रदेश में बिजली की बड़ी किल्लत थी। बीएसपी की सरकार का एमओयू था ललितपुर के प्लांट का। इसी हाउस में हम लोगों ने प्रस्ताव पास कर उसे आगे बढ़ाया। एक यूनिट बनकर तैयार है। पता नहीं सरकार ने दूसरी यूनिट बनाई कि नहीं। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष ने सपा सरकार के कार्यकाल के दौरान बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए किए गए कामों का विस्तार से उल्लेख किया। 108, 102 एम्बुलेंस का उल्लेख करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि अभी खबर आई कि एम्बुलेंस में आग लग गई। नौ हजार ड्राइवर हैं जो कोरोना के समय काम कर रहे थे। उन्होंने अपनी परवाह नहीं की यूपी की जनता की परवाह की। आज पता लगा कि सब ड्राइवर हटा दिए गए हैं। रात में चलती ही नहीं है एम्बुलेंस। सरकार बताए कि पांच साल में कितनी एम्बुलेंस बढ़ाई।

नेता प्रतिपक्ष यादव ने कहा कि लखनऊ में बेहतरीन कैंसर इंस्टीच्यूट बना है। यदि चालू हो जाता तो यूपी के गरीबों को बाहर नहीं जाना पड़ता लेकिन सरकार ने पता नहीं क्या किया वो अस्पताल वैसे का वैसा ही है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अपनी सरकार के दौरान हमने लैपटॉप वितरण, कामधेनु डेयरी योजना चलाई। अखिलेश यादव ने कहा कि आज तक के इतिहास में यदि कोई सबसे विफल सरकार हुई है तो वह यह सरकार है। यूपी में अराजकता का माहौल है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। यह सरकार सामूहिक बालात्कार, नफरत, भ्रष्टाचार बढ़ाने वाली, विकास रोकने वाली और महंगाई को चरम सीमा पर पहुंचाने वाली है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, कानपुर मेट्रो भी सपा सरकार के प्रोजेक्ट थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास नहीं साम्प्रदायिकता बढ़ रही है। अपराध के मामले में बुरा हाल है। असुरक्षा का माहौल पैदा किया गया। यूपी में कोई नया निवेश नहीं है। शिक्षा के क्षेत्र में बुरा हाल है। साइबर क्राइम तेजी से बढ़ रहा है। बीजेपी के राज में भ्रष्टाचार और नफरत बढ़ रही है। अखिलेश ने कहा कि इकाना स्टेडियम नेता सदन की पसंदीदा जगह है। यह स्टेडियम भी सपा सरकार ने बनाया था।

## संक्षिप्त समाचार

## उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने दी, ऑ. कैप्टन स्वर्गीय जय दत्त जोशी को भावभीनी श्रद्धांजलि

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। अशोक नगर में बुधवार को स्वर्गीय से. कैप्टन जय दत्त जोशी को उनकी तेरहवीं पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई तथा समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए उनको याद किया गया। ज्ञात हो कि हाल ही में स्वर्गीय जय दत्त जोशी जी का लखनऊ में उनके बेटे कर्नल विनोद जोशी के पास रहते हुए निधन हो गया था। स्वर्गीय जय दत्त जोशी ने सेना में रहते हुए 1962 1965 तथा 1971 की लड़ाई में बढ़-चढ़कर भागीदारी की थी सेवानिवृत्ति के पश्चात उन्होंने अशोकनगर में रहकर मंदिर निर्माण करवाया तथा लोगों के सुख दुख में लगातार भागीदारी करते रहे वह जोशी पंडित जी के नाम से बहुत प्रसिद्ध थे। उनके तीन पुत्रों में विनोद जोशी सेना में कर्नल है, राजेश जोशी इंजीनियर तथा हरीश जोशी ठेकेदारी का काम करते हैं। क्षेत्र के समस्त लोगों ने पंडित जोशी द्वारा किए गए कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की और उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सतीश नेगी उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी अध्यक्ष व जिला मंत्री किसान मोर्चा भाजपा व उत्तराखंड चिन्हित आंदोलनकारी प्रदेश संरक्षक राजेंद्र सिंह रावत कहा सेना में रहकर देश की सेवा करी सेवानिवृत्त होने के बाद क्षेत्र में सामाजिक कार्य में योगदान किया करते थे। इस अवसर पर कर्नल विनोद जोशी, हरीश जोशी, जगदीश खड़ायत, कुंवर सिंह डंगवाल, मोहन सावन, रमेश पंत, शंकर दत्त उपाध्याय, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, कमल सिंह बिष्ट, दीवान सिंह बिष्ट, कल्याण सिंह बिष्ट, अनिल जोशी, दान सिंह बिष्ट,दीपक चिपा, विनोद, राजेश आदि शामिल रहे।

## बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

बदरीनाथ, एजेंसी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली (नालसा) एवं उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उच्च न्यायालय, नैनीताल के तत्वावधान में सीमांत गांव माणा के निकट गढ़वाल स्काउट के मैदान (बदीनाथ धाम) में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि मा. सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायमूर्ति एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष उदय उमेश ललित एवं मा. उच्च न्यायालय नैनीताल के कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति व उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष एसके मिश्रा, सदस्य सचिव आरके खुल्बे, रजिस्ट्रार जनरल उत्तराखंड उच्च न्यायालय विवेक भारती शर्मा तथा मा. जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेन्द्र दत्त मौजूद रहे। बहुउद्देशीय शिविर में विधिक जागरूकता के साथ-साथ केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, पर्यटन, कृषि, उद्यान, उद्योग, मत्स्य, पशुपालन, राजस्व आदि तमाम विभागों के स्टॉल पर जन समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करते हुए योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस मौके पर मा. सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायमूर्ति एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष उदय उमेश ललित का सीमांत गांव माणा पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने भोटिया (पौणा) नृत्य तथा संस्कृति महाविद्यालय के छात्रों ने स्वस्तिक वाचन और गढ़वाल स्काउट ने मधुर बैंड की धुन के साथ भव्य स्वागत किया। स्थानीय विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। मा. न्यायमूर्ति ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य हर जरूरतमंद लोगों तक सुगमता से न्याय पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर नालसा, राज्य स्तर पर सालसा, जिले स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है, ताकि हर नागरिक को सुगमता से न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को सवैंधानिक अधिकार और न्याय मिलना चाहिए। सीमांत क्षेत्रों में विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक न्याय पहुचाना उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान मा.न्यायमूर्ति ने शिविर में लगे सरकारी विभागों के स्टालों का निरीक्षण करते हुए दिव्यांगजनों में बैसाखी, व्हील चियर और कंबल भी वितरित किए। वही राइका पांडुकेश्वर व बडागांव को स्पोर्ट्स किट प्रदान।

## राशन डीलर कर रहे राशन बांटने में धांधली

रुड़की, एजेंसी। जहां एक ओर केन्द्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर खाद्य आपूर्ति की सरकारी दुकानों पर बायोमैट्रिक मशीन के द्वारा राशन देने का आदेश इसलिए जारी किया गया है कि कोई भी राशन डीलर राशन देते समय किसी तरह से भी राशन की चोरी ना कर सके, मगर राशन डीलर जो सुधरने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। आपको बता दें कि मंगलौर के नारसन ब्लॉक के लहबोली में राशन डीलरों द्वारा राशन सही ढंग से ना देने और राशन कम देने की शिकायत मिल रही थी। जिसकी सूचना खाद्य आपूर्ति विभाग के बड़े अधिकारियों को गांव वालों ने कई बार की, मगर अभी तक सुधार नहीं हो पाया। गांव वालों ने बताया कि राशन डीलर हर महीने राशन कम दे रहा है, वहीं गांव के सैकड़ों गरीब परिवारों का बड़े स्तर शोषण हो रहा है। राशन डीलर से पूछने पर इतना ही राशन आया है कहकर गांव वालों को भगा दिया जाता है। गांव वालों का कहना है कि राशन की दुकान गांव लहबोली के रहने वाले किसी एक व्यक्ति को मिलनी चाहिए जिसे राशन सही ढंग से मिल सके। वहीं राशन कार्ड देखने के बाद अपर तहसीलदार ने कहा कि राशन कार्ड में कमियां तो हैं मगर सही जानकारी जांच पूरी होने के बाद हो पाएगी।

## जिला स्तरीय आवासीय स्पेयर हैड प्रशिक्षण का आयोजन आज से

देहरादून, एजेंसी। जिला युवा अधिकारी एम टोलिया ने अवगत कराया है कि नेहरू युवा केन्द्र, देहरादून, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में बृहस्पतिवार से 01 जून तक रूलक सभागार राजपुर रोड देहरादून में नमामि गंगे परियोजना के अन्तर्गत 50 युवाओं की जिला स्तरीय आवासीय स्पेयर हैड प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ बृहस्पतिवार को 11.30 बजे पूर्वाह्न में क्षेत्रीय विधायक खजान दास, पदमश्री अवधेश कौशल एवं राज्य निदेशक, नेहरू युवा केन्द्र संगठन उत्तराखण्ड उमेश साहनी के द्वारा किया जाएगा।

# ब्राह्मण समाज ने जताई भगवान परशुराम शोभायात्रा के सफल आयोजन पर खुशी, संयोजक का आभार जताया

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की! भगवान परशुराम शोभायात्रा के आयोजक मंडल की आभार बैठक शोभा यात्रा के संयोजक सौरव भूषण शर्मा के निवास स्थान 175 साकेत में संपन्न हुई। बैठक में शोभा यात्रा के संयोजक पंडित सौरभ भूषण शर्मा ने कहा कि रुड़की में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में जो भगवान परशुराम शोभायात्रा का आयोजन रुड़की नगर में किया गया वह भव्य एवं समाज को एक नई दिशा देने वाला आयोजन रहा उसके लिए वह समस्त ब्राह्मण समाज को एवं संपूर्ण आयोजक मंडल को बधाई देते हैं एवं आभार प्रकट करते हैं। इस अवसर पर भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि कई वर्षों से भगवान परशुराम शोभायात्रा रुड़की में आयोजित होती आ रही है अबकी बार की यात्रा बाकी यात्राओं से भव्य एवं सुंदर रही है उसके लिए वह संयोजक मंडल को एवं संयोजक सौरव भूषण को बधाई देते हैं। इस अवसर पर जनपदीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित देवेंद्र शर्मा ने कहा कि संपूर्ण रुड़की ब्राह्मण समाज के व्यक्तियों ने भगवान परशुराम शोभायात्रा में प्रतिभाग किया और युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष आचार्य रमेश सेमवाल ने कहा कि भगवान परशुराम शोभायात्रा में ब्राह्मण समाज की ही नहीं अपितु अन्य समाज के व्यक्तियों ने भी प्रतिभा किया क्योंकि भगवान परशुराम सभी सनातन धर्म के मानने वालों की भगवान है। शोभायात्रा कार्यक्रम अध्यक्ष जेपी शर्मा ने कहा कि वह शोभा यात्रा के सफल आयोजन के लिए संपूर्ण आयोग मंडल को धन्यवाद देते है और जो शोभा यात्रा के संयोजक सौरव भूषण हैं उनकी देखरेख में यह शोभायात्रा भव्य रुप में आयोजित हो पाई उसके लिए बधाई के पात्र हैं। युवा इकाई के अध्यक्ष शोभित गौतम ने कहा कि ब्राह्मण समाज का युवा जागृत हो चुका है वह अपने समाज के बारे में और अधिक सोचने लगा है भगवान परशुराम सभी के आराध्य हैं। बैठक में महिला इकाई की अध्यक्ष दीपा कौशिक ने कहा कि इस बार ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने भी शोभायात्रा में प्रतिभाग किया है यह समाज के लिए एक अच्छा संकेत है। बैठक में पंडित चेतन शर्मा ,पंडित राजकुमार शर्मा, पंडित रोहित शर्मा, पंडित राहुल शर्मा, पंडित सचिन शर्मा, पंडित अमरीश शर्मा, दीपा कौशिक, पंडित अरुण शर्मा, पंडित सतीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# चम्पावत उप चुनाव में भाजपा की एक तरफा जीत, विपक्ष के लिए कुछ नही: डॉ. अनिल

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की! चंपावत उपचुनाव के प्रचार के लिए जोर अजमाइश तेज हो गई है। 31 मई को चुनाव होना है और तीन जून को चुनाव नतीजा आएगा। ऐसे में पार्टी प्रत्याशियों ने चुनावी प्रचार तेज कर दिया है। सीएम धामी लगातार चुनाव क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे हैं। शहर से लेकर दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचकर मंत्री और विधायक सीएम धामी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे, चम्पावत विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमन्त्री श्रीपुष्कर धामी के समर्थन में पूर्व मंत्री भारत सरकार एवं सांसद अल्मोड़ा अजय टम्टा, विधायक कपकोट सुरेश गड़िया, विधायक गंगोत्री सुरेश चौहान, विधायक सल्ट महेश जीना, पूर्व मंत्री उत्तराखण्ड सरकार बलवन्त सिंह भौर्याल के साथ रूड़की के डॉ. अनिल शर्मा और ठाकुर मोहित की टीम ने डोर टू डोर जनसम्पर्क किया। भाजपा पॉलिसी रिसर्च विभाग के प्रदेश सह संयोजक डॉ अनिल शर्मा ने कहा की भाजपा अपने चुनावी प्रबंधन के लिए अन्य राजनीतिक दलों से काफी आगे है, भाजपा हर चुनाव जीतने के लिए लड़ती है। चम्पावत में होने वाले उपचुनाव के प्रचार में भी यही देखने को मिल रहा है पार्टी का हर छोटा बड़ा कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के प्रचार में जुटा है सीएम धामी की अगुवाई में उत्तराखंड दिन प्रतिदिन विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है। जरूरत इस बात की है हम सीएम धामी के हाथों को मजबूत कर उत्तराखंड के विकास की नींव को मजबूत करें और एक नया उत्तराखंड बनाएं। भाजपा रूड़की पश्चिमी मंडल बूथ 7 के अध्यक्ष ठाकुर मोहित ने कहा की चंपावत में लोगों से मिल रहे अपार समर्थन से यह बात स्पष्ट है कि इस उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी लगभग 40-45 हजार से अधिक रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीत दर्ज करने जा रही है।

# खाटूश्याम के भजनों पर रात भर जमकर थिरके श्रद्धालु



» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। श्री खाटू श्याम बाबा का वार्षिकोत्सव नेहरू स्टेडियम में पूरी आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया! खाटूश्याम के भजनों पर रात भर श्रद्धालु जमकर थिरके! भजनों के बीच आसपास का पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। प्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल, आयुष शुमानी तथा लवकुश गाबा के भजनों से पूरा पंडाल बाबामय हो गया। जय श्री खाटू श्याम के नारों व भक्तजनों की जयकारा से पूरा स्टूडियम गूंज उठा। टपकेश्वर महादेव मंदिर देहरादून से पहुंचे भरत गिरी महाराज ने भक्तों का पटका पहना कर स्वागत किया। मेयर गौरव गोयल ने वार्षिकोत्सव में पहुंचकर आरती में हिस्सा लिया तथा बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। पुष्प वर्षा,ईत्र वर्षा, अखंड ज्योत व छप्पन भोग से बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। हजारों की संख्या में भक्तगणों ने यहां पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर अशोक महावर, विकास बंसल, राजकुमार अग्रवाल, सुनील महावर, उमंग अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, विवेक गोयल, आशीष गुप्ता, धर्मवीर कथुरिया, मनजीत सिंह, राजेंद्र पाहुजा, दीपक बंसल, दीपक बंसल, नेहा गुप्ता, सोनिया बंसल, पारुल, रजनीश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बरसात को लेकर तेज हुआ नाला सफाई अभियान तेज

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। मेयर गौरव गोयल ने नाला सफाई कार्यों का निरीक्षण कर सफाई कर्मियों को निर्देशित किया! कहा कि नालों में जमीं सिल्ट को पूरी तरीके से बाहर निकाला जाए। पांच-छः फीट गहरी नालियों की तह तक सफाई की जाए, जिससे कि बरसात के समय पानी की निकासी सही ढंग से होने के साथ-साथ जलभराव की समस्या कम हो सके। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई अच्छी होगी तभी पानी सड़कों पर नहीं रुकेगा तथा बरसात का पानी बड़ी तेजी से बाहर निकल जाएगा, जिससे लोगों को आवाजाही में दिक्कत नहीं आएगी और लोगों के घरों में भी पानी नहीं भरेगा। बंता दें कि बरसात को लेकर नगर निगम शहर में नाला सफाई अभियान तेज किए हुए हैं! मेयर गौरव गोयल भी लगातार नालों की सफाई का निरीक्षण कर जलभराव से निपटने के प्रयासों में लगे हैं! हालांकि नालों के किनारे छोड़ी जा रही सिल्ट गंदगी का सबब बनने के साथ ही बहकर वापस नालों में पहुंच रही हैं! जिससे नाला सफाई अभियान महज दिखावा बना है! कई दशकों पुरानी जलभराव की समस्या नगर में लगातार बनी हुई थी,जिसे लेकर ही मेयर गौरव गोयल द्वारा पूर्व में नाला सफाई अभियान चलाने एवं जल निकासी के लिए जोर-शोर से अब आवाज उठाई गई थी,यही मुद्दा उनका रुड़की नगर निगम के मेयर चुनाव में भी हावी रहा था।पिछले दो वर्षों में मेयर बने हुए गौरव गोयल ने नाला सफाई के कार्यों को प्रमुखता से लिया है और लगातार इन दो वर्षों में नालों की सफाई का कार्य सैकड़ों सफाई कर्मी लगाकर नाला गैंग के जरिए से इस अभियान को गति दी गई है, जिसके परिणाम स्वरूप पिछले दो ढाई वर्षों से नगर में जलभराव की समस्या काफी कम हुई है तथा नगर वासियों को इस परेशानी से निजात मिली है।

# मूर्ति स्थापना दिवस पर राजविहार में हुआ भंडारे का आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की! मां दुर्गा मंदिर समिति द्वारा बुधवार को मूर्ति स्थापना दिवस पर राज विहार कॉलोनी ढंडेरा में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पहले क्षेत्र की खुशहाली व जन कल्याण हेतु भजन कीर्तन पूजा-अर्चना हवन के साथ बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ किया गया। इसमें मंदिर पंडित राजेश प्रसाद डबराल व संग्राम सिंह रावत अध्यक्ष राज विहार कॉलोनी व शांति देवी महिला अध्यक्ष ने क्षेत्र वासियों की कुशलता के लिए भगवान से प्रार्थना की तत्पश्चात कीर्तन मंडली ने भगवान के कीर्तन गाए! जिसमें समस्त क्षेत्रवासी उपस्थित रहे! सभी ने मनमोहक भजनों से भगवान मां दुर्गा को प्रसन्न करने की कोशिश की तथा अपनी व क्षेत्रवासियों की कुशलता की कामना की तत्पश्चात 12 बजे भंडारा शुरू हुआ लोगों ने माता का भोग ग्रहण कर अपनी एवं अपने परिवार की कुशलता की कामना की। नरेश शर्मा व इंदरपाल सिंह गुसाईं ने क्षेत्र की जनता को स्थापना दिवस की बधाई दी भगवान से क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर संग्राम सिंह रावत अध्यक्ष राज विहार कॉलोनी, शांति देवी महिला अध्यक्ष कॉलोनी, संगीता देवी उपाध्यक्ष, नरेश शर्मा, इंद्रपाल सिंह गुसाईं, गब्बर सिंह गुसाईं, बलबीर सिंह रावत, मोहन सिंह बिष्ट , जेपी क्षेत्री, फतेह सिंह गुसाईं कल्याण चंद रजवाड़, उमेद सिंह भंडारी प्रेम सिंह भंडारी विक्रम सिंह रावत भास्कर घड़ियाल, वासस्पति नौटियाल, सुरेश पुनेठा, गुड्डी देवी, चेता देवी, मंजू देवी, सावित्री देवी, अंजू देवी ,उषा रावत, लता देवी, सुनीता देवी, देवेंद्र प्रसाद पोखरियाल आदि मौजूद रहे! सतीश नेगी जिला मंत्री किसान मोर्चा ने बारहवां मूर्ति स्थापना दिवस पर सभी क्षेत्र वासियों को बधाई दी!

# हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर राज्य में सख्त भू कानून की मांग को लेकर धरना जारी

देहरादून, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर राज्य में सख्त भू कानून लागू किये जाने की मांग को लेकर क्रांतिकारी सुरेन्द्र सिंह रावत ने अपने समर्थकों सहित नारेबाजी के बीच जमकर प्रदर्शन कर अनिश्चितकालीन धरने को जारी रखा। इस अवसर पर कई संगठनों के पदाधिकारियों ने समर्थन दिया और इस अवसर पर श्रीदेव सुमन को जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। यहां गांधी पार्क में क्रांतिकारी सुरेन्द्र सिंह रावत अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और वहां पर उन्होंने हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर राज्य में सख्त भू कानून लागू किये जाने की मांग को लेकर सुरेन्द्र सिंह रावत अपने समर्थकों सहित नारेबाजी के बीच जमकर प्रदर्शन कर धरना और कहा कि जब तक भू कानून लागू नहीं हो जाता आंदोलन को जारी रखा जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल्द ही सशक्त भू कानून राज्य में लागू नहीं किया गया तो वह आत्मदाह करेंगें और इसके लिए जल्द ही निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इस ओर जल्द ही ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सुरेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि तीसरी पीढ़ी अपने भविष्य को लेकर अंत तक संघर्ष के लिए कृत संकल्पित हैं और उन्होंने कहा कि इसके लिए व्यापक स्तर पर संघर्ष किया जायेगा और जरूरत पड़ी तो आमरण अनशन आरंभ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए रणनीति तैयार की जायेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में हिमाचल प्रदेश जैसा भू-कानून जल्द से जल्द लागू किया जाये। उन्होंने कहा कि सरकार को इस ओर सकारात्मक निर्णय लेने की जरूरत है और जिससे राज्य की भूमि को बाहरी लोगों से बचाया जा सके और यहां के लोगों का जमीनों पर पूरा हक रह सके।

# जयंती पर अमर शहीद श्रीदेव सुमन को किया याद

देहरादून, एजेंसी। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकताओं ने आज बैठक कर श्रीदेव सुमन की जयंती के अवसर पर उन्हें याद किया। इस अवसर पर कहा गया कि स्मरण रहे कि आज के दिन श्रीदेव सुमन की जयंती है और उनकी पुण्य तिथि 25 जुलाई को है। इस मौके पर समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल ने कहा कि अमर शहीद श्रीदेव सुमन को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद रखें तथा किसी के साथ अन्याय न होने दें। इस अवसर पर प्रमुख महासचिव आरिफ हुसैन वारसी ने कहा कि श्रीदेव सुमन ने हमेशा राजशाही के खिलाफ अपनी आवाज को उठाया जिसका नतीजा यह हुआ कि अंग्रेजों ने उन्हें शहीद कर दिया, लेकिन वह अंत तक संघर्ष करते रहे। इस अवसर पर देहरादून नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन रहे स्वर्गीय दीनानाथ सलूजा को और उनके इस शहर देहरादून और मानवता के प्रति योगदान को याद किया गया और उनको श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्रभात डंडरियाल, आरिफ हुसैन वारसी, राम सिंह प्रधान,राजकुमार बत्रा, अरुण खरबंदा, मनोज सिंघल, प्रवीण शर्मा, प्रवीण गुप्ता, दानिश नूर आदि उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव ने ली 'उत्तराखण्ड कैम्पा' की संचालन समिति की बैठक

- अधिकारियों को दिए फॉरेस्ट फायर पर विशेष ध्यान देते हुए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की तर्ज पर कार्य करने के निर्देश



देहरादून, एजेंसी। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु की अध्यक्षता में उत्तराखण्ड प्रतिकरात्मक वन रोपण निधि प्रबन्धन और योजना प्राधिकरण (उत्तराखण्ड कैम्पा) की संचालन समिति की बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को फॉरेस्ट फायर पर विशेष ध्यान देते हुए प्रदेश को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की तर्ज पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फॉरेस्ट फायर प्रोटेक्शन कार्यों के लिए वन पंचायतों का सुदृढ़ीकरण किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि इस योजना के तहत प्राकृतिक वनों के संरक्षण एवं जल श्रोतों के संवर्द्धन, वन्य जीवों के प्राकृतिक आश्रय स्थल के संरक्षण, पारिस्थितिकीय संतुलन एवं पर्यावरण सेवाओं की उपलब्धता में वृद्धि के प्रयासों पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्य सचिव ने इको टूरिज्म की दिशा में विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता बताते हुए देहरादून से लगे वनों के आसपास और पर्यटन स्थलों के आसपास वॉकिंग और साइक्लिंग ट्रेल्स विकसित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं में माउंटेन बाइकिंग का क्रेज भी बढ़ रहा है, इसकी संभावनाओं को तलाशते हुए इस दिशा में कार्य किया जाए, इससे पर्यटकों को प्रदेश में एडवेंचर टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्य सचिव ने कैम्पा कार्यों की मॉनिटरिंग हेतु सिस्टम विकसित किए जाने के भी निर्देश दिए, साथ ही उन्होंने आगे से संचालन समिति की बैठकों में डिग्रेड हुए वनों की जानकारी भी साझा किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे डिग्रेडेड वनों के वनीकरण हेतु कार्ययोजनाएं तैयार की जा सकेंगी। बैठक में उत्तराखण्ड कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना के अन्तर्गत कैम्पा नियमावली में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 अनुमन्य गतिविधियों हेतु कुल लगभग 41898.12 लाख रूपए की कार्ययोजना अनुमोदित की गयी। इस कार्ययोजना में वृक्षारोपण, वन्यजीव प्रबन्धन, वनाग्नि सुरक्षा कार्य, मृदा एवं जल संरक्षण के साथ ही बुग्यालों आदि के संरक्षण का प्राविधान किया गया। इसके साथ ही फॉरेस्ट एंड वाइल्ड लाइफ रिसर्च, वन पंचायतों का सुदृढ़ीकरण, वॉकिंग एंड साइक्लिंग ट्रेल्स का विकास और ईको-टूरिज्म को बढ़ावा हेतु प्राविधान का भी निर्णय लिया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव वन आरके सुधांशु एवं पीसीसीएफ विनोद कुमार सहित वन विभाग के शीर्ष अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने गुंजी धारचूला में किया माउन्टेन साइकिल रैली का शुभारंभ

देहरादून, एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 10500 फिट की ऊंचाई पर स्थित गुंजी धारचूला में आयोजित साहसिक एमटीबी साइकिल रैली टूर द कैलाश को हरी झण्डी दिखाकर ज्यौलीकांग और नभीढांग के लिए रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कुटी और यांगती नदी में राफ्टिंग करने वाले दल को भी रवाना किया। मुख्यमंत्री ने माउन्टेन साईकिल रैली में प्रतिभाग कर रहे विभिन्न राज्यों से आए सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि इससे प्रतिभागियों को उत्तराखण्ड के नैसर्गिक प्राकृतिक सौन्दर्य एवं संस्कृति से परिचित होने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजना बेहद सराहनीय कदम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से अन्य राज्यों से आए हुए लोगों को भी प्रदेश और सीमान्त क्षेत्र को जानने का भी अवसर मिलेगा तथा स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सीमान्त एवं ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाने एवं पलायन रोकने हेतु निरंतर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक बताया है। राज्य के समग्र विकास के लिये हम इस दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश में करोड़ों रुपये की योजनाएं चल रही हैं। हमारा प्रयास है कि उत्तराखंड में ज्यादा से ज्यादा होम स्टे बनें, इससे स्थानीय लोगों को रोजगार तो मिलेगा ही साथ ही अन्य राज्यों से आने वाले पर्यटकों को भी हमारी संस्कृति जानने का अवसर मिलेगा। आज केंद्र और राज्य में बनने वाली नीतियां समाज के अंतिम छोर पर खड़े लोगों तक लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में चारधाम यात्रा चरम पर चल रही हैं। होटल, टैक्सी व यात्रा से जुड़े अन्य संसाधन पूरी तरह से बुक हैं। उन्होंने यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से अपेक्षा की कि यदि उन्हें स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई समस्या है तो अभी यात्रा पर न आयें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि साहसिक खेलों के आयोजन से सीमांत क्षेत्रों में चहल-पहल रहेगी पर्यटकों के आने से होम स्टे, टैक्सी, होटल, गाइड व ढाबें वालों की आय में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत माला प्रोजेक्ट से राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी का कार्य संभव हो पाया। इससे सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों में आवागमन की सुगमता होगी तथा इन क्षेत्रों के समग्र विकास की राह प्रशस्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि साहसिक पर्यटन का यह आयोजन सराहनीय प्रयास है। इसमें सीमान्त क्षेत्र के इन सुरम्य स्थलों की पहचान देश व दुनिया तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा पलायन रोकने में भी मददगार होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एसएसबी, आईटीबीपी और सेना के जवानों का हौसला बढ़ा। कार्यक्रम में गुंजी ग्राम प्रधान सुरेश गुंज्याल, डीएम डा. आशीष चैहान, डीएफओ कोको रोसे, एसडीएम धारचूला नंदन कुमार, एसएसबी के पाटिल राकेश सहित कई अन्य विभागीय अधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

## दिग्गजों ने साहित्यकार डॉ विनोद शर्मा को जन्मदिन की दी बधाई



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़ । साहित्यकार डॉ विनोद कुमार शर्मा के जन्मदिन पर साहित्य, शिक्षा, पत्रकारिता, सामाजिक एवं धार्मिक कार्य क्षेत्र के कई दिग्गजों ने बधाई एवं शुभाशीष प्रदान किए । डॉ विनोद शर्मा ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया । इस मौके पर प्रिंसिपल कृष्ण मोहन एवं अन्य गणमान्य लोगों ने भी पुष्प गुच्छ देकर हार्दिक बधाई प्रेषित की ।

## डीसी रेट 21 फीसदी बढ़ाने और अन्य मांगों को लेकर 1 जून को धरने प्रदर्शन



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़ । ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन एंड एमसी एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के बैनर तले होने वाले प्रदर्शनों को लेकर हॉर्टिकल्चर नर्सरी सेक्टर 23 और पब्लिक हेल्थ बूस्टर सेक्टर 61 में गेट मीटिंग्स की गई और कर्मचारियों को 1 जून को एमसी कार्यलय सेक्टर 17 के बाहर धरने प्रदर्शन और 14 जून को गवर्नर हाउस मार्च में भाग लेने की अपील की ।कर्मचारियों को संबोधन करते हुए कमेटी के कंवीनर अशवनी कुमार हॉर्टिकल्चर वर्कर्स यूनियन के प्रधान लालजीत,चेयरमैन कमल कुमार,द वाटर सप्लाई वर्कर्स यूनियन एमसी के प्रधान राजिंदर कुमार और जनरल सेक्रेटरी जगमोहन सिंह ने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन और एमसी के अधिकारी कर्मचारियों की मांगों को पूरा नही कर रहे जिस कारण कर्मचारी रोष स्वरूप शांतिपूर्ण तरीके से रोष प्रदर्शन करेंगे ।जिस का नोटिस अधिकारियो को दे दिया गया है । अशवनी कुमार ने कहा के प्रशासन कर्मचारी नेताओ से बात कर कर्मचारियों की जायज मांगो को जल्द पूरा करे ।जिस में डीसी रेट में 21 फीसदी बढ़ोतरी की जाए,आउटसोर्स वर्कर्स का आर्थिक शोषण रोका जाए, ठेकेदार पैसों की मांग करते हैं उनको रोका जाए, खाली पदों को जल्द भरा जाए, डेली वेज कर्मचारी रेगुलर किए जाए, अबोलिश पदों को बहाल किया जाए,31 दिसंबर 1996 के बाद नगर निगम में भर्ती डेली वेज वर्कर्स को पालिसी में कवर कर रेगुलर किया जाए और छठे वेतन आयोग की रिपोर्ट डेली वेज वर्कर्स पर लागू की जाए ।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 31 मई को

मदरलैंड संवाददाता,कनीना । देवी अहिल्याबाई होलकर एवं आजादी के अमृत महोत्सव पर रेडक्रास समिति नारनौल तथा एसडीएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छितरौली के सहयोग से 31 मई को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है । विस्तृत जानकारी देते हुए अजमेर सिंह दांगी चेयरमैन एसडीएम स्कूल छितरौली ने बताया कि 40 से 50 रक्तदाता कैंप में भाग ले सकते हैं । ऐसे में इच्छुक रक्तदाता सुबह नौ बजे पहुंचे ।

# आजादी गौरव तिरंगा यात्रा का जयसिंहपुरा खेड़ा बॉर्डर पर कांग्रेसी नेताओं ने किया स्वागत

» मदरलैंड संवाददाता



नारनौल। कांग्रेस पार्टी की ओर से शुरू की गई आजादी गौरव तिरंगा यात्रा बुधवार को राजस्थान से होते हुए हरियाणा के जयसिंहपुर खेड़ा बॉर्डर पहुंची, जहां इस पदयात्रा का स्वागत करने के लिए जिला महेंद्रगढ़ से चौधरी सुरेंद्र सिंह मैमोरियल क्लब के जिला प्रधान एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता देवेंद्र हुडीना के नेतृत्व में कार्यकर्ता जयसिंहपुरा खेड़ा बॉर्डर पहुंचे। शाहजहांपुर से खेड़ा बॉर्डर पहुंची इस यात्रा का स्वागत करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान सिंह, प्रदेश प्रभारी विवेक बंसल, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद श्रुति चौधरी के साथ-साथ अन्य कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुरेश गुप्ता व जितेंद्र भारद्वाज, पूर्व मंत्री कप्तान अजय यादव, पूर्व मंत्री डा. एमएल रंगा समेत सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आजादी गौरव पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई ने कहा कि यह यात्रा छह अप्रैल को अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से शुरू हुई थी, जहां से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने नमक आंदोलन के तहत 6 अप्रैल 1930 को दांडी यात्रा तय की थी। उस समय देश गुलाम था और ब्रिटिश हुकूमत के नमक पर किए गए एकाधिकार को समाप्त करने के लिए यह अंहिसक आंदोलन चलाया गया था। तब आजादी के मतवाले भारतीय गांधी जी की पीठ बनकर उनके साथ कदम-ताल करने लगे थे। अब केंद्र सरकार निरंकुश रवैया अपनाते हुए लगातार जनविरोधी फैसले ले रही है और निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। ऐसे में देश को पुनः एकजुट होकर आंदोलन का रास्ता अपनाने की आवश्यकता है। इस मौके पर कांग्रेस सेवादल महिला प्रकोष्ठ की ओर से कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष श्रुति चौधरी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर देवेंद्र हुडीना के साथ चौ. चंद्रप्रकाश एडवोकेट, राजाराम गोलवा, राजकुमार नीरपुर, राजेंद्र सरपंच, दादा वीरसिंह, मनोज शर्मा, आजाद सिंह प्रजापत, मनोज पंच, होशियार रावत, महेश सोडा, मुकेश बोकन, राजू पहलवान, महेश व राजकुमार मास्टर आदि थे।

# गहली विद्यालय की दो छात्राओं ने एनएमएमएस छात्रवृत्ति परीक्षा में पाई सफलता



» अशोक सैनी, मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। नारनौल के समीप के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गहली की दो छात्राओं ने एनएमएमएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर छात्रवृत्ति प्राप्त की है। आज इसी उपलक्ष्य में विद्यालय की प्रातः कालीन सभा में प्रधानाचार्य अशोक कुमार द्वारा दोनों छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत और परिश्रम ही सफलता की कुंजी है उन्होंने सभी बच्चों को दोनों छात्राओं से प्रेरणा लेते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि छात्रों का भविष्य उनके विद्यार्थी जीवन में की गई मेहनत पर निर्भर करता है। एनएमएमएस प्रभारी जीव विज्ञान प्रवक्ता अनु यादव ने बताया कि आठवीं कक्षा की छात्रा शिखा पुत्री जयप्रकाश एवं सिमरन पुत्री भीमसिंह ने परीक्षा में सफलता पाई है। विद्यालय के अंग्रेजी अध्यापक डॉ जितेंद्र कुमार ने बताया कि नेशनल मेरिट कम मींस स्कॉलरशिप परीक्षा आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति परीक्षा है, जिसमें उत्तीर्ण होने पर विद्यार्थी को प्रतिवर्ष बारह हजार रुपए की राशि12वीं कक्षा तक छात्रवृत्ति के रूप में मिलती है। कार्यक्रम में कला उत्सव में 3 डी विजुअल आर्ट में जिले में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 12 वी कक्षा के छात्र देवेंद्र पुत्र करणसिंह को भी सम्मानित किया गया। प्रवक्ता सुनीता देवी, सुरेश कुमार, रजिता शर्मा, अनु यादव, बजरंग लाल, विनेश कुमारी, सुनीता कुमारी, डीपीई उषा देवी, डॉ जितेंद्र कुमार, सत्यवीर सिंह , ललित वर्मा, संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# उपन्यास कुमुदनी पर हुई विचार चर्चा

» विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। डॉ अजय शर्मा के उपन्यास कुमुदनी पर साहित्यकार प्रेम विज के दफ्तर में विचार चर्चा की गई। चर्चा में साहित्यकार डॉ कैलाश आहलूवालिया, सुप्रसिद्ध कवि और व्यंग्यकार प्रेम विज, प्रोफेसर मोहन सपरा सहित डा अजय शर्मा भी मौजूद थे। डॉ कैलाश आहलूवालिया ने कहा कि कुमुदिनी उपन्यास उन दंपतियों के लिए वरदान है जिनकी कोख किसी वजह से सूनि रह जाती थी अब आईवीएफ तकनीक के माध्यम से उन्हें भी संतान का सुख मिल जाता है। यह साइंस की तरक्की का ही नतीजा है प्रेम विज ने बताया की उपन्यास कुमुदिनी डॉ अजय शर्मा ने लिखकर एक नई जमीन तैयार की है। एक तरफ तो उपन्यास तकनीक की बात करता है जिनमें निसंतान दंपतियों को संतान की प्राप्ति हो सके और दूसरी तरफ डॉक्टर कुमुदिनी जो इसकी डॉक्टर हैं सोचती है कि शायद उन्होंने प्रकृति के साथ छेड़छाड़ की है जिसका नतीजा कैंसर के रूप में सामने है, क्योंकि डॉक्टर कुमुदिनी को कैंसर जैसी बीमारी से ग्रसित हो जाती है। वहीं प्रोफेसर मोहन सपरा ने कहा की डॉ अजय शर्मा लगातार उपन्यास लिख रहे हैं और उनके उपन्यास चर्चा में भी आ रहे हैं। पंजाब में मैंने ऐसा कोई उपन्यास कर नहीं देखा जिसने 15 उपन्यास लिखे हो और लगभग सभी चर्चा में रहे हों। यही कारण है कि डॉ अजय शर्मा के चार उपन्यास विश्वविद्यालयों की पांच कक्षाओं में पढ़ाए जाते हैं। डॉ अजय शर्मा के उपन्यासों पर अब तक 29 एमफिल और सात पीएचडी हो चुकी हैं। जब अजय शर्मा से पूछा गया कि आजकल किस उपन्यास पर काम कर रहे हैं तो उन्होंने बताया कि आजकल एक नया नाटक लिख रहा हूं जिसका नाम है ₹कितने गांधी₹ प्रेम विज ने मंच संचालन बखूबी कियाऔर आशा जताई कि नाटक कितने गांधी भी उपन्यासों की तरह ही कामयाबी की ओर अग्रसर होगा।

# मोदी राज में प्रतिदिन विकास के नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं: सरोज बाला

» मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरोज बाला ने बताया कि केंद्र में भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतापूर्वक 8 साल के कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा चलाए गए 100 से संपर्क अभियान के अंतर्गत उन्होंने मोहल्ला शिवाजी नगर की अनेक महिलाओं से भेंट की। उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी व इन योजनाओं के बारे में लोगों से विचार-विमर्श किया। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ने कहा कि लोग भाजपा सरकार की नीतियों से खुश हैं और उन्हें भाजपा सरकार के हाथों में ही देश का व हरियाणा का भविष्य सुरक्षित नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। स्वदेशी कोरोना वैक्सीन का निर्माण करवाकर पीएम मोदी ने भारत देश सहित बहुत से देशों से कोरोनावायरस को काफी हद तक रोका है। उज्जवला गैस योजना, जन धन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान निधि, फसल बीमा योजना, मुफ्त राशन वितरण योजना आदि सैकड़ों योजनाओं से देश के कमजोर व गरीब तबके के लोगों को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़े कानून बनाकर भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं से युवाओं को रोजगार मिल रहा है।

# नगरपालिका कर्मचारियों की हड़ताल रही दूसरे दिन भी

» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर कनीना नगर पालिका के सभी कर्मचारी दूसरे दिन हड़ताल पर रहे। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने सरकार विरोधी नारे लगाए। उनकी हड़ताल को समर्थन देने कनीना बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक चौधरी भी शामिल हुए।

इस अवसर पर धरने पर बैठे कर्मचारियों ने बताया कि उनकी मांगों में प्रमुखरूप से पुरानी पेंशन बहाल करना, अग्निशमन विभाग को निकाय विभाग में शामिल किया जाए, 25 अप्रैल 2020 से 17 अगस्त 2020 के समझौते को लागू किया जाए, कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, ठेका प्रथा बंद की जाए, हरियाणा कौशल रोजगार निगम भंग किया जाए। 1366 फायरमैन तथा ड्राइवरों को 2677 पदों पर समायोजित कर पक्का किया जाए। कोरोना से कर्मचारियों की मौत होने पर आश्रितों को 50 लाख रुपये मुआवजा और पक्की नौकरी दी जाए, 4000 रुपये जोखिम भत्ता लागू किया जाए सहित अन्य मांगों को लेकर नगर पालिका कर्मचारी हड़ताल पर बैठे रहे।

उनके धरने को समर्थन देने पहुंचे दीपक चौधरी प्रधान पहुंचे तथा उनके साथ राकेश कुमार एवं रघुराज सिंह सचिव आदि मौके पर पहुंचे।

# चितकारा यूनिवर्सिटी में सात दिवसीय एन.एस.एस 'राष्ट्रीय एकता शिविर 2022' का आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय व एन.एस.एस क्षेत्रीय निदेशालय चंडीगढ़ के मार्गदर्शन और समर्थन में चितकारा यूनिवर्सिटी के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा सात दिवसीय ‡राष्ट्रीय एकता शिविर 2022‡, का आयोजन चितकारा यूनिवर्सिटी के पंजाब कैम्पस में किया गया। इस शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से 200 प्रतिभागियों ने शिरकत की जिसमें छात्रों के व्यक्तित्व विकास से लेकर राष्ट्रीयता के भाव को प्रोत्साहित किया गया। आयोजन में सांस्कृतिक विचारधाराओं के आदान-प्रदान के साथ ही साथ पूरे देश को एक सूत्र में बांधने की विचारधारा को प्रोत्साहित किया जाएगा।

₹एक भारत, श्रेष्ठ भारत₹ की अवधारणा में विश्वास के साथ इस शिविर में पहुंचे विभिन्न राज्यों, विभिन्न संस्कृतियों और विभिन्न मान्यताओं वाले सभी प्रतिभागियों का क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना,



चंडीगढ़ सुश्री हरिंदर कौर, द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

राष्ट्रीय एकता शिविर 2022 की शुरूआत भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला के कुलपति, माननीय प्रो अरविंद पहुंचे। इस विशाल सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में पंजाब और हिमाचल प्रदेश के राज्य एन एस एस अधिकारी और चितकारा विश्वविद्यालय, पंजाब की कुलपति डॉ अर्चना मंत्री ने भी शिरकत की ।

शिविर में प्रतिदिन सुबह की शुरूआत विभिन्न राज्यों द्वारा निकाली गई शांतिमय प्रभात फेरियों के साथ हुई और इसके बाद प्रतिभागी दिन भर विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों जैसे रंगोली बनाना, मेहंदी डिजाइन, पेपर वॉक आदि कार्यक्रमों में शामिल हुए। साथ ही, प्रतिभागियों को सूचनात्मक सत्रों जैसे ₹आर्ट ऑफ लिविंग₹, ₹चार दिशाएं एक भारत₹ ₹एड्स पर जागरूकता₹ और ₹गीता से जीवन के सबक₹ का हिस्सा बनने का मौका भी मिला। इन सूचनात्मक सत्रों को प्रसिद्ध हस्तियों द्वारा संचालित किया गया और सभी प्रतिभागियों को इन सत्रों में से कुछ सार्थक सीखने का मौका मिला ।

इस शिविर में आकर्षण का केंद्र सभी राज्यों से आए छात्रों की अलग-अलग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रही जिसमें प्रतिभागियों ने अपने-अपने प्रदेश के लोक नृत्य व संगीत से विश्वविद्यालय परिसर को पूरे देश के रंग में रंग दिया। सायं काल मे प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई जिसमें विभिन्न राज्यों की टीमों द्वारा अपनी लोककला, संस्कृति, परंपरा, नृत्यों और लोकगीतों का मंचन किया गया।

# कंदिमा मालदीव हर रोज लाइव मनोरंजन लाता है, अपने अतिथि अनुभव के दिलो में!




मई 2022, नई दिल्ली - क्या आप पूरे दिन और हफ्ते के हर दिन एक्टिव लाइफस्टाइल और मनोरंजन के खुबसूरत मिश्रण के साथ बढीया ट्रोपीकल मालदीव सैर की तलाश में है? कांदिमा मालदीव में, हम पार्टी के लिए सभी क्रियाओं को एक धमाके और कभी न खत्म होने वाली मस्ती के साथ शुरू करते हैं! कांदिमा मालदीव यात्री की मालदीव के लिए उत्सुकता को फिर से बढा देता है। अपना मनपसंदीदा लाइफस्टाइल का चुनाव करें। कांदिमा मालदीव की खुबसूरती के आनंद में डूब जाने का आनंद ले। आपकी ही पसंद है! # MyKindOfPlace रिसॉर्ट में हर दिन जीवन का उत्सव है! चाहे आप अपने साथी को लुभाना चाहते हैं, या अपने परिवार या दोस्तों को याद रखने के लिए ओह-सो-स्टाइलिश छुट्टी के साथ वाह करना चाहते हैं, कंदिमा मालदीव सभी के लिए अंतिम ट्रॉपिकल द्वीप स्वर्ग है। रिजॉर्ट प्रत्येक दिन सुबह से रात तक मजेदार मनोरंजन और चुनने के लिए कूल अनुभवों की एक लम्बी लिस्ट देता है। भारत या दुनिया भर से आने वाले यात्रियों के लिए सबसे ऊपर गो-टू डेस्टिनेशन के रूप में, हम लोगों के लाइफस्टाइल के बारे में सोचते है, इस जैसा कही और नहीं! तो बाहर आइए और हमारे रिसोर्ट के मनोरंजक लाइफस्टाइल में आप जैसे चाहे वैसे आनंद ले। #KandimaNeverSleeps. यहां थोड़ा सा झुकाव आपके गर्मियों की छुट्टियों के गोल्स को पूरा करने की तरफ है # AnythingButOrdinary! द्वीप पर सबसे अच्छे लाइव मनोरंजन स्थलों के बारे में अधिक जानें और आप इसे केवल कंदिमा मालदीव में हर दिन शैली में कैसे जी सकते हैं: द्वीप पर सबसे अच्छे लाइव मनोरंजन स्थलों के बारे में अधिक जानें और आप इसे केवल कंदिमा मालदीव में हर दिन शैली में कैसे जी सकते हैं:

बीच क्लब और ब्रीज पूल बार पर रात में स्प्लैश और मनोरंजन का मजा उठाये

ज्यादा बीच, चिंता कम! बीच क्लब में दिनों को रातों में बदल दें, परिवारों, कपल्स या सिंगल्स के लिए एक आदर्श घूमने का स्थान। मनोरंजन की दुनिया को हर तरफ से देखे क्योंकि डीजे अपनी पार्टी की धुनों के साथ आपका मनोरंजन करते हैं। फ्रूटी कॉकटेल, टेस्टी शॉट्स में खुद को डूबा दे या पूल के किनारे

- अनुभव करे #AnythingButOrdinary entertainment line ups every week!!
- इन पसंदीदा नए मौसम के अनुसार टेलरमेड ऑफर को अच्छे दामो में बुक करें: परिवार के लिए 'परिवार के साथ मजे' और कपल्स के लिए 'जन्नत के नजारे'

स्टाइलिश कैबाना में आराम करें। बीच क्लब में सप्ताह में एक बार हमारी उबर फन पार्टी के मजे ले और सूरज के डूबने तक आनंद ले, जबकी डीजे शाम को पॉजिटिव वाइब्स से भर देगा खुबसूरत गानों के साथ! अपने प्रियजनों के साथ अच्छा समय बिताने के लिए, बीच क्लब द्वारा यूएफओ पॉड्स या कैबाना में जाएं, जहां के'क्रू मुंह में पानी लाने वाले सिग्नेचर कॉकटेल परोसता है।

इससे ज्यादा और क्या? 'स्पलैश द सन अवे पार्टी' या 'मिक्स एंड मिंगल कॉकटेल' अन्य विशेष साप्ताहिक मजेदार पार्टी और मेल-जोल हैं जो मेहमानों के लिए कोम्प्लिमेंतारी हैं। मौज करने के लिए एक शानदार और स्टाइलिश जगह की तलाश है? जैसे ही सूरज होरीजन में पिघलता है, आराम करें और तब तक आनंद ले जब तक कि सितारे ऊपर चमकने न लगें! ब्रीज पूल बार जिसमें सप्ताह की हर रात एक नई थीम नाइट पार्टी होती है, लैटिन से रेगे तक, रॉक से रेट्रो तक, और उससे भी ज्यादा! जब आप ट्रॉपिकल कॉकटेल और फ्लेवर्ड शीशों का आनंद लेते हैं, तो संगीत आपको थिरकने पे मजबूर कर देता है और रॉकिंग लाइव बैंड या कूल डीजे आपको हिला देते हैं।

# मतदाता सूचियों को अपडेट करने को लेकर एसडीएम ने ली विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक

» मदरलैंड संवाददाता



हांसी । हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा की गई नगर निकाय चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रशासन ने निकट भविष्य में होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर भी तैयारियां शुरू कर दी है। इस उद्देश्य को लेकर एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने अपने कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक ली।

एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार मतदाता सूचियों को अपडेट करना सुनिश्चित करें ताकि निकट भविष्य में होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि 23 मई 2022 से 13 जून 2022 तक मतदाता सूचियों को अपडेट करने का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई 2022 को सभी ग्राम पंचायतों ,पंचायत समितियों तथा जिला परिषदों की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि मतदाता सूचियों को अपडेट करने का कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय अवधि में हर हाल में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

एसडीएम ने बताया कि 15 जून 2022 को कोई भी मतदाता मतदाता सूचियों से संबंधित अपने दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवा सकते हैं। इसके बाद दावे एवं आपत्तियां का निपटारा करवाने के लिए 21 जून तक जिला निर्वाचन अधिकारी के सम्मुख दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि 28 जून तक दर्ज सभी आपत्तियों एवं दावे का निपटारा किया जाएगा तथा 1 जुलाई 2022 तक उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के सम्मुख जिला इलेक्ट्रोल ऑफिसर के निर्णय के विरुद्ध दावे एवं आपत्तियां निपटारे के लिए अपील की जा सकती है। यहां दर्ज दावे एवं आपत्तियों का निपटारा 6 जुलाई 2022 तक किया जाएगा। इसके बाद 22 जुलाई 2022 को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

इस बैठक में नवीन मलिक एस ईपीओ, विकास कुमार , ग्राम सचिव सतीश कुमार ,कुलदीप सिंह ,देशराज, संदीप, रमेश, ग्राम सचिव लवकेश, स्टेनो संतोष गिल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# ‘कूलिंग ऑफ पीरियड’ का कानून कब बनाओगे सरकार?

» आराधना भार्गव

देश की सबसे बड़ी अदालत ने ‘कूलिंग ऑफ पीरियड’ का कानून बनाने की जिम्मेदारी विधायिका पर छोड़ दी है, मतलब स्पष्ट है कि कानून बने तब जाकर ही चुनाव प्रक्रिया में सुधार का नया दौर शुरू हो सकता है। हालाकि चुनाव आयोग ह्यकूलिंग ऑफ पीरियडह्ल तय करने के पक्ष में रहा है लेकिन महज सुझाव तक ही बात आकर अटक गई। कई साल पहले भाजपा के दिवंगत नेता अरूण जेठली जी ने तो जजों के लिए भी कूलिंग ऑफ पीरियड के कानून की वकालत की थी। उनका कहना था कि जजों की सेवा निवृत्ति के पहले दिये गये फैसले सेवा निवृत्ति के बाद मिलने वाले फायदों से प्रभावित होते हैं। रामलला की जन्मस्थली अयोध्या का फैसला भी माननीन स्वर्गीय अरूण जेठली जी की इच्छा के विरूद्ध दिया गया फैसला है, ऐसा हम मान सकते हैं। सेवा निवृत्ति के तत्काल बाद, सेवा निवृत्त न्यायधीश को अहम पदों पर नियुक्तियाँ मिलने लगी हैं। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश को भी सेवा निवृत्ति के बाद राज्य सभा में भेजने के पश्चात, देश में उंगलियाँ उठना शुरू हो गई, तथा देश में यह संदेश भी गया कि शासन के पक्ष में फैसला करने पर न्यायधीशों को सरकार कैसे पुरूस्कृत करती है? देश को आशा थी की कानून के ज्ञाता राज्यसभा में पहुँचे हैं, तो यूएपीए जैसे कानून बनने के पूर्व वे भारत के संविधान के मौलिक अधिकार एवं प्राकृतिक न्याय के खिलाफ बनने वाले कानून पर अपनी सख्त प्रतिक्रिया देंगे तथा सदन को ढप्प कर देंगे, परन्तु दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि उनकी सदन में बोलते हुए तस्वीर भी इस देश की जनता ने नही देखी। इस देश में कानून, देश की जनता के हित के लिए बनाये जाते हैं, कानून के लिए जनता नही बनाई जाती, इस फर्क को हमारी विधायिका को समझना होगा। मिशाल के तौर पर छिन्दवाड़ा में जिलाधीश के पद पर कार्यरत अधिकारी जिन्हें बाद में कमिश्नर के पद पर नवाजा गया। मॉचागोरा बाँध के प्रभावित किसानों के साथ जमकर धोखाधड़ी की गई, आन्दोलनकारियों को जेल के अन्दर भेजा, मॉचागोरा बाँध में भ्रष्टाचार की नदियाँ बहाई, आज भी मॉचागोरा बाँध उनके नाम पर सिसक रहा है। नहरें नदारत है पॉलिथिन बिछाकर किसानों को पानी दिया जा रहा है उस पर भी नहरें फूटकर किसानों के खेत में दलदल में तबदील हो रही है। विश्वत सूत्रों से जनकारी मिली है कि महोदयजी के सेवा निवृत्त होने के पश्चात एक पार्टी ने उनकी सदस्यता ग्रहण करा ली है और निकट भविष्य में विधान सभा का चुनाव लड़ने हेतु टिकिट भी दी जाने वाली है। सरकार चाहे किसी भी दल की हो, सत्ता में बदलाव के साथ ही नौकरशाही में फेर बदल की प्रक्रिया साफ तौर पर यह दशार्ती है कि दल के प्रति निष्ठावान व्यक्तियों को ही स्थान मिलता है। जब कोई नौकरशाह अचानक किसी दल के साथ बतौर उम्मीद्वार सामने आता है तो उसके कार्यकाल को लेकर भी राजनीतिक दलों से प्रभावित होने का संदेह उठ खड़ा होता है। आम जनता के बीच में यह चर्चा का विषय मेरे ख्याल से इसलिये नही बन पाता कि लोग सोचते हैं जिलाधीश या न्यायाधीश, पुलिस अधिक्षक आदि पदों पर आसीन व्यक्ति राजनीति में पदार्पण करेगा तो देश तरक्की करेगा, लेकिन वास्तविक स्थिति कुछ और है, नौकरशाह जब अचानक राजनीति में पदार्पण करते है तो उन्हें देश के अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्ति का दर्द और पीड़ा का एहसास नही होता। कानून का ज्ञान तो उन्हें अवश्य होता है क्योंकि उन्होंने कानून का अध्ययन किया है, लेकिन समाज का अध्ययन ना किये जाने के कारण समाज का ज्ञान उन्हें नही होता। नौकरशाह आज भी निष्पक्ष होकर अपना काम नही कर पाते विधायिका के इशारों पर कार्यपालिका काम करती है और इसी कारण नौकरशाहों को समाज के अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्ति की तश्वीर भी दिखाई नही देती और इसी कारण वे संसद में पहुचकर तार्किक तरीके से बनने वाले कानून पर अपनी प्रतिक्रिया नही दे पाते। क्योंकि समाज का अध्ययन वे नही करते। हमें हमारे देश में समाज का अध्ययन करके कानून बनाने वालों की आवश्यकता है जैसे कि स्वर्गीय मधु लिमये जी करते थे। मधु लिमये जी पर लगभग झूठे 32 मुकदमें लादे गये अपने प्रक्ररण की पैरवी वे स्वयं करते थे, जब वे पैरवी करते थे तब न्यायाधीश मंत्र मुग्ध होकर उनकी बातों को सुनते थे उनके द्वारा की गई बहस पर निर्णय में प्रतिक्रिया भी देते थे। दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि आज की विधायिका कानून बनाने में कोई रूचि नही लेती, इस कारण नौकरशाह कानून बना रहे हैं, जिसका खामियाजा देश को भुगतना पड़ रहा है। राज्य यानी सरकारें कोर्ट्स में सबसे बड़ी मुकदमेबाज है यह बात हमारे सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य नयायाधीश ने कही और हम प्रतिदिन देखते हैं कि न्यायालय में लम्बित मामले यह दशार्ते है कि सरकार अगर चाहती तो फैसला देकर प्रकरण की बाहुल्यता को रोक सकती है। उसी तरीके से अपराधिक प्रकरण में अगर हम देखें तो सरकार के इशारे पर पुलिस फर्जी मुकदमें तो बनाकर न्यायालय में पेश कर देती है किन्तु प्रकरण के शीघ्र निपटारे में सरकार की एवं पुलिस की कोई रूचि नही दिखाई देती। सरकारी गवाह के आभाव में मुकदमें सालों लम्बित रहते हैं, सरकारी गवाह को न्यायलय में उपस्थित करना पुलिस की जवाबदेही होती है जिसका निर्वाहन करते देश की पुलिस कम ही दिखाई देती है। सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों को फर्जी मुकदमों में फंसाकर सरकार अपने आपको गौरवान्वित मेहसूस करती है।

हाल ही में चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया ने प्रधानमंत्री की उपस्थिति में, कार्यपालिका और विधायिका पर अपने पूरी क्षमता से काम ना करने का अरोप लगाते हुए कहा कि कार्यपालिका न्यायिक आदेश की भी अवहेलना करती है। अदालत की अवमानना के बढ़ते मामले इसका प्रमाण है। उच्च न्यायालय में सरकार के खिलाफ जनहित याचिका या अन्य सिविल (दीवानी) मामलों में दायर होने के पश्चात सरकार मुकदमा हारने तथा प्रार्थी के मुकदमा जीतने पर माननीय न्यायालय के आदेश का पालन नही करती बल्कि उस आदेश को तोड़ मरोड़ कर आदेश की अव्हेलना करती है, इस प्रकार सरकार के खिलाफ माननीय न्यायालय के अवमानना के अनेक प्रकरण लम्बित पड़े हैं। पिछले सप्ताह उच्चतम न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद राजधानी दिल्ली की जहांगीरपुरी में कुछ समय तक सरकार बुलडोजर चलाती रही, न्यायिक निदेर्शों के बावजूद सरकारों का जानबूझकर निष्क्रियता दिखाना लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए अच्छा नही है। अदालत की अवमानना के बढ़ते मामले इसका प्रमाण है। न्यायपालिका की टिप्पणी कार्यपालिका को बेहद गम्भीरता से लेनी होगी। वर्तमान समय में ईडी, आयकर या अनेक सरकारी एजेन्सीयों द्वारा राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ मुकदमों के तमाम मामले सुप्रीमकोर्ट के सामने बहस हेतु लम्बित है, जो यह दशार्ते हैं कि राज्य याने सरकारों कोर्ट्स में सबसे बड़ी मुकदमेबाज है। सरकार की गलत नीतियों का विरोध करने वालों पर यूएपीए के मामले तत्काल रजिस्ट्रर कर उन्हें जेल के सींखचों के अन्दर डाल दिया जाता है। यूएपीए के प्रकरणों में सजा की दर 2.1 प्रतिशत है। 98 प्रतिशत मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार तो कर लिया लेकिन अपेक्षित साक्ष्य नही जुटा पाई, परिणाम स्वरूप न्यायिक प्रक्रिया में कोर्ट का समय ही खराब हुआ और न्यायालय में प्रकरण की बाहुल्यता बढ़ी, तथा जनता का न्यायपालिका से विश्वास घटा। देश की जनता का न्यायापालिका से विश्वास घटना लोकतंत्र के लिए हानिकारक है। हमारे बीच मधु लिमये जैसे सांसद होते तो संसद में उपरोक्त लिखित बातों पर तार्किक तरीके से अपनी बात रखते तथा कहते कि न्यायालय की आदेश की अव्हेलना गंभीर मुद्दा है। लोकतंत्र के इन स्तम्भों के बीच बढ़ती इस खाई को पाटने की जरूरत है। आइये हम सब मधु लिमये जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर यह संकल्प लें कि कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकें तथा कार्यपालिका कानून-सम्मत तरीके से बगैर राजनीतिक दबाव में आए काम करें ह्यहम भारतह्य के लोग भारत को प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, धर्म निरपेक्ष्य, लोकतात्रिंक गणराज्य, बनाने के लिए, सड़क से संसद तक अपनी लड़ाई शुरू करें, तभी आम जन का विश्वास लोकतंत्र पर होगा।

## संपादकीय



### चीन-अमेरिका में ठनी

जापान में क्वाड समिट से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन को ताइवान के मसले पर कड़ा संदेश दिया है। जो बाइडेन ने कहा कि यदि ताइवान पर चीन हमला करता है तो फिर अमेरिका उसका जवाब देगा। उन्होंने कहा कि ऐसा होने की स्थिति में अमेरिका की ओर से ताइवान को सैन्य मदद दी जाएगी। यही नहीं उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि चीन खतरे से खेलने का प्रयास कर रहा है। बाइडेन ने कहा कि यह हमारा कमिटमेंट है कि ताइवान की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि वन चाइना पॉलिसी को लेकर सहमत हैं, लेकिन किसी भी क्षेत्र पर यदि चीन की ओर से जबरन कब्जा किया जाता है तो फिर उसका जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा, हम वन चाइना पॉलिसी से सहमत हैं। हमने उस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन बलपूर्वक कुछ भी हथियाने का काम चीन करता है तो वह ठीक नहीं होगा। चीन को लेकर बाइडेन का यह बयान यूक्रेन में रूस को न रोक पाने की विफलता है। अब अमेरिका ताइवान के बहाने उस प्रतिष्ठा को फिर से हासिल करना चाहता है, जो उसने यूक्रेन मसले पर गंवाई है। यूक्रेन जंग से पहले तक अमेरिका के भरोसे रहा। अमेरिका भी यूक्रेन को मदद का भरोसा देता रहा, लेकिन रूस ने देखते-देखते यूक्रेन को खंडहर में तब्दील कर दिया। अमेरिका की किरकिरी के बीच कई छोटे देश अपनी योजना बदलने पर मजबूर हुए। बाइडेन इसकी गंभीरता को समझते हैं। इसीलिए उन्होंने चीन के साथ रूस को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि यूक्रेन में बर्बरता की कीमत व्लादिमीर पुतिन को चुकानी होगी। रूस को लंबे वक्त तक इसकी कीमत अदा करनी होगी। उन्होंने कहा कि यह बात सिर्फ यूक्रेन को लेकर ही नहीं है। अब जो बाइडेन के इस रुख पर चीन भी भड़क सकता है। वह पहले भी कई बार अमेरिका को ताइवान की मदद के मामले में चेतावनी दे चुका है। चीन की विस्तारवादी सोच का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह ताइवान को अपना हिस्सा बताता है। चीन अक्सर ताइवान की सीमा में घुसने की फिराक में रहता है। इसके साथ ही चीन दक्षिणी चीन सागर के अधिकतर हिस्से को अपना बताता है। ताइवान के मुद्दे पर चीन और अमेरिका के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है, लेकिन ताइवान और चीन के आपसी कारोबार में हाल में तेज गति से वृद्धि हुई है। बीते वित्त वर्ष में ताइवान ने चीन को 270 बिलियन डॉलर के बराबर का निर्यात किया। यह ताइवान के सालाना सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 40 फीसदी था। ताइवान की जीडीपी पिछले साल 668 बिलियन डॉलर की थी। इस बीच चीन में ताइवान का निवेश बढ़ कर 200 बिलियन डॉलर की सीमा पार कर गया है। अब ताइवान चीन में सबसे बड़े विदेशी निवेशकों में एक बन गया है। 1991 से मई 2021 तक ताइवान के 44,577 निवेश प्रस्ताव चीन में मंजूर हुए। इनके तहत 193.51 बिलियन डॉलर का निवेश हुआ। ताइवान से चीन को सबसे ज्यादा निवेश कंप्यूटर चिप का हो रहा है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के समय लगाए गए व्यापार प्रतिबंधों के बाद से चीन के सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए ताइवान एक बड़ा सहारा बन गया है।

# राजनीति से परे



शिव प्रकाश

**देश में लाल बत्ती के उपयोग पर प्रतिबंध लगाकर वीआईपी होने की मानसिकता पर ही मोदी जी ने प्रहार किया। उनका मानना है कि जिस नियम एवं अनुशासन के पालन की अपेक्षा सभी देश के नागरिकों से है, वही जनप्रतिनिधि को भी पालन करना चाहिए। जनप्रतिनिधि सेवा भाव से ही विचार करें इसका संदेश भी स्वयं मेट्रो ट्रेन मे यात्रा करके मोदी जी ने दिया है। समाज की कसौटी पर खरा उतरना, सदैव जवाब देह रहना जनप्रतिनिधियों को मोदी जी का सतत संदेश है। परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है। इस कारण परिवारवाद पर प्रहार करते हुए लोकतंत्र को समृद्ध करने के प्रयास हुए है। नई पीढ़ी को समाविष्ट करने के लिए युवाओं को आगे लाना, न्यू इंडिया के मोदी जी के संकल्प को समृद्ध करता है। मन की बात देशभर में सकारात्मक ऊर्जा संचार का माध्यम बनी है अच्छे व्यक्तियों के कार्यों को आगे लाना, सकारात्मक प्रयोगों की चर्चा, उत्सवों का महत्व, महापुरुषों के प्रति श्रद्धा आदि विषय समाज के सामने मन की बात के माध्यम से आए हैं। युवाओं को प्रेरणा देने वाले अनेक प्रयोगो की चर्चा, मन की बात में हुई है। एक भारत- श्रेष्ठ भारत का भाव जगा है।**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 8 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। अष्ट पूर्ति के इस वर्ष को भारतीय जनता पार्टी सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण वर्ष के रूप में संपूर्ण देश में मना रही है। सुदूर ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्र में फैले समाज तक मोदी सरकार के संदेश को पहुंचाने के लिए भाजपा के लाखों कार्यकर्ता 15 दिन तक सक्रिय रहेंगे। प्रतिष्ठित नागरिक, किसान, महिला, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अल्पसंख्यक समाज तक अनेकों प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से गरीब कल्याण के संदेश को पहुंचाने का यह कार्य संपन्न होगा। देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बड़े प्रकल्पों का दर्शन युवाओं को कराने के लिए विकास तीर्थ यात्राओं का भी आयोजन होगा।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार के द्वारा गत 8 वर्षों में देश के उत्थान के लिए अनेक अनुकरणीय पहल हुई है। मोदी जी के हृदय की संवेदना, उनकी सक्रियता, विकास के प्रति उनकी विशिष्ट दृष्टि, समस्याओं का सूक्ष्म अध्ययन, उचित समय पर उचित निर्णय आदि अनेक गुण उनको शेष से कुछ अलग एवं विशेष बनाते हैं। राजनीतिक नेता एवं दल का स्वभाव सामान्यतः एक चुनाव से दूसरे चुनाव तक सोचना, येन-केन प्रकारेण चुनाव जीतने तक रहता है इसी कारण लोकलुभावन वायदे एवं योजनाएं ही राजनीतिक दल बनाते हैं। लेकिन मोदी जी ने 8 वर्षों में अनेक ऐसे निर्णय लिए हैं जिन्हें आगामी दशकों तक समाज स्मरण करेगो इन्हीं निर्णयों एवं कार्यों के कारण देश मोदी जी की सरकार को ह्लवरदानह्व मानता है।

कोई भी देश तभी आगे बढ़ सकता है जब वहां के सभी नागरिक दैनिक जीवन में अनुशासन का पालन करते हुए अपने कर्तव्य का निर्वाह करें। अपने भाग्य का निर्णय कुछ नेताओं और दलों को सौपकर आलोचक वृत्ति अपनाने से आज तक कोई भी देश दुनिया में आगे नहीं बढ़ा। इसी सिद्धांत का स्मरण पूर्व राष्ट्रपति डॉ० एपीजे अब्दुल कलाम हमको कराते थे। वे कहते थे कि भारत का नागरिक जब विदेश में जाकर वहां के नियमों का पालन कर सकता है, तब वही नागरिक भारत में आकर अपने हाथ का कचरा सड़क पर क्यों फेंकता है। मोदी जी ने स्वच्छता अभियान के माध्यम से संपूर्ण नागरिकों में इस कर्तव्य भाव को जगाया है। आज संपूर्ण देश में इसकी अनुभूति छोटे बच्चे से लेकर वृद्ध तक में की जा सकती है। हम अपने सार्वजनिक स्थलों में इस परिवर्तन को प्रत्यक्ष देख सकते हैं।

समाज में घटता लिंगानुपात संपूर्ण समाज के लिए एक विकट समस्या उत्पन्न कर सकता है। यह समस्या किसी एक दल की न होकर संपूर्ण समाज की है, इसका अनुभव करते हुए मोदी जी ने ह्लबेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओह्व के माध्यम से इसका समाधान का मार्ग सुझाया। सेल्फी विथ डॉटर, सुकन्या समृद्धि योजना आदि अनेक योजनाओं का परिणाम है कि लिंगानुपात में गुणात्मक परिवर्तन तो आया ही है, साथ ही साथ कन्या भ्रूण हत्या में कमी, शिक्षा, महिलाओं के प्रति सम्मान, बराबरी का अधिकार, निर्णयों में भागीदारी भी बढ़ी है। समाज में महिलाओं के प्रति देखने की दृष्टि में ही परिवर्तन हुआ है। उदाहरण ही देना हो तो मऊ जनपद (उत्तर प्रदेश) में लिंगानुपात 2014-15 694 से बढ़कर 2019-20 में 951 हुआ।

नमामि गंगे योजना से केवल गंगा ही नहीं, संपूर्ण देश की नदियों, जल एवं पर्यावरण के प्रति समाज की दृष्टि में परिवर्तन हुआ है। जल का सीमित उपयोग, जल की एक-एक बूंद का प्रयोग, जलसंधारण आदि सभी के प्रति जागरूकता आयी है। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवर हमारे देश की जल की समस्या के समाधान में सहायक होंगे। रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के प्रयोग से की हुई खेती से उत्पन्न अन्न हमको बीमार बना रहा है। उत्तम स्वास्थ्य के लिए जैविक, प्राकृतिक खेती एवं गौ आधारित कृषि का बढ़ावा हमारे लिए अचूक रामबाण उपाय सिद्ध होगा। अर्थ संकल्प में स्वीकृत अब गंगा के किनारे 5 किलोमीटर का गलियारा प्राकृतिक खेती के लिए होगा एवं 20 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल जैविक खेती से युक्त होगा।

भ्रष्टाचार हमारे देश को दीमक की तरह खा रहा है। मोदी जी का यह संकल्प ह्लन खाऊंगा, न खाने दूंगाह्व उनके पारदर्शी, सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता के संकल्प का स्मरण कराता है। भ्रष्टाचार रोकने के लिए तकनीक का प्रयोग, ई-बैंकिंग व्यवस्था, डीबीटी स्कीम सहायक बनी है। अब उचित व्यक्ति तक निश्चित धनराशि पहुच रही है। विकास श्रृंखला में आकांक्षी जिलों का विकास उनकी विकास के प्रति एक अलग दृष्टि को प्रकट करता है।

चिकित्सा क्षेत्र में आयुर्वेद का विकास एक सराहनीय पहल है। कोरोना के अनुभव ने आयुर्वेद को वैश्विक स्वास्थ्य समाधान के रूप में स्थापित किया है। आयुर्वेद में बजट का बढ़ाना, आयुर्वेद पर शोध एवं आयुर्वेद पर्यटन के माध्यम से विश्व भर में आयुर्वेद को स्थापित किया जा रहा है। आयुर्वेद के साथ ही साथ योग अब विश्व भर में लोकप्रिय विषय बना है। वैश्विक मांग की पूर्ति के लिए प्रशिक्षित योग सेना तैयार करने का प्रयास हो रहा है। 21 जून योग दिवस अब विश्व भर में स्थापित हुआ है। मास्को से माले तक 19 मिशनों एवं वाणिज्य दूतावासों में योग की शिक्षकों की नियुक्ति हुई है।

देशभर में खादी खरीदने के आग्रह के परिणाम स्वरूप खादी की बिक्री बढ़ी है। खादी के माध्यम से स्वदेशी, कुटीर उद्योग एवं रोजगार आदि सभी क्षेत्रों में लाभ हुआ है। कांग्रेस केवल खादी के नारे ही लगाती रही, मोदी जी ने पुनः देश में खादी को स्थापित कर दिया। 2014 में 66.81 लाख रुपये की बिक्री हुई, वही 13 नवंबर 2020 एक ही दिन में 111.40 लाख रुपये की बिक्री हुई है।

देश में उत्कृष्ट एवं रचनात्मक कार्यों के प्रोत्साहन के लिए पदम पुरस्कार महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा दिए जाते हैं। कुछ दशकों पूर्व पदम पुरस्कार का राजनीतिकरण विवाद का विषय बना था। प्रधानमंत्री मोदी जी ने इस प्रक्रिया को बदला। अब पुरस्कार के लिए व्यक्ति की पहचान नहीं बल्कि उसके कार्य की पहचान आधार बन गया है। अब किसानों, गांव एवं कस्बों में रहने वाले गुमनाम लोग को पदम पुरस्कारों से सम्मानित किया जा रहा हैं। मैला ढोने वाली अलवर राजस्थान की महिला उषा चौहान पदम श्री पाकर अपने को गौरवान्वित अनुभव कर रही हैं।

देश में लाल बत्ती के उपयोग पर प्रतिबंध लगाकर वीआईपी होने की मानसिकता पर ही मोदी जी ने प्रहार किया। उनका मानना है कि जिस नियम एवं अनुशासन के पालन की अपेक्षा सभी देश के नागरिकों से है, वही जनप्रतिनिधि को भी पालन करना चाहिए। जनप्रतिनिधि सेवा भाव से ही विचार करें इसका संदेश भी स्वयं मेट्रो ट्रेन मे यात्रा करके मोदी जी ने दिया है। समाज की कसौटी पर खरा उतरना, सदैव जवाब देह रहना जनप्रतिनिधियों को मोदी जी का सतत संदेश है।


परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है। इस कारण परिवारवाद पर प्रहार करते हुए लोकतंत्र को समृद्ध करने के प्रयास हुए है। नई पीढ़ी को समाविष्ट करने के लिए युवाओं को आगे लाना, न्यू इंडिया के मोदी जी के संकल्प को समृद्ध करता है।

मन की बात देशभर में सकारात्मक ऊर्जा संचार का माध्यम बनी है अच्छे व्यक्तियों के कार्यों को आगे लाना, सकारात्मक प्रयोगों की चर्चा, उत्सवों का महत्व, महापुरुषों के प्रति श्रद्धा आदि विषय समाज के सामने मन की बात के माध्यम से आए हैं। युवाओं को प्रेरणा देने वाले अनेक प्रयोगो की चर्चा, मन की बात में हुई है। एक भारत- श्रेष्ठ भारत का भाव जगा है। धारा 370 एवं 35-ए हटाकर देश की एकता को सुदृढ़ करने का ऐतिहासिक कार्य हुआ है।

हमारी सनातन संस्कृति का लोक कल्याणकारी स्वरूप विश्व के प्रति हमारा वसुधैव कुटुंबकम का संदेश अपने भाषणों के माध्यम से सदैव विश्व भर में मोदी जी ने दिया है। अपने श्रद्धा स्थानों को पुनः स्थापित करने के अनेक उदाहरण जैसे श्री राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण, बाबा केदारनाथ का सौन्दर्यकरण जगतगुरु आदि शंकराचार्य जी की प्रतिमा की प्रतिष्ठा का माध्यम मोदी जी बने हैं। सभी मतावलम्बियो के श्रद्धा स्थानों पर जाकर श्रद्धा व्यक्त करने का मोदी जी का प्रयास सांस्कृतिक एकता को स्थापित करता है विद्वानों का मानना है कि सांस्कृतिक पुनरुत्थान का जो प्रयास महारानी अहिल्याबाई ने आज से लगभग 300 वर्ष पहले किया था वही इस सदी में मोदी जी के द्वारा हो रहा है।

8 वर्षों की शासन अवधि में समाज जागरण, देशभक्ति का उद्घोष, विकास की नियोजित दृष्टि, भारत को आगे बढ़ाने की ललक सामान्य नागरिक में मोदी जी ने जगाई है। विश्व भर मे फैले भारतीयों को भारत से जोड़ना एवं विश्व में भारत की प्रतिष्ठा को स्थापित करने का अद्वितीय कार्य मोदी जी के द्वारा हुआ है। सांस्कृतिक जागरण का जो कार्य मोदी जी के द्वारा हुआ है, उसकी अनुगूंज दशकों तक सुनाई देगी।

# रिश्वत के बिना नेता कैसा?



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने वह काम कर दिखाया है, जो आज तक देश का कोई प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री नहीं कर सका। क्या आपने सुना है कि किसी मंत्री को उसके अपने मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के आरोप में बर्खास्त ही नहीं किया बल्कि गिरफ्तार करवा दिया? मुख्यमंत्री मान ने अपने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. विजय सिंगला के खिलाफ यह ऐसी सख्त कार्रवाई की है, जिसका अनुकरण देश के हर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को करना चाहिए। सिंगला और उसके ओएसडी प्रदीपकुमार को इसलिए गिरफ्तार किया गया कि उन दोनों ने किसी ठेकेदार से 2 प्रतिशत रिश्वत मांगी। 58 करोड़ रु. के काम में यह रिश्वत बनती है, 1 करोड़ 16 लाख रु.! ठेकेदार ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर दी। यह शिकायत 21 अप्रैल को की गई थी। मुख्यमंत्री ने इस मंत्री पर निगरानी बिठा दी। जब कल सिंगला को बुलाकर पूछताछ की गई तो उसने भगवंत मान के सामने रिश्वत की बात कबूल कर ली। प्रायः रिश्वतखोर नेता ऐसी बातों को कबूल करने से मना करते हैं और उन्हें किसी बहाने के आधार पर मंत्रिपद से हटा दिया जाता है। मुझे कई मुख्यमंत्रियों और प्रधानमंत्रियों ने कई बार अपने ऐसे मंत्रियों के गोपनीय किस्से बताए हैं लेकिन असली सवाल यह है कि देश में कौनसा ऐसा नेता है, जो यह दावा कर सके कि सत्ता में रहते हुए उसने कभी रिश्वत नहीं ली है? ये बात अलग है कि कई बार लोग कुछ काम करवाने के लिए रिश्वत देने को मजबूर होते हैं और कई बार लोग रिश्वत को नजराने के तौर पर देते रहते हैं ताकि काम पड़ने पर उस रिश्वतखोर की मदद ली जा सके। भारत की ही नहीं, सारी दुनिया की राजनीति का चरित्र ही ऐसा बन गया है कि रिश्वत के बिना उसका काम चल ही नहीं सकता। किस-किस देश के राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों



पर भ्रष्टाचार के मुकदमे नहीं चले हैं और कौन-कौन हैं, जिन्होंने जेल नहीं भुगती है? वे भाग्यशाली हैं, जो जेल जाने से बच गए हैं। लगभग डेढ़-दो हजार साल पहले ‘नीतिशतक’ में महाराजा भर्तृहरि ने लिखा था कि ‘राजनीति वेश्या की तरह है। वह बहुरुपधरा है। वह जमकर खर्च करती है और उसमें नित्य धन बरसता रहता है।’ इसीलिए सिंगला की पकड़ाई पर मुझे आश्चर्य नहीं हुआ। आश्चर्य तो इस बात पर है कि इसी तरह के आरोपों पर अन्य राज्यों और केंद्र में क्या हो रहा है? क्या हमारे सारे मंत्री और अफसर दूध के धुले हैं? नेता लोग जो रिश्वत लेते हैं, उसका बड़ा हिस्सा प्रायः उनकी पार्टी के काम आ जाता है लेकिन उनकी देखादेखी जो अफसर रिश्वत खाते हैं, वे उसे पूरी तरह हजम कर जाते हैं। वे डकार भी नहीं लेते। झारखंड में अभी ऐसा ही एक मामला पकड़ा गया है। अफसरों की रिश्वतखोरी के कई मामले अभी भी सामने आ रहे हैं लेकिन ये तो फूल-पत्ते भर हैं। भ्रष्टाचार की असली जड़ तो नेताओं में निहित है। यदि नेता ईमानदार हों तो किसी अफसर की क्या हिम्मत कि वह रिश्वत लेने की इच्छा भी करे। जिस नौजवान को राजनीति में आगे बढ़ना है, उसे दो हथियार धारण करने जरुरी हैं। एक तो खुशामद और दूसरा रिश्वतखोरी! ये दोनों ही अत्यंत उच्च कोटि की कलाएं हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

संक्षिप्त समाचार

## एसएसबी और नेपाल सशस्त्र प्रहरी ने सीमा पर की सयुंक्त गश्त



मदरलैण्ड संवाददाता, अररिया। मंगलवार को 56वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बथनाहा के अन्तर्गत 'सी' कंपनी फूलकाहा के प्रभारी देवेन्द्र देवरी के नेतृत्व मे नेपाल सशस्त्र बल कप्तानगंज के साथ सीमा पर संयुक्त गश्त की। इस दौरान सयुंक्त गश्ती दल ने सीमा पीलर सं० 187/1 से लेकर 188 तक पैदल गश्त किया। संयुक्त गश्ती दल ने नो मेंसलैंड पर मौजूद पिलरों का निरीक्षण भी किया। सरहद के पगडंडियों से आवागमन कर रहे लोगों के सामनों की जांच किया। वही एसएसबी के अधिकारियो के अनुसार सीमा पर कोई भी नया अतिक्रमण नही पाया गया तथा बॉर्डर पिलर की स्थिति पूर्व की तरह पाई गई। संयुक्त गश्त में नेपाल सशस्त्र प्रहरी के तरफ से स. उप. नि. इन्द्र बासनेत,स.मु.आ. मोहन ठाकुर,आ. यूवराज गुरुन्ग,,आ. भीम बासनेत एवं 56वी वाहिनी एसएसबी की ओर से उप.नि.सा. देवेन्द्र देवरी,सा. आ. अजय त्यागी,आ. सा. विश्वजीत बिश्व,आ.सा. मल्लिकार्जुन,सिंगागप्पा सिदनल आदि मौके पर मौजूद थे।

## मतदान केंद्र से 54 मतदानकर्मी अनुपस्थित रहे, उपायुक्त अबु इमरान ने कड़ी नाराजगी जतायी



मदरलैण्ड संवाददाता, लातेहार। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण के मतदान में 54 मतदान कर्मी मतदान केंद्र में अनुपस्थित पाए गए जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पं) सह उपायुक्त लातेहार अबु इमरान ने इस पर कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने उक्त सभी 54 अनुपस्थित मतदान कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग किया है। उन्होंने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 134 के तहत अनुपस्थित मतदान कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लातेहार ने विभागीय कार्रवाई हेतु सम्बंधित विभाग के पदाधिकारी को पत्र भेजने का भी निर्देश दिया है।

## देशी एवं विदेशी शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार गया जेल

मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। मध निषेध विभाग की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से मंगलवार की शाम बरियारपुर पश्चिमी गांव से एक युवक को देशी एवं विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया.गिरफ्तार युवक बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड दस निवासी स्वर्गीय विनोद चौधरी के पुत्र गुड्डू कुमार है, जिसे पुलिस ने उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे बुधवार को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया.इसकी जानकारी थानाध्यक्ष सुदीन राम ने दी है.उन्होंने बताया कि एएलटीएफ टीम प्रभारी भोला कुमार शर्मा को गुप्त सूचना मिली कि बरियारपुर पश्चिमी पंचायत भवन के समीप देशी एवं विदेशी शराब का अवैध धंधा किया जा रहा है.उक्त सूचना पर छापेमारी कर पुलिस को देखकर भाग रहे एक युवक को शक के आधार पर उसे खदेड़ कर खेत से पकड़ लिया गया.जांच पड़ताल के दौरान उसके हाथ में रखें बैंग से 750 एमएल का तीन बोतल विदेशी एवं दो लीटर देशी शराब बरामद किया गया है.

## मतदान कर्मियों एवं मतदाताओं के लिए एआईपीआईएफ ने किया पेयजल की व्यवस्था




मदरलैण्ड संवाददाता, लातेहार। बालूमाथ गर्मी को देखते हुए बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के कन्या मध्य विद्यालय में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर हो रहे मतदान कार्य के दौरान अखिल भारतीय पायमे इंसानियत फोरम (एआईपीआईएफ) इकाई बालूमाथ द्वारा आज उपस्थित मतदान कर्मियों एवं मतदाताओं के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई। मौके पर मौजूद कार्यकताओं ने मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं के साथ ही सुरक्षाबलों और मतदान कर्मियों को पीने का पानी उपलब्ध कराया। इस दौरान फोरम के वसीम अकरम नदवी, आयशा गर्ल्स एकेडमी के नजरें तोहिद, असलम नदवी, एहसान अनवर नदवी समेत कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## आपसी विवाद में दो घायल



मदरलैण्ड संवाददाता, लातेहार। लातेहार जिला के बालूमाथ थाना क्षेत्र के मूरपा पंचायत में आपसी विवाद में दो लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार आपसी विवाद में मो० शफकत अंसारी, मो० आलम मिया,घायल हो गये जिसके बाद परिजनों ने घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया,चिकित्सक अशोक उड़िया के द्वारा घायलों को प्राथमिक उपचार की गई। मामले की सूचना बालूमाथ थाना पुलिस को घायल के परिजनों द्वारा दे दी गई है।

## पुलिस ने कीया देशी शराब बरामद, दो धंधेबाज गिरफ्तार

मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। तरैया थाना क्षेत्र के फेनहरा गांव से मंगलवार की रात्रि में एएलटीएफ टीम व तरैया पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर 10 लीटर देशी शराब बरामद किया है। वहीं मौके से दो धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि फेनहरा गांव में शराब के कारोबारी चोरी-छिपे शराब की बिक्री कर रहे हैं। जिसके बाद एएलटीफ टीम मसरख और तरैया थाना पुलिस ने नाटकीय ढंग से फेनहरा गांव में छापेमारी किया तो रंजीत प्रसाद के घर के बगल में झाड़ी से 10 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। वही पुलिस ने मौके से दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार धंधेबाजों से पूछताछ कर रही है।

# आरसीपी सिंह ने राज्यसभा टिकट पर पहली बार खोला मुंह, नीतीश कुमार पर भी खुलकर बोले

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। जनता दल यूनाइटेड की ओर से केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह उर्फ आरसीपी सिंह को दोबारा राज्यसभा भेजे जाने पर सस्पेंश खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। वजह यह है कि इस मसले पर जदयू का कोई नेता खुलकर बोलने को तैयार नहीं दिख रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जदयू अध्यक्ष ललन सिंह और संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा तक इस सवाल का जवाब लगातार टालते जा रहे हैं। खुद आरसीपी भी इस मसले पर बात नहीं कर रहे थे। इसके कारण तमाम अफवाहें उड़ने लगीं तो अब जाकर आरसीपी को अपना मुंह खोलना ही पड़ा है।

**नीतीश कुमार के साथ संबंधों पर भी बोले**

आरसीपी सिंह ने कहा है कि वे 31 मई के पहले राज्यसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल कर देंगे। उन्होंने दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके संबंध अटूट हैं। उन्होंने बताया कि दोनों कई दशक से एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। आरसीपी ने कहा कि जब नीतीश कुमार केंद्रीय मंत्री थे, तब से उनके साथ काम करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि वे जदयू का हिस्सा हैं और इसी पार्टी से राज्यसभा में जाएंगे। हालांकि उन्होंने यह भी जोड़ा कि नीतीश कुमार हमारे नेता हैं और फैसला उन्हीं को लेना है।

**जल्दी आ सकते हैं पटना**

आरसीपी सिंह मंगलवार की दोपहर दिल्ली रवाना हो गए थे। इसके चलते तमाम तरह की कयासों को बल मिला। अब आरसीपी ने बताया कि वे मंत्रिमंडल की बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली आए थे। उन्होंने कहा कि आम तौर पर वे मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पटना लौट जाते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि आरसीपी सिंह आज शाम तक पटना आ सकते हैं। आरसीपी सिंह ने एक दिन पहले कहा था कि उनके रिश्ते सभी से बेहतर हैं। आपको बता दें कि बिहार में ऐसी चचाएं जोर पकड़ती रही हैं कि आरसीपी सिंह के रिश्ते जदयू के मौजूदा अध्यक्ष ललन सिंह से बेहतर नहीं हैं। ललन सिंह से पहले आरसीपी ही जदयू के अध्यक्ष थे। आरसीपी ने कहा कि ऐसी चचाओं और खबरों को कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि रिश्तों में दूरी की बात बेबुनियाद है।

# पटना के जिलाधिकारी ने किया फतुहा में सरकारी कार्यों की समीक्षा



» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। फतुहा प्रखंड के पितांबरपुर पंचायत में बुधवार को पटना के जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह ने बिहार सरकार द्वारा किए सरकारी कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।उनके साथ बीडीओ धर्मवीर कुमार,सीओ अनिता भारती,सीडीपीओ जया मिश्रा,

एम०ओ० रंजीता वर्मा सहित प्रखंड के कई पदाधिकारी मौजूद थे।सर्व प्रथम जिलाधिकारी पितांबरपुर पंचायत के सोनारू गांव गये जहां नल -जल योजना की समीक्षा की इस दौरान मोटर जला पाया गया जिसे अविलंब बनाने का निद्रेश दिया। उसके बाद आंगनवाड़ी केन्द्र,गली नली का का भी निरीक्षण किया।उसके बाद पितांबरपुर गांव गये जनवितरण प्रणाली की दुकान,उप स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनवाड़ी केन्द्र, गली-नली,नल-जल सहित जल -जीवन हरियाली के तहत जीणोद्धार किए गये कुंए को भी देखा और संतुष्ट पाये।बीडीओं धर्मवीर कुमार ने बताया की नल- जल योजना के तहत अगर लगे पाईप फट गये है तो इसके लिए ऐजेंसी चयनित की गयी है जो युद्व -स्तर पर कार्य कर मरम्मत करेगी।

# माँ ने अपने अवैध सम्बंध को छुपाने के लिए अपने ही बडे पुत्र सुरज की करादी हत्या

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। बीते सोमवार को फतुहा पुलिस को मोजिपुरा गढोचक्र रेलवे पुल के पास एक युवक का सिर कटा लाश मिली थी, उसके बाद फतुहा पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए जाँच शुरू की गई, फतुहा एस डी पी ओ राजेश कुमार माँझी के नेतृत्व एक टीम का गठन किया गया, इस टीम में फतुहा थानाअध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश ,एस आई ललीत विजय,एस आई राजेश कुमार थे, उसके बाद सबसे पहले शव के सिर को पुलिस ने खोज निकाला,उसके बाद पुलिस के द्वारा शव की पहचान सुरज के रूप में हुई, जो दिदारगंज के कटरा बाजार का रहने वाला था, पुलिस ने जाँच को आगे बढाते हुए पहले धर्मेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया, धरमेंद्र जो सुरज का किरायदार था, पुलिस ने जब धर्मेंद्र से पूछताछ की तो धर्मेंद्र ने सारी बातों को कुबूल किया उसके बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, फतुहा पुलिस अनुमंडल के एस डी पी ओ राजेश कुमार मांझी के द्वारा फतुहा थाने में बुधवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, प्रेस वार्ता में बताया गया कि सुरज की हत्या में उसकी माँ जूली देवी ने कराई हे, जूली देवी का अवैध संबंध सुरज की मॉ के साथ था, जिसका विरोध सुरज किया करता था, उसके बाद ही जूली देवी और उसके प्रेमी ने भाडे पर हत्यारो को बुलाया और उसका अपहरण कर के उसकी हत्या कर दिया गया,

**72 घंटे में हत्यारे पकडे गये**

फतुहा पुलिस ने सिर कटी लाश के केश को 72 घंटो में ही सारे आरोपी को पकड़ कर खत्म कर दी, भाडे के हत्यारे भी पकडे गये,उसके साथ सुरज की माँ और माँ का प्रेमी भी पकड़ा गया, सभी पाँचो आरोपी ने अपने जूर्म को कुबुल भी कर लिया है।

# प्रभात ने विक्षिप्त युवक को परिवार से मिलाया, खुशी से छलक उठे आंसू

» मदरलैण्ड संवाददाता



अररिया। फारबिसगंज- मानसिक रोगियों को देखकर अक्सर लोग मुंह फेर लेते हैं, लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनके लिए मानसिक रोगी आम इंसान से बढ़कर हैं। ये लोग न सिर्फ संसार के लिए मानवता की मिसाल हैं, बल्कि शायद असल में ईश्वर का वरदान भी हैं। मानवता का मिसाल पेश करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात यादव हैं जिसकी वजह से सुपौल जिला खगड़िया जिले के प्रतापगंज क्षेत्र के एक परिवार का गुम हुआ भाई दो माह बाद वापस मिला है।

बताते चले कि प्रतापगंज सूयार्पूर के रहने वाला बिनोद करीब दो माह पूर्व दिमागी हालात ठीक नहीं होने की वजह से अचनाक घर छोड़कर चला गया था। परिजन ने बिनोद को ढूढने का काफी प्रयास किया, किन्तु उसका कोई पता नहीं चला, परिवार ने उसके मिलने की आशा ही छोड़ दी थी, सिर्फ भाई को उम्मीदी थी कि उसका भाई एक दिन जरूर घर वापस लौटकर आएगा। बुधवार को लगभग ग्यारह बजे समाजिक कार्यकर्ता प्रभात यादव ने बिनोद को अपने गांव अड़राहा में देखा उनको देखने के बाद लगा शायद यह रास्ता भटक गया है। अपने घर लाकर भोजन कराया फिर सुलाया। जिसके बाद प्रभात ने इसकी जानकारी प्रतापगंज के पत्रकार आशीष वर्मा प्रभात को दिया तो उन्होंने अपने रिश्तेदारों से बातचीत कि और उनके रिश्तेदार परिजन को विडियो कॉल के माध्यम से बिनोद से बात कराया। अचानक दो माह बाद अररिया से बिनोद के भाई के पास सूचना आई कि दो माह पूर्व गुम हुए आपके भाई से मिलना है तो जल्द ही अररिया आ जाए। फिर क्या था जब अपने भाई से मिलने आए तो भाई को इतने वर्ष के बाद देखा तो आंखों से आंसू नही रोक पाया, भाई गले लग गया। भाई रोते-रोते कहने लगा मुझे भगवान पर यकीन था, तुम एक दिन घर वापस लौट कर जरूर आओगे। बिनोद का भाई ने प्रभात व सोनू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं आपका एहसान कभी नही उतार पाऊंगा।

# अंचलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं का किया स्थल निरीक्षण




» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। बुधवार को खोदावन्दपुर अंचलाधिकारी अमरनाथ चौधरी ने सरकार के निर्देश पर खोदावंदपुर पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया.उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी के उपस्थिति पंजी, दवा वितरण पंजी, दवा भंडार कक्ष, दवा वितरण कक्ष, रोगी कक्ष, ऑपरेशन थियेटर, कर्मचारी कक्ष का जायजा लिया.इसके साथ साथ अंचलाधिकारी ने अस्पताल परिसर की साफ सफाई भी देखी, उन्होंने अस्पताल के क्रियाकलापों पर संतोष जताया. निरीक्षण के दौरान सभी चिकित्सक व कर्मी मौजूद पाये गये. अंचलाधिकारी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रखंड कॉलोनी जाकर छात्र व शिक्षकों की उपस्थिति पंजी, मध्यान भोजन संचिका का अवलोकन किया. वर्ग कक्षों में पहुंचकर बच्चों से पढ़ाई की जानकारी ली.विद्यालय में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना को संतोषप्रद बताया. उन्होंने पंचायत में संचालित एक आंगनबाड़ी केंद्र का भी जायजा लिया. जहां सेविका व सहायिका सहित 40 बच्चे मौजूद पाये गये. उन्होंने पंचायत में संचालित एक जन वितरण प्रणाली की दुकान का भी गहन जांच पड़ताल किया. जहां भंडार पंजी व वितरण पंजी का अवलोकन किया.सीओ ने पंचायत के प्रखंड मुख्यालय चौक से बजही होकर मटिहानी मालपुर जानेवाली पथ का जायजा लिया.इस जर्जर पथ को देख सीओ ने इसके बारे में विभाग को लिखने की बात कहीं.इसके अलावे उन्होंने पंचायत में संचालित मुख्यमंत्री नल जल योजना का भी निरीक्षण किया.

# अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई

## चार ईंट भट्ठा संचालकों से मांगी कोयला संबंधित रिर्पोट



» मदरलैण्ड संवाददाता

लातेहार। उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार एवं जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित ईंट भट्ठा की जांच की। जांच के क्रम में दो अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों को ध्वस्त कर दिया। एवं संचालक पर चंदवा थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी है। वही चार ईट भट्ठा संचालक से ईंट भट्ठा संचालन में लगाए जाने वाले कोयला संबंधित कागजात उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से लगातार ईंट भट्ठा, क्रशर की जांच की जा रही है। इसी क्रम में बीते बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार के नेतृत्व में चंदवा थाना क्षेत्र के निंद्रा, डुमारो में संचालित ईंट भट्ठों की स्थलीय जांच की गई। उन्होंने बताया कि जांच के क्रम में डुमारो के हैसलांग गांव में अभी ब्रिक्स संचालक विकास साहू एवं अंजली ब्रिक्स संचालक आशीष लाल के द्वारा अवैध रूप से चिमनी ईंट भट्ठा संचालित किया जा रहा था। जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए ईंट भट्ठा को ध्वस्त कर दिया गया। वही निंद्रा के ग्राम हेसालौंग में दिलीप प्रसाद साहू मार्का सपना ईंट भट्ठा, उमेश प्रसाद डुमारो मार्का संगम, शिव शंकर यादव ग्राम निंद्रा मार्का दुर्गा एवं संजय यादव ग्राम निंद्रा मार्का रौनक की जांच की गई। जहां कच्चा एवं पक्का ईंट पाया गया। उन्होंने बताया कि ईंट भट्ठा में लगाए जाने वाले कोयला संबंधित रिपोर्ट संचालको से मांगी गई है। जिला खनन पदाधिकारी ने कहा है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन नहीं होने दिया जाएगा। ऐसा करने वाले के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### खुले में बिक रही खाद्य सामग्री से सेहत को खतरा

# धूल व मक्खियां बैठी चीजें खाकर बीमारी को दावत दे रहे लोग

» मदरलैण्ड संवाददाता

अररिया। बथनाहा शहर के चौक-चौराहों से लेकर गलियों व संपर्क पथों तक में खुले में खाद्यान चीजें बिक रही हैं। कुछ दुकानें तो नाले के उपर सजाई गई हैं। चाय, चाट, समोसा, पकौड़ी, पावभाजी, बर्गर, छोले भटूरे, जलेबी, अंडा, अंडा रोल, चाउमिन, मांस-मछली तक ठेले पर बेचे जा रहे हैं। खुले में ऐसी खाद्य सामग्री रखे जाने से उनपर सड़कों की धूल जम जाती है, जो दिख नहीं पाती है। मक्खियां भी बैठी होती हैं। खासकर बरसात में खुले में बिकनेवाली चीजें खाना सेहत के लिए और भी खतरनाक है। ऐसी चीजें खाकर लोग बीमार हो रहे हैं। फिर भी ऐसी दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखते बन रही है। बात सिर्फ इतनी सी नहीं है। मिलावटी खाद्य सामग्री भी खूब बेची जा रही है। इन चीजों को खाने से भी सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

क्या कहते हैं सिविल सर्जन, अररिया

सिविल सर्जन डॉ विधान चंद्र सिंह कहते हैं कि खुले में बिकनेवाली चीजों को खाकर लोग गैस्ट्रोइंट्रोटाइटिस, डायरिया, पेट में संक्रमण, पीलिया, वायरल बुखार उल्टी, पेट दर्द जैसी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। सस्ते के चक्कर में लोग पेट भर रहे हैं और चटकारा ले रहे हैं। पीड़ितो को यदि दो दिन से अधिक बुखार आए तो तुरंत डॉक्टर से दिखाएं। उल्टी दस्त होने पर नमक, पानी व नींबू का घोल बनाकर पीएं। ओआरएस का घोल काफी फायदेमंद होगा। पेशाब पीला हो तो अधिक पानी का सेवन करें। आंखें लाल और उसमें जलन हो तो उसे बार-बार ठंडा पानी से धोएं। बाहर के पानी का ज्यादा सेवन न करें। लेकिन, इस तरह की शिकायत पर चिकित्सक से अपने स्वास्थ्य की जांच जरूर कराएं। बाजार में खुले में रखी गई सामग्री को खाने से परहेज करें।



newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org


## संक्षिप्त समाचार

### देवी देवताओं की तस्वीर गलत जगह नहीं लगाये :बजरंग दल



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल कटिहार को सुचना मिली कि गामी टोला राधे श्याम सोनी और मिरा ज्वैलर्स के बीच में किसी ने कचड़ा फैंकने वाले और पेशाब करने वाले स्थान पर मां दुर्गा की तस्वीर लगा दी है। जिसको बजरंग दल कटिहार के कार्यकताओं ने तुरंत हटाया। कुछ दिन पहले भी विहिप बजरंग दल ने छेनी हथौड़ी अभियान चलाया था। कटिहार के लोगों से अपील की थी कि देवी देवताओं की तस्वीर गलत जगह नहीं लगाए। और आज पुनः अपील किया कि किसी भी गलत स्थान पर हिन्दू देवी देवताओं की तस्वीर न लगाएं। अपने और अपने परिवार का लगाए। अगर आप नहीं मानेंगे तो देवी देवताओं की तस्वीर के जगह आपके परिवार की तस्वीर पेशाब करने वाली स्थान पर लगा दी जाएगी। और कानून कारवाई भी कराना हो तो वो भी करवाया जाएगा।

### बहुजन मुक्ति पार्टी ने बंद का किया अहवान




मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। बारसोई ब्लॉक चौक मैं बहुजन मुक्ति पार्टी के बेनर तले भारत बंद का अहंन किया गया। जिसकी अध्यक्षता साकिर आलम की अगुवाई में किया गया। बहुजन मुक्ति पार्टी के कार्यकर्ता ने बारसोई ब्लॉक चौक में भारत बंद को लेकर नारेबाजी की और सरकार के खिलाफ जमकर हल्लाबोल किया। घंटों लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। प्रसासन के कई वाहन भी इस भीड़ में फसते नजर आये। बीएमपी नेता साकिर आलम ने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार हम लोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। हमारी मांगों को सिरे से नकार रही है। अगर सरकार इसी तरह हमारी मांगों को नजरअंदाज करते हैं।तो इस से भी बरी तादाद में जनांदोलन किया जायेगा। ओबैसी समाज के लोगों का गनगना सरकार को किसी भी हाल में करना ही पड़ेगा।साकिर आलम ने अपने कार्यक्रम को जल्द समाप्त किया तथा सरकार से मांग की जल्द से जल्द उनकी मांगों को पूरा किया जाए।

### ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार घायल

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। राष्ट्रीय राजमार्ग 31 हॉस्पिटल चौक के समीप ट्रैक्टर के द्वारा रोड पार करते समय बुलेट बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिनसे सिलीगुड़ी निवासी बाइक सवार जीवन कुमार भगत का पुत्र रवि कुमार भगत उम्र 22 वर्ष तथा भास्कर चंदा का पुत्र अरनव चंदा उम्र 22 वर्ष घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेली लाया गया। बताया जा रहा है कि बाइक सवार कुरसेला से सिलीगुड़ी जा रहा था। मौके पर पोठिया ओपी पुलिस पहुंच कर दोनों गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी।

### द ग्लोरियस संस्थान समेली में निशुल्क जांच शिविर का आयोजन




मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। समेली प्रखंड अंतर्गत चकला मौला नगर पंचायत चांदनी चौक स्थित आवासीय द ग्लोरियस संस्थान में प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉक्टर कमर हाशमी द्वारा निःशुल्क मेगा डेंटल जांच कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में ब्लड प्रेशर जांच, ओरल जांच इत्यादि मुफ्त में की गई। तथा डेंटल हाइजीन को दुरुस्त रखने वाली दवाइयां व पेस्ट भी मुफ्त में बांटी गई। साथ ही बच्चे तथा युवा अपने दांतो को स्वस्थ कैसे रखें, ब्रश करने का सही तरीका क्या है तथा किन बातों की अनदेखी करने से दांत टेढ़े मेढ़े हो जाते हैं, इन सभी विषयों का लैपटॉप द्वारा डिजिटल तरीके से आसान शब्दों में समझाया गया। डॉक्टर कमल हाशमी लाइफ लाइन हॉस्पिटल एंड डेंटल केयर के संस्थापक हैं। उन्होंने कहा कि इस पूरे क्षेत्र में इसी तरह कैंप के माध्यम से ग्रामीणों का सेवा करते रहेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्रमुख कंचन देवी, शिक्षक हरदेव मंडल, अमरदीप सर, प्रकाश कुमार, संदीप आनंद, मुकेश कुमार, शीतल कुमार, राधिका रमन, नीरज वर्मा, संदीप कुमार, ए के अभिनव,रियाज अहमद तथा स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

### देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार गया जेल



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। हसनगंज पुलिस ने गुप्त सुचना के अधार पर चोरी छिपे चुलाय शराब बेचने के आरोप में एक शराब कारोबारी को 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिसको लेकर थानाध्यक्ष रामचंद्र मंडल ने बताया कि इनदिनों क्षेत्रों में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। इस दरमियान भैयो बेसरा पिता मझला बेसरा साकिन इटवा संथाली टोला थाना हसनगंज जो चोरी छुपे अवैध शराब का कारोबार कर रहा था। जिसको लेकर गुप्त सूचना के आधार पर संध्याकालीन छापेमारी की गई। जिसमें उक्त आरोपित को इटवा संथाली के मुख्य सड़क से 10 लीटर देसी शराब के साथ शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया। मौके पर पुलिस ने आरोपित को शराब के साथ गिरफ्तार कर शराब अधिनियम के तहत कांड संख्या 58/22 के तहत मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सरकार की शराबबंदी अभियान के अनुपालन कराने को लेकर पुलिस काफी सक्रिय है। क्षेत्रों में बराबर शराबबंदी अभियान को लेकर छापेमारी की जा रही है। इस अवसर पर कई पुलिस बल मौजूद रहे।

## कटिहार डीएम पंचायत के विभिन्न विभागों की जांच कि

### पीएचईडी विभाग के जेई को लगाई फटकार



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। आजमनगर प्रखंड क्षेत्र के केलाबाड़ी पंचायत में बुधवार को बिहार सरकार के मुख्य सचिव द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी उदयन मिश्रा आजमनगर प्रखंड के केलाबाड़ी पंचायत में चल रहे जल नल,मनरेगा योजना सहित पंचायत में चल रहे विभिन्न योजनाओं की धरातलीय जांच किये।इस दौरान पंचायत में चल रहे मनरेगा द्वारा सड़क निर्माण कार्य,मछुआ सोसाइटी द्वारा पोखर,आईसीडीएस के तहत संचालित आंगनबाड़ी केंद्र सहित उच्च एवं माध्यमिक विद्यालय ढेना बागछल्ला आदि अन्य कई विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की धरातलीय जांच कर गए।वहीं उक्त पंचायत के ग्रामीणों द्वारा नल जल योजना से ग्रामीण संतुष्ट नहीं है।इस बात की जानकारी डीएम उदयन मिश्रा को मिलते हीं जल नल योजना के कनीय अभियंता को फटकार लगाते हुए कहा प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में सुचारू रूप से अविलंब जल की व्यवस्था करने को कहा है।अन्यथा सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।वहीं डीएम उदयन मिश्रा ने बताया राज्य सरकार के आदेशानुसार कटिहार जिला सहित कई अन्य जिला के लगभग सभी वरीय अधिकारी पंचायत में चल रही योजनाओं का निरीक्षण कर रहे हैं।जो जांच के बाद ऑनलाइन रिपोर्ट कर दिया जाएगा।उन्होंने पत्रकारों को बताया कि जल नल योजना के तहत जिस मोहल्ले में अब तक टंकी नहीं लगाया गया है।दो माह के अन्दर उक्त जगहों पर टंकी लगाया जाएगा।उप स्वास्थ्य केंद्र ढेना बागछलला में सप्ताह में दो दिन डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।साथ ही घाट का सार्वजनिक डाक के बारे में काफी सख्त दिखे इस मौके पर जिला पदाधिकारी उदयन मिश्रा ने उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के साथ सवाल-जवाब कर काफी संतुष्ट दिखे इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार मिश्र, अंचल अधिकारी संजय कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण, शिक्षा पदाधिकारी मुमताज अहमद, बीआरपी नवीन कुमार, स्वास्थ्य पदाधिकारी शंकर दयाल सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मो.जसीम आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## एसडीओ ने पंचायत में योजनाओं की जांच कि



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। बिहार सरकार गृह सचिव के आदेशानुसार कदवा प्रखंड के ग्राम पंचायत चौनी में एसडीओ राजेश्वरी पांडेय ने बुधवार को विद्यालय,आंगनबाड़ी ,पीडीएस,नलजल योजना,मनरेगा ,सात निश्चय सहित अन्य योजनाओंकाजांचपंचायतकेप्रतिनिधी,कर्मी,एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया।इस अवसर पर उन्होंने कहा की जांच रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी जायेगी।किसी भी योजना में अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा वहीं रिजवानपुर में एसडीसी विजय कुमार के नहीं पहुंचने पर जांच नहीं हो सकी।इस पर एसडीओ ने बताया अलग से तिथी निर्धारित कर रिजवानपुर में जांच होगी।शिकारपुर में जांच क्रम में मुखिया प्रतिनिधि सहरयार आलम ने कहा ग्रामीणों की उपस्थिति में योजनाओं का जांच के क्रम में सब से अधिक शिकायत मनरेगा योजना का किया गया अब तक सभी लोगों के घरों में नल का पानी नहीं पहुंचने की शिकायत की गयी।इस तरह से योजनाओं का जांच का स्वागत किया।वहीं आजमनगर के तेघडा मुखिया प्रतिनिधि मोतीलाल तांती ने बताया इस तरह का जांच अभियान चलाते जाने से योजनाओं में अनियमितता कम होती है।बिहार सरकार के इस अभियान का स्वागत किया है. पंचायत तेघड़ा, पिंढाल ,गोरखपुर बघोडा में विभिन्न योजनाओं का जांच किया मौके पर पंचायत के कर्मी सहित पंचायत प्रतिनिधी सहरयार आलम,मोती लाल तांती,सादीक आलम,कुलशुम बेगम ,ललन कुमार विश्वास आदि उपस्थित रहे।

## विधायक ने अमृत सरोवर योजना का किया शुभारंभ




» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कदवा प्रखंड के पंचायत बेनी जलालपुर में भारत की आजादी के 75 वीं वर्ष पूरे होने पर भारत सरकार द्वारा चलाया गया अमृत सरोवर योजना का शुभारंभ स्थानीय विधायक डा.शकील अहमद खान के द्वारा बुधवार को किया गया।इस अवसर पर उन्होंने कहा मनरेगा योजना से 15 लाख 48 हजार की लागत से माली पोखर तालाब का जीर्णोद्धार किया जायेगा।इससे तालाब की लम्बाई चौड़ाई गहराई बढ़ जायेगी।इस योजना का शुभारंभ होने से क्षेत्र के मजदूरों को रोजगार मिलेगा वहीं तालाब का जीर्णोद्धार होने से बारिश का पानी संचय होने के साथ सालों भर इस में पानी जमा रहेगा।इस का लाभ लोगों को मिलेगा।उन्होंने बताया ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार की गारंटी देने के उद्देश्य से कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री डा मनमोहन सिंह द्वारा मनरेगा योजना चलाया गया है।इस योजना का लाभ लोगों को मिल रहा है।इस अवसर पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि नाहीद आलम ने अमृत सरोवर योजना का चयन कराने में पूर्ण सहयोग करने पर विधायक के प्रयास की सराहना करते हुए कहा की माली पोखर के पास श्मसान घाट है।दाह संस्कार कराने आने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी।तालाब जीर्णोद्धार का काम समय पर पूरा करने एंव गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का आश्वासन दिये.मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार ,पीआरएस राजेश कुमार, नवीन मेहता, मुखिया मुनसेफा खातुन ,नाहीद आलम , प्रखंड अध्यक्ष अंसार काजमी ,विधायक प्रतिनिधि सनोवर आलम ,शेखपुरा मुखिया प्रतिनिधि एकबाल हुसैन, उनासो पचगाछी मुखिया हाजी एजाजूल हक, रंजीत कुमार मंडल ,जाकीर हुसैन ,भीम शर्मा ,हेना देवी, जमेदार सिंह, गुड्डू ,चौनी देवी ,सुदाम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## जल नल योजना के विवाद में जेठ ने भाई के पत्नी की ली जान



- एक माह पूर्व जल नल योजना के टँकी का पानी भाई के आंगन में जाने से हुआ था विवाद

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। फलका थाना क्षेत्र के चातर गांव के नहर टोला में जल नल योजना का पानी बड़े भाई के आंगन में जाने के विवाद में बड़े भाई वजीर साह उर्फ लक्कड़ बाबा ने रिश्ते को तार तार करते हुए अपने छोटे सगे भाई की पत्नी को अपने दो पुत्र एवं दो साले के साथ मिल कर ओढ़नी से गला घोंट कर हत्या का अंजाम दिया है। इस घटना से पूरा गांव में कोहराम मच गया है। गांव वाले लक्कड़ बाबा के खिलाफ काफी गुस्से में है। यह घटना मंगलवार को घटी है। सुबह होते ही गांव के सेकड़ों लोग मृतक घर पर जमा हो गए। आक्रोशित ग्रामीण पुलिस को देखते ही आपे से बाहर हो गई। ग्रामीण और परिजनों ने फलका पुलिस से हाथा पाई करने लगे। लोग इतना गुस्सा में थे पुलिस को घण्टों बंधक बना कर रखा। परिजनों और ग्रामीणों का कहना था कि एक माह पूर्व जल नल योजना को लेकर दोनों भाईयों में मार पीट हुई थी, जिसको लेकर फलका थाना में अब्दुल सत्तार ने बड़े भाई वजीर साह के खिलाफ मार पीट करने को ले कर थाना में आवेदन दे कर मामला दर्ज कराया था। अगर पुलिस के द्वारा वजीर साह एवं उनके दोनों पुत्र पर सख्ती से कार्रवाई करती तो यह घटना नहीं घटती। मृतिका नगमा भारती पति सत्तार भारती ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेरे बड़े भाई वजीर साह उर्फ लक्कड़ बाबा झाड़ फूक एवं मोती बेचने का काम करता है। जिससे वह काफी पैसे वाला हो गया है। वह काफी दबंग है। मंगलवार को में एक शादी में कटिहार गया था, इसी का फायदा उठा कर मेरे बड़े भाई वजीर साह उनके दोनों पुत्र , एवं उनका दोनों साला मेरे घर में घुस कर मेरी पत्नी को ओढ़नी से गला घोंट कर मौत के घाट उतार दिए। यह सारी घटना मेरी पुत्री एवं पुत्र आंखों से देखा। मेरे बच्चे डर के मारे घर से बाहर नहीं निकला उन लोगों को डर लगा कि बड़े पापा कहीं मुझे भी मार देंगे सुबह जब मैं घर आया तो दृश्य देखकर मेरे पैर तले जमीन खिसक गया। ग्रामीण एवं परिजनों के जिद पर वजीर सा उर्फ लक्कड़ बाबा को गिरफ्तार करने के बाद ही शव को पोस्टमार्टम के लिए उठने दिया। सबको महिला पुलिस के सहयोग से पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया गया है फलका थाना अध्यक्ष उमेश पासवान का कहना है कि मुख्य आरोपी वजीर साह उर्फ लक्कड़ बाबा को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## नल जल योजना से लोगों को नहीं मिल रहा है शुद्ध पानी

### एक एक बूंद को तरसे लोग

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। नल जल योजना एक महात्वाकांक्षी योजना है।देखने को तो बहुत ही अच्छा गाँव का शोभा बढ़ाने वाला मगर जिस उद्देश से बनाया गया है। हर घर नल जल योजना जो लूट का बहुत बड़ा योजना बन गया है।

बलरामपुर प्रखण्ड के कमरा पंचायत में लगे नल जल योजना पंचायत के वार्ड नंबर 3,4,5,7,10 और 12 का हाल देखा तो यहां सिर्फ नाम मात्र का टंकी लगाया गया है। लेकिन लोगों को एक बूंद शुद्ध पानी नहीं मिला।बल्कि पाइप का पानी लीकेज होकर घर आँगन में नाला की तरह पानी बह जाता है और लोग इस से परेशान हैं।

लोगों ने बताया कि पानी तो पीने लायक नहीं है। नहीं कपड़ा धोने लायक, सिर्फ शौचालय जाने के लिए उपयोग होता है।

नल जल योजना का टंकी को देख भाल करने के लिए प्रत्येक टंकी मे एक स्थानीय व्यक्ति को जिम्मेदारी दी गई और कहा गया कि आपको प्रति माह 3000 रुपये दिया जाएगा लेकिन एक साल में इस पंचायत के किसी भी व्यक्ति को पैसा आज तक नहीं मिला,,



वही इस योजना का एक ये भी राज है कि इस योजना में पाइप लगाने से लेकर टंकी लगाने तक कई ठेकेदार और पेटी ङ्गल्ल३१ूं३ङ्ग१ होते हैं, जिससे अधिकांश काम गुणवत्ता हीन किया गया है,,,

वार्ड नंबर 7 का ये टंकी देखिए पिछले एक साल पहले ही निर्माण कार्य पूरा हुआ लेकिन नकली काम के कारण लगता है अब गिरा तब गिरा, वही स्थानीय लोग इसकी शिकायत करने पर उन्हें बार बार धमकी दी गई, कुछ बोलों तो केश करने की धमकी दी जाती है,,

फिलहाल यहां के 10000 से अधिक लोग शुद्ध पानी की एक एक बूंद को तरस रहे हैं, संबंधित कर्मचारी या स्टाफ को फोन करने पर लोगों का फोन नहीं उठाया जाता,,

वही प्रखण्ड मुख्यालय मुंङ्कि और अन्य अधिकारी को शिकायत करने पर कहते हैं कि हमे इसके बारे में कुछ पता नहीं,

खैर जो भी हो लेकिन ये योजना कागजों पर सही है लेकिन जमीनी स्तर पर बिल्कुल बेकार,,

आम लोगों को शुद्ध पानी भले ही ना मिला हो लेकिन ठेकेदार मालामाल हो रहे हैं,

लेकिन सरकार का करोड़ों से लोगों को अगर फायदा ना हो तो सरकार को भी इस ओर त्वरित कार्रवाई करना चाहिए,,

लोगों ने सरकार के उच्चाधिकारियों से इस ओर ध्यान देने की मांग की है

## जलजमाव से लोगों में है काफी आक्रोशित



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। नगर थाना क्षेत्र के रामपारा चौक वार्ड नंबर 23 में जलजमाव से लोगों में है काफी आक्रोशित है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कोई ऐसा दिन नहीं है,जो इस सड़क पर जलजमाव की समस्या नहीं रहती है। हर एक दिन इस सड़क पर जलजमाव रहता है। नाले का निर्माण भी घटिया सामग्री से किया गया। जो कि नाला पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे नाले का पानी सारा सड़क पर आ जाता है। यहां तक कि बारिश होने पर सड़क झील जैसा तब्दील हो जाता है। जिससे लोगों को आने जाने में काफी कठिनाई होती है। सड़क को लेकर वार्ड पार्षद शमीमा इबरार को स्थानीय लोगों द्वारा कई महीनों से जलजमाव की बात से अवगत कराता है तो वह टालमटोल कर एक झूठा आश्वासन दे देती है। सबसे बड़ी बात यह है कि वार्ड पार्षद और वार्ड पार्षद के घर के लोग भी इस रास्ते से गुजरने में कतराते हैं। सड़क को लेकर कांग्रेस नेता इजहार अली ने कहा कि जब वार्ड पार्षद से एक वार्ड नहीं संभल रहा है तो भोले भाले वार्ड के लोगों को चुनाव के समय में मूर्ख बना कर झूठा विकास का मुद्दा उठाकर वोट क्यों मांगा जाता है। यहां तक की गरीब तबके के लोग भी वार्ड पार्षद से विकास की बात कहने से डरने लगे हैं। क्योंकि उनका सरकारी राशन पानी या कोई योजना से वंचित ना कर दे। लगातार जीत से वार्ड पार्षद सातवें आसमान पर है। इसलिए इसे वार्ड की समस्या दिखाई नहीं दे रही है। अब जनता को ही आने वाले समय की गहराई को समझना होगा।

## नगर निगम आयुक्त से मिले बलरामपुर विधायक : महबूब आलम

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। नगर निगम के पुराने बस स्टैंड का भवन पूरी तरह से जर्जर होने के बाद नगर निगम अब उसे तोड़ने जा रही है, नगर निगम के इस कदम से जर्जर भवन के नीचे दो दर्जन से ऊपर दुकानदार बेरोजगार होने की कतार में लग गए हैं, जबकि इस भवन के अंदर चार लाइसेंसी दुकानदार भी सड़क पर आ जाएंगे, हालांकि नगर निगम यह दावा कर रही है कि जो भवन के अंदर लाइसेंसी दुकानदार है उन्हें दुकान अलॉट किया जाएगा, लेकिन नगर निगम की इस घोषणा के बाद दुकानदारों की परेशानी बढ़ गई है, कारण है कि ओवरब्रिज निर्माण के समय में 24 दुकानदार के दुकान जो ओवर ब्रिज निर्माण में भेंट चढ़ी है उनको अब तक नगर निगम की ओर से दुकान एलॉट नहीं किया गया है, ऐसे में लाजमी है कि दुकानदारों की परेशानी और चिंता बढ़ गई है, जर्जर भवन को तोड़ने के लिए आसपास के दुकानदारों को भी नगर निगम की ओर से निर्देशित किया जा रहा था कि वह अपनी दुकान को बंद करें ताकि जर्जर भवन को जब तोड़ा जाए तो कोई अनहोनी घटना न घट जाए, इसको लेकर दुकानदारों ने नगर निगम से अपनी बात को रखते हुए कहा था कि जब जर्जर भवन को तोड़ा जाएगा तो वह अपनी दुकान को स्वय बंद कर लेंगे, लेकिन नगर निगम के दबाव में महीने भर तक दुकान बंद कर अपनी दुकानदारी को चौपट नहीं करेंगे, नगर निगम के अधिकारियों के बार-बार निर्देशित पर दुकानदारों ने अपनी परेशानी से विधायक महबूब आलम को अवगत कराया जिस पर संज्ञान लेते हुए विधायक महबूब आलम बुधवार को कटिहार पहुंचे और दुकानदारों की परेशानी को लेकर नगर निगम आयुक्त मनोज कुमार से वार्ता की।



## संक्षिप्त समाचार

### तुरंत अपनी पेंशन केवाईसी कराएं नही तो पेंशन मिलना हो जाएगा बंद

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। भितहा जिला प्रशासन के द्वारा जिनका भी नोटिस आया है ओ अपना केवाईसी कराले नजदीकी सीएसएस सेन्टर पर जा कर कराले अगर आप को सरकार की तरफ से पेंशन दी जाती है तो आपको केवाईसी करना अनिवार्य है अन्यथा आप की पेंशन आना बंद हो जाएगी आप पेंशन की केवाईसी कैसे कर सकते हैं उसकी जानकारी हम आपको यहां पर देंगे जैसे कि आपको पता है कि सरकार की तरफ से वृद्धावस्था ,पेंशन विकलांग पेंशन और विधवा पेंशन दी जाती हैं और यह पैसा लाभार्थियों के सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाता है लेकिन सरकार ने हाल ही में बड़े बदलाव किए हैं अब यह पेंशन उन्हीं लाभार्थियों को दी जाएगी जो अपना आधार सत्यापन ( ढील्ल२ङ्गल्ल ड्उ ) करा लेंगे अगर आप भी लगातार पेंशन लेना चाहते हैं और आप पेंशन के लाभार्थी हैं और आपका खर्चा पेंशन के ऊपर ही चलता है तो आपको नीचे बताई गई प्रक्रिया को अपनाकर अपने वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, और विधवा पेंशन की केवाईसी कर लेनी हैं

### बीडियो ने किया में योजनाओं का निरीक्षण



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। सरकार के मुख्य सचिव के निर्देश पर बुधवार को ठकराहा प्रखंड के कोईरपट्टी पंचायत का औचक निरीक्षण पिपरासी बीडियो के द्वारा किया गया। जहां अलग-अलग बिंदुओं पर जांच की गई। जांच में हर घर नल का जल योजना, हर घर तक पक्की गली नाली, प्राथमिक माध्यमिक एवं उच्च विद्यालय, पंचायतों में स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं की स्थिति, आंगनवाड़ी केंद्र, वृद्धावस्था पेंशन, जन वितरण प्रणाली की दुकान, ग्रामीण सड़कों की स्थिति, भंडारण केंद्रों की स्थिति, मनरेगा योजना, पंचायत सरकार की जांच की गई। सूत्रों की माने तो स्वास्थ्य विभाग के जांच के दौरान अधिकारी अस्पताल में डॉक्टर की उपस्थिति, पारा मेडिकल कर्मियों, आशा कार्यकर्ता, दवा, उपकरणों, बेड, शौचालय भवन की स्थिति, बिजली और पानी के कनेक्शन की जांच किया गया। स्थानीय ग्रामीणों से मिलकर उनसे फीडबैक भी लिया गया। नल जल योजना की स्थिति और मेंटेनेंस की स्थिति, पानी की घरों तक की जा रहे आपूर्ति, अत्याधिक जल के संग्रहण को लेकर तैयार किए गए गड्ढे या पानी के लीकेज की भी जांच की गई। इसके अलावा पक्की गली नली की भी स्थिति देखा गया। वहीं स्कूलों के कक्षा में बैठकर पढ़ाई की जानकारी भी ली गई ठकराहा प्रखंड के कोईरपट्टी पंचायत जांच करने आए पिपरासी ब्लॉक पदाधिकारी कुमुद कुमार ने बताया कि आदर्श मध्य विद्यालय कोईरपट्टी में पर्याप्त बच्चे उपस्थिति नहीं थे। इसके अलावा बेंच-डेस्क, पानी एवं अन्य तरह की सुविधाएं संतोषप्रद पाई गई। इसके अलावा आंगनवाड़ी केंद्रों पर भी बच्चे की उपस्थिति कम देखी गई।

### खरीफ महाभियान के क्रियान्वयन हेतु बामेती द्वारा प्रखंडवार तिथि निर्धारित

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। खरीफ महाभियान के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों मे प्रशिक्षण व उपादान वितरण शिविर का तिथिवार निर्धारण प्रखंड मुख्यलयों मे किया गया है।इसके अनुसार कटिहार एवं कोढ़ा प्रखंड मे 27 मई को प्रशिक्षण व 28 मई को कृषि उपादान का वितरण किसानों के बीच किया जाना है। फलका प्रखंड मे प्रशिक्षण 28 मई को जबकि कृषि उपादान का वितरण 29 मई को किया जाना निर्धारित है।बरारी प्रखंड अन्तर्गत प्रशिक्षण शिविर 29 मई व कृषक उपादान का वितरण 30 मई को प्रशिक्षण लेनेवाले किसानों के बीच किया जाना है। समेली प्रखंड अन्तर्गत 30 मई को प्रशिक्षण शिविर व 31मई को उपादान वितरण किये जाएंगे। कुसेर्ला प्रखंड मे 31 मई को प्रशिक्षण व 1 जून को उपादान का वितरण निर्धारित है। मनसाही प्रखंड अन्तर्गत 1 जून को प्रशिक्षण व 2जून को कृषि उपादान का वितरण।मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत 2.जून को खरीफ महाभियान के तहत कर्मशाला व 3 जून को कृषि उपादान का वितरण किया जाना है। अमदाबाद प्रखंड क्षेत्र के किसानों का प्रशिक्षण 3जून व कृषि उपादान का वितरण 4जून को निर्धारित है।डण्डखोरा प्रखंड के अन्तर्गत 4 जून को प्रशिक्षण शिविर व 5.जून को कृषि उपादान का वितरणतिथि निर्धारित है। हसनगंज प्रखंड क्षेत्र के किसानों के लिए 5 जून को खरीफ कर्मशाला व 6.जून को संबंधित किसानों के बीच कृषि उपादान के वितरण की तिथि निर्धारित है।

### बीडीओ ने विद्यालयों का किया निरीक्षण



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। हसनगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी रितेश कुमार ने बुधवार को हसनगंज प्रखंड के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय हसनगंज, कस्तूरबा बालिका विद्यालय सहित कई सरकारी विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय ने विद्यार्थियों की पंजीकरण एवं उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, स्मार्ट क्लासेज, पठन-पाठन का व्यवस्था, भवन का रंग-रोगन की स्थिति, चारदीवारी की स्थिति, विधुत आपूर्ति की स्थिति, पेयजल की आपूर्ति की स्थिति, शौचालय की स्थिति, उपलब्ध कोष एवं राशि की स्थिति का जायजा लिया। क्लास में छात्र छात्राओं से रूबरू होते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पठन-पाठन की हकीकत जानी। बीडीओ ने बताया कि विद्यालय एवं कस्तूरबा बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया गया। जिसमें शिक्षकों की उपस्थिति अच्छा है। लेकिन नामांकित बच्चों की उपस्थिति बहुत कम देखा गया। इस तरह से शिक्षकों को बच्चों की उपस्थिति बढाने की निर्देश दिया गया है। विद्यालय में मध्यान भोजन पक रहे का भी निरीक्षण किया गया जो संतुष्ट मिला। मौके पर निरीक्षण के क्रम में एमडीएम पदाधिकारी राजेश कुमार उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कई विद्यालय में पहुंचकर मध्यान भोजन का पकाया भोजन जांच किया गया। इस मौके पर अन्य कर्मी निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे।

### मांगों को ले संकल्प यात्रा आरंभ



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। संस्कृति संरक्षण परिषद की ओर से मांगों को लेकर संकल्प यात्रा निकाली गयी। संकल्प यात्रा का शुभारंभ मनिहारी गंगा घाट पर गंगा पूजन एवं गंगा आरती के साथ किया गया। इस कार्यक्रम के कार्यक्रम प्रमुख ने सिद्ध गिरी महाराज को अंग वस्त्र देकर एवं नारियल फोड़कर यात्रा का शुभारंभ किया इस कार्यक्रम को को सफल बनाने में विनय भूषण ,प्रभात कुमार चौधरी ,सुशील कुमार मंडल, प्रभात मिश्रा ,नीरज मिश्रा पंडित जी ,डॉ भोला गुप्ता ,डॉ सुशीला आचार्ज, शिवम कुमार, उमेश मिश्रा, निशीकांता देवी ,मीरा देवी एवं अनेक लोग इस कार्यक्रम में भाग लिया ।साथ ही मनिहारी ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राम जी यादव सचिव मोनू पोद्दार का सराहनीय योगदान रहा।

## जिलाधिकारी के द्वारा प्राइमरी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र का किया गया निरीक्षण



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। मुख्य सचिव बिहार के पत्र के आलोक में गुरुवार को बेतिया डीएम कुंदन कुमार ने गंडकपार के भितहा प्रखंड के सेमरबारी पंचायत में सभी योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीएम श्री कुमार ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय सेमरबारी का जांच किया। जहां सन्तोष जाहिर करते हुए विद्यालय का भौतिक स्थिति को देख कर संतुष्ट हुए। वही डीएम ने स्कूल के बच्चों के ड्रेस नही होने पर विद्यालय के प्रधान शिक्षक सुरेन्द्र प्रसाद पूछ ताझ किया। जिसमे उनके द्वारा बताया गया कि अभिभावकों के खाते में किताब और ड्रेस का पैसा चला गया गया है लेकिन अभिभावको द्वारा ड्रेस और किताब नही खरीदा जा रहा है जिससे बच्चों के पठन पाठन मे काफी परेशानी हो रही है जिसमे एचएम सहीत स्थानीय मुखिया को निर्देश दिया गया कि दो दिनो के अंदर अभिभावक बैठक कराकर सभी बच्चों को किताब और ड्रेस खरीदवाना सुनिश्चित करे।वही उसके बाद आगनबाड़ी केन्द्र संख्या 01 का भी जाच किया जिसमे उपस्थित सीडीपीओ सहीत महीला पर्यवेक्षिका और सेविका को निर्देश दिया गया कि साफ सफाइ पर ध्यान दे तथा मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना पर विशेष ध्यान दे। वही उसके बाद मनरेगा भवन में चल रहे आरटीपीएस काउंटर की जांच करने के उपरांत वही पर एक एक कर सभी विभागों के पदाधिकारियों को बुलाकर योजनाओं कि बिंदुवार समिक्षा भी किया। तथा उसका लेखा जोखा लिया गया। वही सभी लोगो को निर्देश दिया गया कि आप लोग अपने कार्यो मे सुधार लाये। वही प्रधानमंत्री आवास योजना की भौतिक स्थिति का जायजा लाभुको के दरबाजे पर जाकर लिया गया। वही नलजल योजना सहीत पीडएस दुकान सहीत पंचायत के विभिन्न योजनाओं का जाच किया गया ।वही नल जल योजना के जाच के क्रम मे गाव मे घुम रहे दो बच्चों से पढाई के सम्बंध मे बडे ही प्यार से पुछताछ किया गया जिसमे बच्चों द्वारा बताया गया कि हमलोग पढना चाह रहे है लेकिन पापा द्वारा किताब नही खरीदा जा रहा है जिसमे उपस्थित सभी लोगो से कहा गया कि बच्चों कि पढाई से कोइ समझौता नही है आपको सरकार पैसा दे रही है और आप लोग समय से बच्चों का किताब कापी खरीकर दिजिए ताकि आपके बच्चे पढकर कुछ बन जाय ।वही बच्चों के सर पर हाथ सहलाते हुए कहा गया कि तुम लोग पढ लिखकर कोइ बड़ा पदाधिकारी बनना है ।वही जिलाधिकारी द्वारा बच्चों के पढाई पर बहुत फोकस किया गया ।जाच के क्रम मे भितहा बीडीओ पन्नालाल, सीडीपीओ अरूणा कुमारी, पीओ बालेश्वर कुमार, एमओ राजीव रंजन,बीइओ धीरेन्द्र शर्मा सीआइ रामेश्वर प्रसाद बीपीआरो विजय कुमार सिह बीएचएम भारतेन्दु कुमार सहीत सम्बन्धित पंचायत के मुखिया रामाधार यादव और सभी कर्मी उपस्थित रहे।

## प्रखंड कार्यालय के नजदीक शुरू हुआ शौचालय निर्माण कार्य



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। ठकराहा प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय से महज 50 मीटर की दूरी पर जिला पार्षद निधि से स्वच्छता अभियान के तहत शौचालय का निर्माण कार्य की शुरूआत हो चुकी है। अब प्रखंड आने जाने वाले सभी राहगीरों को खुले में शौच करने की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि पूर्व में भी स्वच्छता अभियान के तहत प्रखंड मुख्यालय से 30 मीटर की दूरी पर ही शौचालय का निर्माण किया गया है लेकिन साफ सफाई नहीं होने के कारण आम लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। ठकराहा जिला पार्षद रामाशंकर कुशवाहा ने बताया कि कराए जा रहे शौचालय निर्माण में 4 सीट का शौचालय होगा। जिसमें 2 महिलाओं के लिए आरक्षित होगा। और दो पुरुषों के लिए होगा। शौचालय का कार्य तेजी से कराया जा रहा है ताकि प्रखंड आने जाने वाले लोगों को सुविधा मिल सके। शौचालय का निर्माण कार्य अभियंता दीपक कुमार और ग्रामीणों के देखरेख में हो रहा है पूर्व पार्षद शांतनु सिंह ने भी बुधवार को शौचालय निर्माण कार्य का जायजा लिया कार्य को संतोषप्रद बताते हुए प्रखंड आने जाने वाले राहगीरों के लिए बहुत बड़ी सुविधा बताया। शौचालय निर्माण स्थान के इर्द गिर्द रहने वाले ग्रामीण छागुर साह, हरिराम बैठा, बबलू, वीरेंद्र राम, मुनींद्र तिवारी, जयचंद साह, लालसा चौरसिया, तारकेश्वर तिवारी इत्यादि लोगों ने शौचालय निर्माण कार्य से खुशी जाहिर किया। साथ ही मौजूदा कार्य को संतोषप्रद बताते हुए वर्तमान पार्षद से इसी तरह का शौचालय निर्माण कार्य में मटेरियल प्रयोग करने का आग्रह भी किया।

## योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर स्थलों का भौतिक निरीक्षण

» मदरलैण्ड संवाददाता



अररिया। बुधवार को डीएम इनायत खान के दिशा निर्देश में संबंधित प्रखंड के वरीय पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत संचालित जनकल्याणकारी तथा विकासात्मक योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया जा रहा है।

बुधवार को प्रखंड अंतर्गत पंचायतों में हर घर नल का जल, घर तक पक्की गली नाली योजना, विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा केंद्र, लक्षित जन वितरण प्रणाली की दुकानें, धान/गेहूं/दलहन अधिप्राप्ति केंद्र, ग्रामीण सड़कों का निर्माण एवं अनुश्रवण, पुल पुलिया, मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पंचायत सरकार भवन की स्थिति, पेंशन योजना, भू राजस्व इत्यादि का निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा कुसार्काटा प्रखंड के कुंवारी पंचायत में विभिन्न योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया गया। जिसमें नवटोली वार्ड नंबर 9 में अवरुद्ध सड़क निर्माण को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना अध्यक्ष एवं माननीय मुखिया के साथ बैठक कर निराकरण करने का निर्देश दिया गया।

**पीएचसी का निरीक्षण किया गया**

पीएचसी में दवा के रखरखाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मनरेगा से बांस बाड़ी वार्ड नंबर 1 में नेपाल बॉर्डर तक बन रही सड़क प्राक्कलन अनुसार नहीं बनने की शिकायत पर पीओ को समीक्षा कर वस्तु स्थिति से स्पष्ट प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 121, वार्ड नंबर 12 में बच्चों की उपस्थिति कम थी, जिस पर सीडीपीओ से स्पष्टीकरण मांगे जाने का निर्देश दिया गया। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय असराहा में छात्रों की उपस्थिति एवं पठन-पाठन तथा साफ-सफाई सन्तोषजनक पाया गया।

## गोरखधाम पहुँच कटिहार डीएम दंपत्ति ने की पूजा अर्चना

### गुलमोहर का पौध रोपण भी किया

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार की सुबह लगभग9बजे कटिहार जिलाधिकारी उदयन मिश्रा अपने परिवार के साथ आजमनगर प्रखंड क्षेत्र के गोरखपुर पंचायत स्थित अति प्राचीन ख्याति लब्ध गोरखधाम मंदिर पहुंच पूजा अर्चना की मंदिर के प्रधान पुरोहित सुरजीत बनर्जी ने डीएम और उनके परिवार का पूजन कार्य पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शहद,दही,अक्षत,वेल्ब पत्र धतूरे के साथ संपन्न कराया ।पूजन कार्य के दौरान मंदिर गर्भगृह के अंदर एसडीओ राजेश्वरी पांडेय,बीडीओ सुनील कुमार मिश्रा,पीओ सत्येंद्र नारायण सहित मंदिर न्यास कमिटी के सक्रिय सदस्य मौजूद रहे ।शिव पार्वती पूजन के बाद डीएम दंपत्ति भगवान महावीर,नंदी सहित अन्य देवी देवताओं की भी पूजा अर्चना किये ।इस दौरान बारसोई डीएसपी प्रेमनाथ राम,सालमारी ओपी अध्यक्ष विजय कुमार सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से दल बल संग मौजूद रहे।

*डीएम ने गोरखधाम मंदिर में टेका मत्था:-*

जिले सहित देश में अमन चैन भाई चारा बना रहे इसी कामनाओं को को लेकर श्वेत मानस लिंग पर डीएम ने मत्था टेका जिसके बाद मंदिर कार्यालय में बैठ मंदिर कमिटी सदस्यों के साथ मंदिर के इतिहास को जानने की कोशिश की साथ हीं मंदिर निरीक्षण पंजी पर डीएम उदयन मिश्रा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई।

*पौधा के वृक्ष बनने तक हो संरक्षण डीएम:-*

इसके बाद मंदिर परिक्षेत्र में डीएम दंपत्ति ने संयुक्त रूप से गुलमोहर का पौध-रोपण किया ।बता दें गुल मोहर के पौध रोपण के बाद वृक्ष बनने के उपरांत मंदिर सौंदर्यीकरण की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करेगी ।पौध संरक्षण की जवाबदेही पीओ सत्येंद्र नारायण,पीआरएस मनोज कुमार,पीटीए,राजेश कुमार सहित पंचायत के मुखिया को दे गए हैं।

*ये रहे मौजूद:-*

वहीं मंदिर न्यास कमिटी सदस्यों में सचिव पिंटू यादव,अक्षय सिंह,भुनेश्वर यादव,शनि यादव,प्रदीप शर्मा राम चन्द्र शर्मा श्मीर चंद्रा फनी सिंह गुड्डू भगत श्याम नाथ यादव निताई यादव गणेश बोसक चंदन यादव सौरभ यादव आदि उपस्थित रहे।

*पूजा अर्चना के बाद डीएम ने कहा:-*

पूजा अर्चना और मंदिर परिक्षेत्र का जायजा लेते हुए डीएम उदयन मिश्रा ने कहा मंदिर स्वयं पर्यटन स्थल है ।पीओ को निर्देश दे गए हैं ।मनरेगा से जहां तक सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाना संभव हो अविलंब करें साथ हीं बताना हुआ मंदिर न्यास कमिटी ने भी सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर पर्यटन विभाग में पत्र देकर आये हैं ।वहां से जो भी निर्देश प्राप्त होगा उस आलोक में बेहतर कार्य किया जाएगा।

## एसएसबी व बथनाहा पुलिस की संयुक्त कार्रवाही में जब्त हुई शराब की बड़ी खेप

» मदरलैण्ड संवाददाता





ओपी अध्यक्ष,नंद किशोर नंदन

अररिया। फारबिसगंज/बथनाहा - एसएसबी एवं बथनाहा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 700 बोतल नेपाली दिलवाले शराब के साथ दो कारोबारियों गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में ओपी अध्यक्ष नंद किशोर नंदन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शराब कारोबारी शराब की खेप बाइक पर लेकर नेपाल से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाले हैं। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम गठित कर एसएसबी के साथ बॉर्डर पर नाका लगा दिया गया। इसी दौरान टीवीएस अपाची बाइक (बीना नंबर) पर कार्टून लादकर पिलर संख्या 186/1 के समीप से दो संदिग्ध व्यक्ति आए। जब बाइक रोककर तलाशी लिया गया तो कार्टून से 700 बोतल नेपाली दिलवाले शराब बरामद किया गया। उन्होंने शराब को जब्त करते हुए दोनों कारोबारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार कारोबारियों की पहचान राजू पासवान पिता फूलचंद पासवान, गांव+ पोस्ट- नवाबगंज, थाना फुलकहा एवं राहुल बहरदार पिता विनोद बहारदार, गांव+ पोस्ट- नवाबगंज, थाना फुलकहा जिला अररिया

के रूप में हुई है। गिरफ्तार व्यक्तियों को बथनाहा पुलिस को सौंप दिया गया है। वहीं बथनाहा थानाध्यक्ष श्री नंदन ने बताया कि गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों को प्राथमिकी सं० 228/22 दर्ज जेल भेज दिया गया है। कारवाई में एसएसबी के मुख्य आरक्षी प्रभु दयाल, आरक्षी भागचंद चौधरी, श्याम सिंह, मलिकाअर्जुन सोमालोंगपा एवं पुलिस बल में मुख्य आरक्षी जगनारायणसिंह, आरक्षी राजीव कुमार पासवान शामिल थे।

## राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के भारत बंद दिखा मिलाजुला असर

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। बुधवार को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आहवान पर भारत बंद का खोदावन्दपुर क्षेत्र में मिलाजुला असर दिखा.खोदावन्दपुर प्रखंड मुख्यालय चौक पर मोर्चा के चेरियाबरियारपुर विधानसभा प्रभारी बनवारी पासवान के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने बांस बल्ला लगाकर बेगूसराय- रोसड़ा मुख्य पथ को जामकर यातायात ठप कर दिया.जाम के कारण जामस्थल के दोनों ओर दर्जनों छोटे बड़ें वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई थी, जिससे राहगीरों को काफी फजीहत झेलनी पड़ी.जामकताओं ने अपनी दस सूत्री मांगों के समर्थन में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी बनवारी पासवान ने बताया 25 मई का भारत बंद ऐतिहासिक कार्यक्रम रहा.उन्होंने बताया कि पूरे देश में लोग घरों से बाहर निकलकर सड़कों पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं.केंद्र सरकार की ओर से जाति आधारित जनगणना कराने, ईवीएम घोटाले, निजी क्षेत्रों में एससी, एसटी, ओबीसी को आरक्षण लागू करने, एमएसपी की गारंटी कानून बनाकर किसानों को सौंपने, एनआरसी, एनपीआर, सीएए के विरोध समेत अन्य मांगों के समर्थन मे मोर्चा ने चरणबद्ध आंदोलन किया है. आंदोलन के अंतिम कड़ी में भारत बंद का निर्णय लिया गया.सरकार अगर अब भी मानती है तो आगे पुनः आंदोलन का रूप रेखा तैयार किया जायेगा.कार्यक्रम में भोला पासवान, मोहम्मद क्यूम, राजेन्द्र राम, अवधेश कुमार समेत अनेक कार्यकर्ता शामिल थे.

## राजद ने चलाया सदस्यता अभियान कइयों ने ली सदस्यता

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत राज्यव्यापी सदस्यता अभियान के दूसरे चरण यथा 25 एवं 26 मई की तारीख की पहली तिथि बुधवार को कटिहार विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत बलुआ पंचायत के सभी छः बूथों पर प्रति बूथ के हिसाब से कुल 24 क्रियाशील सदस्यों के साथ-साथ बलुआ में राजद ने छः सौ प्राथमिक सदस्यों की बड़ी फौज तैयार किया है ।राजद प्रदेश महासचिव समरेंद्र कुणाल के नेतृत्व में बुधवार को बलुआ पंचायत में सदस्यता अभियान का अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर भारीडीह के मंदिर प्रांगण में सभी नव क्रियाशील सदस्यों को फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। सदस्यता अभियान के पश्चात कुणाल ने बताया कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह एवं सीमांचल इलाके में राज्य सभा सांसद डॉ अहमद अशफाक करीम के आह्वाहन पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। भारी संख्या में लोग राजद की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं ।कटिहार विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत राजद गरीब मजदूर किसान तक ऑफ लाइन सदस्यता अभियान के तहत बीस हजार प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य पूरा करेगी। उन्होने बताया कि 26 मई को ढेरुआ पंचायत में सदस्यता अभियान का मेगा शिविर लगाया जाएगा। इस अवसर पर राजद नेता श्रीलाल उरांव ने बताया कि आगामी 2 जून को सभी पांच पंचायतों में नव क्रियाशील सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि राजद के राष्ट्रीय नेता राज्य सभा सांसद डॉ अहमद अशफाक करीम शामिल होंगे। सदस्यता अभियान में राजद महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्षा ललिता तिर्की प्रधान महासचिव राखी यादव जिला सचिव बिनोद सिंह के विनोद यादव पिंटू यादव सुबुध यादव पंचायत समिति सदस्य अरज लाल उरांव बबलू मुर्मू कनक लाल मंडल मुन्ना राय मान सिंह मुर्मू दिलीप दास मो बदीऊजमा मो रमजानी मो राशिद लखी राम मरांडी जेम्स सोरेन अशोक रजक राम नाथ बेसरा शीतल हांसदा मो कलीम सरपंच गजेन्द्र शर्मा पूर्व मुखिया मो अब्बास कामेश्वर मुर्मू नंदू मरांडी संजय हेमब्रम संतोष रजक को क्रियाशील सदस्य बनाया गया है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद




मुंबई, एजेंसी। मुम्बई शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही आईटी कंपनियों के शेयरों में हुई भारी बिकवाली से बाजार ने शुरूआती बढ़त खो दी। इस कारण सेंसेक्स 300 से अधिक अंक नीचे खिसक गया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 303.35 अंक करीब 0.56 फीसदी नीचे आकर 53,749.26 अंक पर पहुंचा गया हालांकि बीच में यह 54,379.59 अंक के उच्चस्तर तक पहुंचने के बाद 53,683.16 अंक के निचले स्तर तक आया। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 99.35 अंक तकरीबन 0.62 फीसदी नीचे आकर 16,025.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स, टीसीएस, विप्रो, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एमएंडएम के शेयर सबसे ज्यादा गिरे हैं। वहीं, दूसरी ओर एनटीपीसी, भारती एयरटेल, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक, नेस्ले, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। गत दिवस भी बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ था।

बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिकी बाजार में मंदी की आशंका से भी घरेलू बाजार पर दबाव पड़ा है जिससे वह नीचे आया है। विदेशी निवेशकों ने अक्तूबर, 2021 से ही अब तक भारतीय पूंजी बाजार से 2.5 लाख करोड़ रुपये यानी करीब 32 अरब डॉलर निकाले हैं। यह शेयर बेचकर पैसे निकालने का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है, जो इतने कम समय में इतनी बड़ी राशि की निकासी की गई है। इससे भी बाजारा धारणा कमजोर हुई है।

वहीं एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ के साथ बंद हुए जबकि जापान के निक्की में कमजोरी रही।

## इनफिनिक्स ने अपने हॉट पोर्टफोलियो का विस्तार किया

### एंटरटनेमेंट से पूरी तरह लोडेड हॉट 12 प्ले स्मार्टफोन को लॉन्च किया




चंडीगढ़ 25 मई 2022 : पिछले साल हॉट 10 प्ले की जबर्दस्त सफलता के बाद ट्रांसियॉन ग्रुप के प्रमुख स्मार्टफोन ब्रैंड इनफिनिक्स ने अपने बजट में फिट बैठने वाले फुली लोडेड स्मार्टफोन सेग्मेंट में नई लॉन्चिंग की है। नए स्मार्टफोन में कई फीचर्स को पहली बार अपग्रेड किया गया है। हाल ही में इस ब्लॉक में एंट्री करने वाला नया मेहमान हॉट 12 प्ले युवाओं और नए जमाने के यूजर्स को बिना किसी रोकटोक के शानदार मनोरंजन प्रदान करेगा। यह 8499 रुपये में फ्लिपकार्ट पर 30 मई से बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। यह स्मार्टफोन 4 जीबी रैम/64जीबी की मेमोरी के साथ मिलता है जिसे 3 जीबी तक बढ़ाया जा सकता है। हॉट 12 प्ले चार आकर्षक रंगों रेसिंग ब्लैक हॉरिजन ब्लू (हीरो कलर) शैंपन गोल्ड और डेलाइट ग्रीन में उपलब्ध होगा। हॉट सीरीज में पहले लॉन्च किए गए स्मार्टफोन की तुलना में हॉट12 प्ले में बेस्ट डिस्प्ले बेहतरीन बैटरी अपने सेग्मेंट में बेहतर परफॉर्मेंस के साथ कई प्रमुख फीचर्स अपग्रेड किए गए हैं। ऑल न्यू हॉट 12 प्ले ने अपनी श्रेणी में बेहतरीन कैमरा उपलब्ध कराने की परंपरा को कायम रखा है। हॉट 12 प्ले में अपने सेगमेंट में 6000 एमएएच की सबसे बड़ी बैटरी मिलती है जिससे लंबे समय तक इस्तेमाल करने के बाद भी स्मार्टफोन चलता रहता है। इनफिनिक्स इंडिया के सीईओ अनीश कपूर ने लॉन्चिंग पर टिप्पणी करते हुए कहा ह्लइनफिनिक्स हॉट सीरीज की पेशकश 2017 में उपभोक्ताओं के लिए सार्थक आविष्कार के रूप में की गई थी। स्मार्टफोन ने बेहतरीन डिस्प्ले परफॉर्मेंस और बैटरी जैसे एफआईएसटी (सेगमेंट टेक्नोलॉजी में फर्स्ट) फीचर्स के साथ अपना जबर्दस्त फैंस बेस बनाया है। हॉट सीरीज ने फैंस में अपने इस विश्वास को स्मार्टफोन में प्रतिस्पर्धी दामों पर बेहतरीन फीचर्स उपलब्ध कराकर मजबूत किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व बैंक ने कहा- श्रीलंका को नए कर्ज देने की खबरें गलत

कोलंबो, एजेंसी। आर्थिक संकट झेल रहे श्रीलंका को विश्व बैंक (डब्ल्यूबी) तब तक नया कर्ज नहीं देगा जब तक कि देश की अर्थव्यवस्था संबंधी पर्याप्त व्यापक आर्थिक नीति रूपरेखा नहीं बनाई जाती। विश्व बैंक ने बयान जारी करके यह कहा है। इससे पहले ऐसी खबरें आई थीं कि विश्व बैंक श्रीलंका को आर्थिक संकट से उबारने के लिए ब्रिज लोन या नई ऋण प्रतिबद्धताओं के रूप में समर्थन देने की योजना बना रहा है। हालांकि बैंक ने कहा कि वह पहले से आवंटित संसाधनों में परिवर्तन कर रहा है ताकि आवश्यक दवाएं एवं अन्य नकद सहायता दी जा सके। विश्व बैंक ने कहा कि हाल में मीडिया में आई खबरों में कहा गया था कि विश्व बैंक ब्रिज लोन या नई कर्ज प्रतिबद्धताओं के रूप में श्रीलंका की मदद करने जा रहा है। यह गलत है। इसमें कहा गया है कि हमें श्रीलंका के लोगों की चिंता है और हम अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा अन्य विकास साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि देश को आर्थिक स्थिरता बहाल करने के लिए उचित नीतिगत सलाह दे सकें। जब तक एक पर्याप्त व्यापक आर्थिक नीति रूपरेखा नहीं बनती तब तक विश्व बैंक श्रीलंका को नए वित्तपोषण की पेशकश नहीं करेगा।

### मजबूरी में महंगी कीमतों में कोयला खरीद रही कंपनियां: सीसीएआई

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय कोयला उपभोक्ता संघ (सीसीएआई) ने कहा है कि उपभोक्ताओं को महंगे दाम पर कोयला खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। संघ ने इस मामले में सरकार से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया ताकि संकट में फंसे उद्योगों को नया जीवन दिया जा सके। सीसीएआई ने कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी को लिखे एक पत्र में कहा है कि कई कंपनियों को अपने संयंत्रों को चालू रखने के लिए ऊंची दरों पर कोयला खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। देश के कई हिस्सों में कोयले की किल्लत देखी जा रही है। हाल ही में महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) की ई-नीलामी में कोयले के भाव अधिसूचित कीमत की 800 प्रतिशत ऊंचाई पर पहुंच गए। इसकी वजह से कुछ कंपनियों को सिर्फ अपने संयंत्रों को चालू रखने के लिए महंगे दाम पर कोयला खरीदना पड़ा तो कई कंपनियों ने नीलामी से दूर ही रहने का फैसला किया। ईंधन आपूर्ति करार के अनुरूप आवंटित मात्रा में कोयले की आपूर्ति नहीं की जा रही है जबकि कोयला कंपनियां हाजिर ई-नीलामी कर रही हैं जिनमें कोयले का भाव मार्च से अप्रत्याशित तौर पर बढ़ गया है। ऐसे में गैर-विनियमित क्षेत्र के कई उपभोक्ताओं के लिए जरूरी मात्रा में खरीदारी कर पाना मुमकिन नहीं रह गया है। पत्र के मुताबिक कोयले की सीमित आपूर्ति होने से उद्योगों को उत्पादन में कमी करने और संयंत्रों को तात्कालिक तौर पर बंद करने का फैसला करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सीसीएआई ने कहा है कि सरकार को इसमें सुधार के लिए दखल देना चाहिए। एक ही समूह की कंपनियों को एक से दूसरे संयंत्र में कोयला हस्तांतरित करने की छूट भी दी जाए। इससे जरूरतमंद संयंत्रों तक कोयला पहुंचाया जा सकेगा।

### आयात शुल्क में छूट से खाने के तेल में आएगी नरमी

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र ने सालाना 20-20 लाख टन कच्चे सोयाबीन और सूरजमुखी तेल के आयात पर सीमा शुल्क तथा कृषि अवसंरचना उपकर को मार्च, 2024 तक हटाने की घोषणा की है। वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी अधिसूचना के अनुसार सालाना 20 लाख टन कच्चे सोयाबीन और सूरजमुखी तेल पर वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 में आयात शुल्क नहीं लगाया जाएगा। सरकार का मानना है आयात शुल्क में इस छूट से घरलू कीमतों में नरमी आएगी और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक ट्वीट में लिखा कि यह निर्णय उपभोक्ताओं को महत्वपूर्ण राहत प्रदान करेगा। इससे घरेलू स्तर पर कीमतों को नीचे लाने में मदद मिलेगी। बताया जा रहा है कि सरकार के इस फैसले से सोयाबीन तेल के दाम तीन रुपए प्रति लीटर तक नीचे आएंगे। सरकार ने 20-20 लाख टन कच्चे सोयाबीन और सूरजमुखी तेलों के लिए शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। टीआरक्यू के तहत सीमा शुल्क और 5.5 प्रतिशत का कृषि अवसंरचना कर हट जाएगा। गौरतलब है कि सरकार ने तेल की बढ़ती कीमतों के बीच पिछले सप्ताह पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाया था। साथ ही इस्पात और प्लास्टिक उद्योग में इस्तेमाल होने वाले कुछ कच्चे माल पर आयात शुल्क भी हटाने का निर्णय लिया था।

### स्पाइसजेट ने क्रेडिट सुइस के साथ विवाद का निपटारा किया

मुंबई, एजेंसी। घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने बुधवार को कहा कि उसने स्विट्जरलैंड की वित्तीय सेवा कंपनी क्रेडिट सुइस के अपने लंबित विवाद को सुलझाते हुए समझौता और सहमति शर्तों पर हस्ताक्षर किए हैं। विमानन कंपनी ने एक बयान में कहा कि 23 मई को तय हुईं समझौता एवं सहमति शर्तों को अंतिम आदेश के लिए उच्चतम न्यायालय के समक्ष दाखिल किया गया है। स्पाइसजेट ने अधिक ब्यौरा तो नहीं दिया, हालांकि यह बताया कि विवाद निपटारा की व्यवस्था के तहत एक निश्चित राशि का भुगतान पहले किया जाएगा और बाकी की राशि पारस्परिक रूप से तय समयसीमा में दी जाएगी।

## 'स्कॉर्पियो-एन' नई महिंद्रा स्कॉर्पियो से उठा पर्दा

### नए बॉडी-ऑन-फ्रेम प्लेटफॉर्म पर बनाया गया है एसयूवी को

नई दिल्ली, एजेंसी। स्वदेशी कंपनी महिंद्रा ने हाल ही में नई स्कॉर्पियो से पर्दा उठा दिया है। इस नई एसयूवी को नाम दिया गया है ह्यस्कॉर्पियो-एनह्ल। महिंद्रा ने नई एसयूवी को एक नए बॉडी-ऑन-फ्रेम प्लेटफॉर्म पर बनाया गया है। इसके अलावा इसमें कई नए ऐसे फीचर्स मिलने जा रहे हैं, जो इसे मौजूदा मॉडल के मुकाबले एक बेहतर एसयूवी बनाएंगे।


नई स्कॉर्पियो-एन को 4गुना4 फंक्शन के साथ जोड़ा जाएगा। हालांकि इसे एक विकल्प के रूप में जोड़े जाने की संभावना है। इस तथ्य को देखते हुए कि स्कॉर्पियो-एन एक ऑफ-रोड-फ्रेंडली एसयूवी माना जाता है, इसके लिए इसमें 4गुना4 ऑप्शन काफी जरूरी हो जाता है.6-स्पीड मैनुअल के अलावा, महिंद्रा नई स्कॉर्पियो-एन को 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन यूनिट से भी लैस करेगी।नए जमाने की स्कॉर्पियो-एन में कई ड्राइविंग मोड होंगे।नए मोड को शामिल करने से नई कार के केबिन के अंदर आधुनिकता का स्पर्श जुड़ जाएगा। कंपनी की एसयूवी ब्रांडिंग प्राप्त करने के लिए महिंद्रा (एक्सयूवी700 के बाद) लाइनअप में स्कॉर्पियो-एन दूसरा वाहन बन जाएगा।सामने आई तस्वीरों से पता चलता है कि एसयूवी में सनरूफ भी मिलेगी।

पिछली स्पाई तस्वीरों से पता चला है कि एसयूवी में एक बड़ी साइज की टचस्क्रीन स्क्रीन देखने को मिलेगी।नई स्कॉर्पियो की सामने आई तस्वीरों से ये पता चलता है कि इसमें ड्यूल एलईडी प्रोजेक्टर देखने को मिलेंगे।नया मॉडल स्टाइलिश दिखने वाली दोहरी एलईडी प्रोजेक्टर इकाइयों को स्पोर्ट करेगा।इसके अलावा एयूवी में डायनामिक टर्न इंडिकेटर्स देखने को मिलेंगे।यह कार के रीमॉडेल्ड डैशबोर्ड पर एक केंद्र स्तर पर ले जाएगी। डिजिटल ड्राइवर का डिस्प्ले नई स्कॉर्पियो-एन में इंस्ट्रूमेंट कंसोल पूरी तरह से डिजिटल होगा।

## मेकमाईट्रिप पर बुक नाउ पे लेटर विकल्प द्वारा फ्लाईट एवं होटल बुक करें

चंडीगढ़ : भारत की अग्रणी ऑनलाईन ट्रैवल कंपनी, मेकमाईट्रिप ने ट्रैवल (होटल या फ्लाईट्स) की बुकिंग के लिए बुक नाउ पे लेटर (बीएनपीएल) की सुविधा शुरू की है। मेकमाईट्रिप और गोआईबीबो ऐप पर उपलब्ध यह सुविधा भारतीयों द्वारा अपनी यात्रा का भुगतान करने के तरीके में परिवर्तन ले आएगी। मेकमाईट्रिप के फिनटेक आर्म, ट्रिपमनी ने 15 अग्रणी फिनटेक कंपनियों और एनबीएफसी/बैंक के साथ एक मार्केटप्लेस स्थापित कर लिया है, जिनमें कैपिटल फ्लोट, जेस्ट मनी, आईडीएफसी बैंक, किश्त, लेजीपे, सिंपल, एचडीएफसी बैंक आदि शामिल हैं। इस सुविधा द्वारा मुसाफिरों को यात्रा करने के लिए आसान क्रेडिट उपलब्ध हो सकेगा। बीएनपीएल प्रस्तुत करने के अलावा, कंपनी अग्रणी बैंकों द्वारा आसान ईएमआई सुविधा भी प्रदान करती है, ताकि मुसाफिरों को ज्यादा लचीलापन और भुगतान विकल्प उपलब्ध हो सकें।प्लेटफॉर्म के द्वारा बीएनपीएल का विकल्प चुनने की प्रक्रिया सुगम व आसान है। बुकिंग के वक्त बिना कोई भुगतान किए सफर करने के इच्छुक मुसाफिरों को पार्टनर एनबीएफसी और बैंकों द्वारा कुछ ही सेकंड में शॉर्ट टर्म क्रेडिट दिया जाएगा। इस प्रक्रिया के लिए बैंक व एनबीएफसी एक अंडरराईटिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग करेंगे, जिसमें डेटा साईंस मॉडल का इस्तेमाल कर ऋण के लिए ग्राहक की पात्रता या साख का मूल्यांकन किया जाता है।मेकमाईट्रिप पर बीएनपीएल को शुरू में बहुत ही शानदार प्रतिक्रिया मिली है। पिछले एक साल में कंपनी ने तिमाही-दर-तिमाही बीएनपीएल विनिमयों में 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। वर्तमान में बीएनपीएल का विकल्प चुनने वाले 75 प्रतिशत से ज्यादा ग्राहक नो-कॉस्ट ईएमआई (3 महीनों में देय) चुनते हैं और शेष लोग ज्यादा लंबे समय की ईएमआई का विकल्प चुनते हैं।कंपनी द्वारा प्रस्तुत विभिन्न लचीले भुगतान विकल्पों के फायदों के बारे में, राजेश मागो, को-फाउंडर एवं ग्रुप सीईओ, मेकमाईट्रिप ने कहा, पिछले सालों में मेकमाईट्रिप ने भारत में ग्राहकों के लिए यात्रा के अनुभवों का सृजन करने में मुख्य भूमिका निभाई है। बीएनपीएल और ईएमआई विकल्प हमारे ग्राहकों को आकर्षक शर्तों के साथ आसान व तीव्र शॉर्ट टर्म क्रेडिट प्रदान करने में मदद करेंगे। इससे मुसाफिरों को समय-समय पर नई जगहों पर घूमने की अपनी इच्छाएं पूरी करने में मदद मिलेगी।

# पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं





नई दिल्ली, एजेंसी। घरेलू बाजार में तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार को भी पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई परिवर्तन नहीं किया, जिससे ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं आया है। इंडियन ऑयल की अधिसूचना के मुताबिक दिल्ली में बुधवार को पेट्रोल का दाम 96.72 रुपए और डीजल का दाम 89.62 रुपए प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपए और 97.28 रुपए प्रति लीटर है। केंद्र सरकार ने शनिवार को आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपए और छह रुपए प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। जिससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से कम 9.5 रुपए और सात रुपए तक गिर गए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 1.16 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 114.88 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 1.20 प्रतिशत चढ़कर 111.09 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले, केंद्र सरकार ने 03 नवंबर 2021 को पेट्रोल पर 10 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 5 रुपए प्रति लीटर का उत्पाद शुल्क घटाया था। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है। देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहेः- दिल्ली पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लिटर, डीजल 89.62 रुपए प्रति लिटर, कोलकाता पेट्रोल 106.03 रुपए प्रति लिटर, डीजल 92.76 रुपए प्रति लिटर, मुंबई पेट्रोल 111.35 रुपए प्रति लिटर, डीजल 7.28 रुपए प्रति लिटर और चेन्नई पेट्रोल 102.63 रुपए प्रति लिटर, डीजल 94.24 रुपए प्रति लिटर है।

## भारत में क्लाउड कौशल के अंतर को कम करने के लिए एडब्ल्यूएस ने 2 मिलियन से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया

चंडीगढ़ः भारत में इस समय इनोवेशन पर अत्यधिक ध्यान दिया जा रहा है जिसके लिए क्लाउड कंप्यूटिंग में प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता है इसलिए यहां पर क्लाउड कौशल कार्यबल में प्रशिक्षण की अत्यधिक आवश्यकता है। क्लाउड कंप्यूटिंग में गति को बनाए रखने के लिए डिजिटल कौशल युक्त तकनीकी प्रोफेशनल की आवश्यकता है जिससे इस क्षेत्र को प्रासंगिक बनाए रखा जा सके। एमेजॉन वेब सर्विसेज इंक (एडब्ल्यूएस) ने अल्फाबीटा से प्राप्त ह्यबिल्डिंग डिजिटल स्किल्स फॉर द चेंजिंग वर्कफोर्सह्ल नामक शोध रिपोर्ट में पाया कि 2025 तक भारत में 63% वर्कर्स को अपने करियर में प्रगति के लिए क्लाउड-संबंधित कौशल में प्रशिक्षण की आवश्यकता महसूस होगी। इतना ही नहीं रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि 2025 तक शीर्ष पांच सबसे अधिक मांग वाले डिजिटल कौशल में से तीन क्लाउड से संबंधित होंगे। डिजिटल रूप से कुशल वर्कर्स की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारत के वर्तमान कार्यबल को शिक्षित करने की आवश्यकता है। आज एडब्ल्यूएस ने यह बताया कि 2017 से लेकर अब तक उसने भारत में 2 मिलियन से अधिक लोगों को क्लाउड कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया है और क्लाउड कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी में जरूरी क्लाउड कौशल में प्रशिक्षित कार्य बल प्रदान कर एक मील का पत्थर तक पहुंच गया है।

फिल डेविस मैनेजिंग डायरेक्टर एशिया पेसिफिक एंड जापान कमर्शियल सेल्स एडब्ल्यूएस ने कहा ह्लमुझे गर्व है कि एडब्ल्यूएस ने भारत में दो मिलियन से अधिक लोगों को क्लाउड कौशल में प्रशिक्षण प्रदान किया है और हम स्वीकार करते हैं कि भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग में अभी और भी ज्यादा काम करने की जरूरत है ताकि हम भारत का डिजिटल भविष्य सुरक्षित कर सकें। क्लाउड कंप्यूटिंग में दक्ष कार्य बल तैयार करने के लिए सरकारों प्रशिक्षण प्रदाताओं और नियोक्ताओं को आसान एवं टारगेटेड कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। हमारा लक्ष्य लोगों की सहायता तब तक करना है जब तक कि वह क्लाउड कंप्यूटिंग में शुरूआत करके एक अनुभवी आईटी प्रोफेशनल में नहीं बदल जाते हैं हम चाहते हैं कि भारत में लोग क्लाउड कंप्यूटिंग कौशल हासिल करें और डिजिटल कौशल के इस अंतर को कम करने में सहायता करने के लिए हम उद्योग और सरकारों के साथ सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## चीनी निर्यात पर अक्टूबर तक प्रतिबंध



नई दिल्ली, एजेंसी। महंगाई पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने चीनी के निर्यात को पहली जून से प्रतिबंधित कर दिया है और इसके तहत एक करोड़ टन चीन के निर्यात की छूट दी जाएगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह पाबंदी कच्ची चीनी, रिफाइंड चीनी और उबली हुई चीनी तीनों पर लागू होगी और 31 अक्टूबर 2022 तक या किसी अगले आदेश तक लागू रहेगी। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने कहा कि चीनी सत्र 2021-22 के दौरान देश में चीनी उपलब्धता और इसकी कीमत में स्थिरता बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार ने चीनी के निर्यात को एक जून 2022 से अगले आदेश तक विनियमित करने का निर्णय लिया है। सरकार ने कहा है कि वह इस दौरान अधिकतम 100 लाख टन चीनी के निर्यात की छूट देगी। चीनी सत्र 2020-21 में भारत से करीब 70 लाख टन चीनी दूसरे देशों को भेजी गई थी, जबकि निर्यात का लक्ष्य 60 लाख टन था। चालू सत्र में व्यापारियों ने करीब 90 लाख टन चीनी के निर्यात का अनुबंध कर लिए हैं। बयान में कहा गया है कि इस सत्र में चीनी मिलों से निर्यात के लिए 82 लाख टन चीनी निकल चुकी है और इसमें से 78 लाख टन विदेश भेजी जा चुकी है। यह पाबंदी यूरोपीय संघ और अमेरिका को सीएक्सएल और टीआरक्यू के तहत निर्यात की जाने वाली चीनी पर लागू नहीं होगी।

## सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट



नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक बाजारमें सोना और चांदी बुधवार को गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं और इसका असर भारतीय सरार्फा बाजार पर भी दिखाई दे रहा है। यहां सोना और चांदी दोनों लाल निशान में नजर आ रहे हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर बुधवार को सोना गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है और इसमें 100 रुपए से ज्यादा की गिरावट देखी जा रही है. एमसीएक्स पर सोना 121.00 रुपए की गिरावट के साथ 51,036 रुप, प्रति 10 ग्राम है। बता दें कि ये सोने का ये भाव जून वायदा के लिए है। चांदी भी निचले दायरे में कारोबार कर रही है और ये कुछ सस्ती हुई है। चांदी के दाम 80.00 रुपए की गिरावट के साथ 61,896 रुपए प्रति किलो पर कारोबार कर रहे हैं। चांदी के ये दाम जुलाई वायदा कारोबार के तहत लिए गए हैं। दिल्ली में सोने के दाम तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के 22 कैरेट और 24 कैरेट दोनों में तेजी देखी जा रही है। दिल्ली में :22 कैरेट सोने के दाम 150 रुप, की तेजी के साथ 47,900 रुपए पर कारोबार कर रहे हैं. वहीं 24 कैरेट सोने के दाम 160 रुपए की तेजी के साथ 52,250 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहे हैं। मुंबई में 22 कैरेट सोने के दाम 150 रुपए की तेजी के साथ 47,900 रुपए पर कारोबार कर रहे हैं। वहीं 24 कैरेट सोने के दाम 160 रुपए की तेजी के साथ 52,250 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहे हैं।

# नायका फैशन पर अपना दिल खोलकर खरीदारी करें क्योंकि नायका फैशन लाया है भारत की सबसे बड़ी फैशन सेल: थैंक गॉड इट्स सेल!



नई दिल्ली, मई 2022: फैशन के खरीदार इस बात की पुष्टि करेंगे कि उनके कानों में सबसे प्यारी धुन उनके पसंदीदा ब्रांडस पर भारी छुट है! खरीदार, ध्यान से सुनें: भारत का प्रमुख मल्टी-ब्रांड ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म नायका फैशन आपके लिए अपना पहला भव्य फ्लैगशिप शॉपिंग इवेंट #ThankGoditssale (#TGIS) लेकर आया है। 1500 से अधिक ब्रांड, 3 लाख प्रोडक्ट्स + 80% तक की छूट, और अन्य चुनिंदा ब्रांड प्लेटफॉर्म के लिए विशेष ऑफर प्रदान करते हैं। इस फैशन सेल इवेंट में महिलाओं, पुरुषों, किड्स, लक्स, टेक और होम कैटेगरी में सुपरहिट ब्रांड्स के चुनिंदा क्यूरेशन के साथ एक अलग पेशकश की सुविधा होगी।

ऑफर और कलेक्शन विशेष रूप से नायका फैशन पर उपलब्ध है, आप नायका फैशन पर उपलब्ध ढेरो कलेक्शन से पोपुलर फैशन ब्रांड्स जैसे एडिडास, पूमा, स्केचर्स, जैक एंड जोन्स, और फैबलस्ट्रीट से खरीददारी केर सकते है और उच्च फैशन ब्रांड्स जैसे वीरो मोड़ा, फॉरएवर न्यू, ओनली से भी अपने मन पसंद खरीददारी कर सकते हैं। और इतना भी कम लगता है तो, आप खरीदारी करें और 15 लाख से अधिक मूल्य के प्रोडक्ट्स और वाउचर जीतने का मौका पाएं साथ ही फ्लाइट ट्रैवलरस के लिए डायसन, परफॉर्मैक्स, फ्रेंच कनेक्शन, कैरेरा, वंडरशेफ और IIGO के वाउचर।

एड-ए-मम्मा, बीबा, डब्ल्यू, रेयर रैबिट, वोग आईवियर और गिवा, रितु कुमार, लवी, काजो जैसे ट्रेंड-फॉरवर्ड ब्रांडों के साथ अपनी शॉपिंग कार्ट भरें, और लेबल शौर्य सनाध्या, अच्हो, लावण्या जैसे कस्टमर्स फेवरेट ब्रांड्स भी अपने शौपिंग कार्ट में ऐड करे। और हाँ, नायका फैशन हाउस ऑफ ब्रांड्स लिखा, Nykd बाय नायका, गजरा गैंग, ट्वेंटी ड्रेसेस, आरएसवीपी, किका, पीपा बेला, आईवाईकेवाईके और बहुत कुछ जिसे अपने शौपिंग कार्ट में ऐड करना न भूले।

- नायका फैशन का #TGIS जो 26 मई से शुरू हो रहा है, जिसमे सारे ब्रांडस दे रहे है बढ़िया ऑफर जो पहले कभी नहीं दिए थे-
- अपना कैलेंडर पे आज ही निशान लगे और अभी नायका फैशन ऐप डाउनलोड करें

# उमरान, तिलक सहित ये पांच खिलाड़ी इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड के हैं दावेदार



मुम्बई, एजेंसी। इंडिया प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस 15 वें सत्र में पांच खिलाड़ी इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड की दौड़ में सबसे आगे हैं। ये पांच खिलाड़ी हैं तेज गेंदबाज उमरान मलिक, बल्लेबाज तिलक वर्मा, बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस, मोहसिन खान और अर्शदीप सिंह। इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड उस खिलाड़ी को दिया जाता है जिसके अंतरराष्ट्री स्तर पर चमकने की उम्मीद हो इसके साथ ही उसका जन्म 1 अप्रैल 1996 के बाद का हो। उसने 5 या इससे कम टेस्ट और 20 या उससे कम एकदिवसीय खेले हों। आईपीएल में 25 या इससे कम मैच खेले हों. उसे आईपीएल में पहले कभी इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड नहीं मिला हो।

उमरान मलिक : दाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज उमरान ने आईपीएल के 15वें सीजन में 14 मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम 22 विकेट है। उमरान इस सीजन इमर्जिंग प्लेयर बनने की रेस में सबसे आगे हैं। उमरान लगातार अपनी तेज रफ्तार गेंदबाजी से सबकी नजरों में आये हैं। उनकी गेंदों के सामने दिग्गज बल्लेबाज भी रनों के लिए संघर्ष करते दिखे।

तिलक वमा : मुंबई इंडियंस के युवा बल्लेबाज तिलक ने अपनी बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया है। एक ओर जहां मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज रनों के लिए संघर्ष करते दिखे। वहीं बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा लगातार रन बनाते रहे हैं।

तिलक ने आईपीएल के इस सत्र के 14 मैचों में 131.02 के स्ट्राइक रेट से कुल 397 रन बनाए हैं। वह पहली बार आईपीएल में खेल रहे हैं।

डेवाल्ड ब्रेविस : मुंबई इंडियंस की ओर से खेल रहे डेवाल्ड ब्रेविस ने भी इस सत्र में शानदार बल्लेबाजी की है। बेबी डिविलियर्स के नाम से लोकप्रिय ब्रेविस पावर हिटिंग के लिए जाने जाते हैं। वह तेजी से रन बनाने के अलावा निडर होकर बल्लेबाजी करते हैं। इस बल्लेबाज ने आईपीएल की सात पारियों में 142.47 के स्ट्राइक रेट से कुल 161 रन बनाए जिसमें 49 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। ब्रेविस पहली बार आईपीएल में खेले। उन्होंने इस सीजन एकमात्र विकेट विराट कोहली के रूप में लिया। डेवाल्ड ब्रेविस पावरप्ले में तेजी से रन बटोरने की काबिलियत रखते हैं।

मोहसिन खान : लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने भी इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। इस गेंदबाज ने स्लॉग ओवर में शानदार गेंदबाजी की है। मोहसिन ने सत्र के 8 मैचों में 13 विकेट लिए हैं उनका बेस्ट प्रदर्शन 16 रन देकर चार विकेट है।

अर्शदीप सिंह : पंजाब किंग्स की ओर से खेल रहे अर्शदीप ने डेथ ओवर में अपनी गेंदबाजी से सभी को हैरान किया है।

अर्शदीप ने इस सत्र के 14 मैचों में 10 विकेट लिए हैं। इस दौरान उनकी इकॉनोमी 7.7 की रही है। गेंदबाजी के अलावा अर्शदीप एक बेहतरीन फील्डर भी हैं।

# गेंदबाजी ऑलराउंडर बनना चाहते हैं हरप्रीत



मुंबई, एजेंसी। पंजाब किंग्स के बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और राशिद खान की तरह ही एक अच्छा गेंदबाजी ऑलराउंडर बनना चाहते हैं। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन कर टीम इंडिया में जगह बनाने वाले इस स्पिनर ने कहा कि वह बल्लेबाजी में भी बेहतर प्रदर्शन कर टीम में अधिक से अधिक योगदान देना चाहते हैं। इसी लिए उनका ध्यान अपनी बल्लेबाजी को बेहतर करने पर भी है।

हरप्रीत ने कहा कि मैं मुख्य रूप से एक गेंदबाज के रूप में टीम की सेवा करता हूं। इसके लिए टीम में मेरा प्रमुख स्थान है पर इसके साथ ही अगर कोई गेंदबाज बल्लेबाजी कर सकता है, तो यह टीम के लिए हमेशा ही लाभदायक होता है। मैं वर्तमान में अपनी बल्लेबाजी पर काम कर रहा हूं और मैं पिछले दो से तीन महीनों से अच्छा कर रहा हूं।

बरार ने कहा, खेलों में ऐसा होता है कि आपको शुरूआत नहीं मिलती है। इसलिए अगर मुझे किसी खेल में बल्ले से अच्छी शुरूआत मिलती है, तो मैं निश्चित रूप से बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करने और रन बनाने की पूरी कोशिश करूंगा। मैंने यहां बहुत सी नई चीजें सीखी हैं, मैं घर वापस जाकर नेट पर उन पर काम करूंगा। उन्होंने कहा कि वह अगले साल अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि इस सीजन में उनकी टीम पंजाब किंग्स को उम्मीद के अनुसार सफलता नहीं मिली पर पर हमने काफी कुछ सीखा है जो महत्वपूर्ण है। बरार ने कहा कि हमने इन चीजों से भी सीखा है। हमने अपनी पूरी कोशिश की है, लेकिन परिणाम हमारे पक्ष में नहीं आया है। अब हमारा लक्ष्य अगली बार बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अपने ही पूर्व खिलाड़ी के कारण हारी राजस्थान

कोलकाता, एजेंसी। आईपीएल के 15 वें सत्र में गुजरात टाइटंस के हाथों क्वालिफायर मुकाबले में हार झेलने वाली राजस्थान रॉयल्स को अपने ही पूर्व खिलाड़ी डेविड मिलर के कारण बाहर होना पड़ा है। मिलर ने गुजरात की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाया और कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ शतकीय साझेदारी भी निभाई। इस मैच में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 188 रन बनाए। इस प्रकार गुजरात को जीत के लिए 189 रनों का लक्ष्य मिला था। इसका पीछा करते हुए अंतिम ओवर की 3 गेंदों पर मिलर ने लगातार 3 छक्के लगाकर मैच में गुजरात को जीत दिला दी। मैच के बाद मिलर ने अपनी पूर्व टीम को इसके लिए सॉरी भी कहा। मिलर गुजरात टीम में आने से पहले साल 2020 में राजस्थान टीम में थे। साल 2020 में पहली बार राजस्थान टीम से जुड़ने के बाद उन्हें केवल एक मैच मिला जिसमें वह रन नहीं बना पाये। आईपीएल के पिछले सत्र में वह राजस्थान की ओर से खेले गये 9 मैचों में केवल 189 रन ही बना पाये। वहीं इसके बाद साल 2022 आईपीएल की नीलामी से पहले रॉयल्स ने उन्हें रिलीज कर दिया था। आईपीएल 2022 नीलामी के पहले दिन मिलर को किसी ने नहीं खरीदा था। उन पर किसी फ्रेंचाइजी ने दांव नहीं लगाया था। नीलामी के दूसरे दिन गुजरात ने मिलर को 3 करोड़ रुपये में खरीदा था। गुजरात की टीम से जुड़ने के बाद मिलर ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। राजस्थान के खिलाफ क्वालिफायर मुकाबले में शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने 38 गेंदों पर 68 रन बनाए।

### विटोरी ऑस्ट्रेलिया पुरूष टीम के सहायक कोच बने

मेलबर्न, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर डेनियल विटोरी को अपनी पुरूष क्रिकेट टीम का सहायक कोच बनाया है। विटोरी ने न्यूजीलैंड की ओर से 113 टेस्ट खेले हैं और उन्हें आईपीएल, ऑस्ट्रेलियाई टी20 बिग बैश लीग के अलावा इंग्लैंड और वेस्टइंडीज में भी कोचिंग का अच्छा खास अनुभव है। विटोरी इसके अलावा बांग्लादेश के स्पिन गेंदबाजी सलाहकार भी रहे हैं। वह पाक दौरे में ऑस्ट्रेलियाई टीम के स्पिन गेंदबाजी सलाहकार भी रहे थे। विटोरी अगले होने वाले ऑस्ट्रेलियाई टीम के श्रीलंका दौरे से सहायक कोच पद की कमान संभालेंगे। विटोरी के अलावा आंद्रे बोरोवेक को भी ऑस्ट्रेलियाई टीम का सहायक कोच बनाया गया है। वह श्रीलंका में ए टीम का मार्गदर्शन करेंगे। दोनों ने मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड के साथ काम किया है।

15वें सत्र में 700 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने बटलर

मुम्बई, एजेंसी। राजस्थान रॉयल्स के सलामी विस्फोटक बल्लेबाज जोस बटलर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15वें सत्र में 700 से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। बटलर ने आईपीएल के इस सत्र में अभी तक खेले गये 15 मैचों में 51.28 के औसत और 148 से भी ज्यादा के स्ट्राइक रेट से ये रन बनाये हैं। इस प्रकार बटलर ने अभी तक कुल 718 रन बनाये हैं। इसमें 68 चौके और 39 छक्के शामिल हैं। आईपीएल इतिहास में यह सातवीं बार है जब कोई खिलाड़ी 700 रनों से ऊपर बना पाया है। अब तक विराट कोहली (973), डेविड वॉर्नर (848), केन विलियमसन (735), क्रिस गेल (733 और 708), माइक हसी (733), जोस बटलर (718) ने सात सौ से ज्यादा रन बनाये हैं। राजस्थान रॉयल्स को अभी दो मुकाबले और खेलने हैं, ऐसे में उनके पास 800 के ऊपर रन बनाने का अच्छा अवसर है।

### पंड्या ने अपने आलोचकों को दिया जवाब

कोलकाता, एजेंसी। पदार्पण कर रही टीम गुजरात टाइटंस के आईपीएल फाइनल में पहुंचने से उत्साहित कप्तान हार्दिक पंड्या ने अपने आलोचकों को करार जवाब दिया है। आईपीएल शुरू होने से पहले हार्दिक की फॉर्म और फिटनेस को लेकर कई सवाल उठे थे। उसी का जवाब देते हुए पंड्या ने अपने आलोचकों पर निशाना साधा और कहा, 'लोगों का तो काम है कहना। पंड्या को लेकर हर खबर बिकता है पर मुझे इससे कोई परेशानी नहीं है।' पंड्या को जब लीग की नई टीम टाइटंस का कप्तान बनाया गया था तब लोगों ने उनके फॉर्म और फिटनेस को लेकर आशंकाएं जाहित की थीं पर जिस प्रकार हार्दिक ने टीम का नेतृत्व किया और उसे फाइनल तक पहुंचाया उससे सभी हैरान हुए हैं।

# भारत का पहला ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम ओडिशा में शुरू हुआ



भुवनेश्वर, एजेंसी। भारत में पहला ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम (ओवीईपी) ओडिशा में शुरू किया है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा है कि ओवीईपी में ओलंपिक से जुड़े पाठ्यक्रम को स्कूली शिक्षा प्रणाली में शामिल किया गया है जिससे बच्चे सक्रिय, स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बनाये जा सकें। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस कार्यक्रम की आधिकारिक तौर पर शुरूआत की। पहले वर्ष में कार्यक्रम का लक्ष्य भुवनेश्वर और राउरकेला शहरों के 90 स्कूलों में नामांकित 32,000 बच्चों तक पहुंचना है। इसके बाद इसका प्रसार राज्य के करीब 70 लाख स्कूली बच्चों तक होगा।

पटनायक ने कहा, 'देश में ओलंपिक आंदोलन में यह एक नयी शुरूआत है।' उन्होंने उम्मीद जताई कि स्कूली बच्चों के समग्र विकास में यह साझेदारी अहम होगी। वहीं आईओसी के शिक्षा आयोग के प्रमुख मिएला जावोरस्की ने कहा, 'ओलंपिक आंदोलन में शिक्षा का अहम योगदान है। यह कार्यक्रम दुनिया में 2006 से लागू है।' स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल यह कार्यक्रम ओडिशा के स्कूल और जन शिक्षा विभाग और अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन ट्रस्ट ने मिलकर तैयार किया है।




पेरिस के रोला गैरा में पहले दौर का मैच खेलते हुए रुस के टेनिस स्टार डेनिल मेदमदेव।

# एशिया कप हॉकी से बाहर हो सकती है भारतीय टीम

## दूसरे मैच में जापान ने 5-2 से हराया



जकार्ता, एजेंसी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे मैच में जापान ने 5-2 से हरा दिया। भारतीय टीम का पहला मुकाबला भी पाकिस्तान से ड्रॉ रहा था। ऐसे में इससे भारतीय टीम पर चैंपियनशिप से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि अगर वह अगले मैच में इंडोनेशिया को हरा भी देती है तो उसके लिए नॉकआउट चरण में पहुंचना आसान नहीं रहेगा। भारत के साथ मुकाबले में जापान की ओर से केन नागायोशी ने एक जबकि कोसी कावाबे ने दो गोल दागे। रयोमी ओका और कोजी यामासाकी ने एक-एक गोल किया। वहीं भारतीय टीम की ओर से पवन राजभर और उत्तम सिंह ने एक-एक गोल किया। भारतीय टीम का प्रदर्शन इस मैच में अच्छा नहीं रहा। टीम के दो अनुभवी खिलाड़ी कप्तान बीरेंद्र लाकड़ा और एसवी सुनील अपने नाम के अनुसार नहीं खेल पाये।

लाकड़ा ने कहा, ह्यहम लय में नहीं थे इसलिए हमारे लिए पहले दो क्वार्टर कठिन रहे। भारतीय टीम ने हालांकि बाद के दोनों क्वार्टर में अच्छा प्रदर्शन किया पर अपने अवसरों का लाभ नहीं उठा पायी। पहले क्वार्टर में दोनो ही टीमों ने प्रयास किये पर वह गोल नहीं कर पायीं। वहीं दूसरे क्वार्टर में जापान के केन नागायोशी ने दूसरे पेनल्टी को गोल में बदलकर जापान की ओर से पहला गोल किया।

मैच के 40वें मिनट में जापान के कावाबे ने एक गोल दागा। तीसरे क्वार्टर के आखिरी क्षणों में लाकड़ा के एक मूव को राजभर ने गोल में बदला। अंतिम क्वार्टर में ओका ने एक गोल कर जापान की बढ़त को 3-1 कर दिया पर अगले ही मिनट में राजभर की मदद से उत्तम सिंह ने गोल कर इस अंतर को कम किया। मैच के 54वें मिनट में यामासाकी के गोल से जापान की बढ़त 4-2 पहुंच गई। इसके बाद 56 वें मिनट में कवाबे ने एक और गोल कर अपनी टीम को जीत दिला दी।

# सभी के सहयोग से मिली सफलता : हार्दिक पंड्या



कोलकाता, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में पहुंचने से उत्साहित गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा है कि यह सफलता टीम के सभी खिलाड़ियों के सहयोग के साथ ही परिवार के समर्थन से मिली है। हार्दिक ने अपनी टीम के खिलाड़ियों की तारीफ करने के साथ ही अपने परिवार को भी शुक्रिया कहा है।

पंड्या ने कहा, 'मैंने अपने जीवन में कई चीजों को संतुलित करना शुरू कर दिया है। इसके लिए मैं पिछले कुछ समय से प्रयास कर रहा था पर अंत में, मेरे परिवार, मेरे बेटे, मेरी पत्नी और मेरे भाई ने भी इसमें सहयोग दिया। अब मैं घर जाने और परिवार के साथ कुछ समय बिताने के लिए उत्साहित हूं, इसी से मुझे एक बेहतर क्रिकेटर बनने में सहायता मिली है।' हार्दिक आईपीएल से पहले अपनी फिटनेस को लेकर परेशान रहे थे, इसी कारण वह भारतीय टीम से भी बाहर थे। इस आईपीएल सत्र में उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी करने के साथ ही गेंदबाजी करना भी शुरू किया है। उन्होंने खिताबी मुकाबले को लेकर कहा, ह्यअभी ज्यादा कुछ नहीं सोच रहे हैं। टीम के सभी 23 खिलाड़ी अलग-अलग भूमिकाओ में हैं, वे सभी अलग तरह की चीजें लेकर आते हैं। मैंने मिलर से सिर्फ इतना कहा कि अगर आपके आसपास अच्छे लोग हैं तो आपको अच्छी चीजें अपने आज ही मिलती हैं।ह्ल साथ ही कहा कि जो खिलाड़ी अंतिम एकादश में शामिल नहीं हैं वे भी चाहते हैं कि टीम अच्छा प्रदर्शन करे।

# धवन को टीम इंडिया में जगह नहीं मिलने का कारण सामने आया



मुम्बई, एजेंसी। अनुभवी बल्लेबाज शिखर धवन को अगले माह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली घरेलू टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने का कारण अब सामने आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की सलाह पर धवन को टीम से बाहर रखा गया है। धवन ने आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी की थी और माना जा रहा था कि उन्हें टीम में जरुर जगह मिलेगी पर ऐसा हुआ नहीं।

रिपोर्ट में एक बीसीसीआई अधिकारी के हवाले से कहा गया, धवन एक दशक से अधिक समय से भारतीय क्रिकेट में शामिल रहे हैं पर टी20 में आपको अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवाओं को अवसर देना होता है। ऐसे में कोच द्रविड़ को कठिन फैसला लेना था और इसके लिए सभी तैयार हो गये। टीम की घोषणा से पहले धवन को द्रविड़ ने इस बारे में जानकारी दे दी थी। ऑस्ट्रेलिया में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी20 विश्वकप को देखते हुए भी युवा खिलाड़ियों को अवसर दिया गया है। आईपीएल में सबका ध्यान खींचने वाले युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक को पहली बार अवसर मिला है। इसके अलावा कुलदीप यादव, हार्दिक पंड्या, दिनेश कार्तिक की भी टीम में वापसी हुई है।

# अब टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाना चाहते हैं कार्तिक



कोलकाता, एजेंसी। टीम इंडिया में एक और अवसर मिलने से उत्साहित अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा है कि पिछले 18 साल में यह सबसे विशेष वापसी है। कार्तिक को नौ जून से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह मिली है। 36 वर्ष के इस खिलाड़ी ने कहा, 'यह सबसे खास वापसी है क्योंकि कई लोगों ने इसकी संभावनाएं समाप्त मान लीं थीं। मेरे लिए इस वापसी से यह संदेश है कि कि मैं उसी तरह से खेलूंगा जैसे पहले खेलता था।' अब कार्तिक का लक्ष्य इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप की टीम में जगह बनाना है। उन्होंने कहा, 'चयन के दावेदार कई युवा खिलाड़ी होंगे जिनका हुनर सबके सामने हैं। इनके बीच विश्व कप टीम में जगह बनाने के दावेदारों में शामिल होना बहुत अद्भुत अहसास है।' उन्होंने कहा, 'मुझे पता है कि अभी मंजिल दूर है लेकिन रणनीति का हिस्सा होना और अपना कौशल दिखाने का मौका मिलना भी बड़ी बात है।' कार्तिक ने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 वनडे और 32 टी20 मैच खेले हैं।

गौरतलब है कि आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के कारण कार्तिक को टीम में जगह मिली है। उन्होंने अंतिम बार भारत के लिये साल 2019 विश्व कप में खेला था। उन्होंने आरसीबी के टीम प्रबंधन की तारीफ की जिन्होंने एक फिनिशर की भूमिका के लिये उनका हमेशा साथ दिया। कार्तिक ने कहा, 'उन्होंने साफ तौर पर मेरी भूमिका बताई और मेरा साथ दिया। मैं आरसीबी का आभारी रहूंगा जिसने मुझे चुना और मुझ पर भरोसा करके मुझे यह जिम्मेदारी दी। मैने अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश की। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं।'

# खराब फार्म को लेकर रोहित, विराट का गांगुली ने किया बचाव



कोलकाता, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के खराब फार्म को लेकर वह परेशान नहीं हैं। विराट और रोहित आईपीएल में बल्लेबाजी के दौरान रनों के लिए संघर्ष करते दिखे। इसपर जब गांगुली से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इन दोनो बल्लेबाजों की लय चिन्ता का कारण नहीं है। उन्होंने कहा यह दोनो ही जल्द रन बनाने लगेंगे। दोनो ही शीर्ष स्तर के अनुभवी बल्लेबाज हैं और वह स्वयं जानते हैं कि किस प्रकार खेलना है। रोहित के लिए यह सत्र अच्छा नहीं रहा है। वह 14 पारियों में 19.14 के औसत से केवल 268 रन बना पाये हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट केवल 120.17 का रहा है।

गांगुली ने कहा कि हर कोई इंसान है। गलतियां होंगी पर कप्तान के रूप में रोहित का रिकॉर्ड शानदार रहा है। पाँच आईपीएल खिताब, एशिया कप विजेता, उसने जहां भी कप्तानी की है, वह जीता है। कप्तान के रूप में उसका रिकॉर्ड शानदार है। गलतियाँ होंगी क्योंकि वे सभी इंसान हैं। वहीं विराट भी इस आईपीएल सत्र में केवल दो बार ही अर्धशतक लगा पाये हैं। उन्होंने 13 पारियों में केवल 236 रन बनाए थे। इस दौरान वह तीन बार पहली गेंद पर ही ही आउट हुए थे।

गांगुली ने कहा कि वे बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। मुझे भरोसा है कि वे आने साले मैचों में रन बनाना शुरू करेंगे। वे इतना क्रिकेट खेलते हैं कि कई बार वे फॉर्म गंवा बैठते है। कोहली ने पिछले मैच में बहुत अच्छा खेला, खासकर जब आरसीबी के लिए इसकी जरूरत थी। वहीं आईपीएल में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी अधिक रन नहीं बना पाये हैं पर ख्याति गांगुली ने इस युवा खिलाड़ी का समर्थन किया है।

उन्होंने कहा कि ऋषभ की तुलना धोनी से मत करिये। धोनी के पास काफी अनुभव है। उसने आईपीएल, टेस्ट और वनडे मिलाकर 500 से ज्यादा मैचों में कप्तानी की है। धोनी के साथ ऋषभ की तुलना सही नहीं है। उन्होंने आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के लिए युवा खिलाड़ियों तिलक वर्मा, राहुल त्रिपाठी की भी जमकर सराहना की है।

# प्रज्ञानानंदा मेल्टवाटर चैम्पियंस शतरंज के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय



चेन्नई, एजेंसी। 16 साल के आर प्रज्ञानानंदा मेल्टवाटर चैम्पियंस शतरंज टूर चेसेबल मास्टर्स टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने हैं। प्रज्ञानानंदा ने सेमीफाइनल में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को 3.5-2.5 से पराजित किया। मेल्टवाटर चैम्पियंस में 4 गेम का ऑनलाइन सेमीफाइनल मैच 2-2 से बराबरी पर था। जिसके बाद प्रज्ञानानंदा ने टाइब्रेकर में डच खिलाड़ी को शिकस्त दी। गिरी की इस टूनार्मेंट में यह पहली हार थी।

सेमीफाइनल मुकाबला संघर्षपूर्ण रहा। इसमें प्रज्ञानानंदा पहला गेम हार गए थे पर दूसरे गेल में उन्होंने अच्छी वापसी की। उन्होंने तीसरा गेम जीत कर स्कोर 2-1 कर दिया, हालांकि गिरी ने अपना पूरा अनुभव लगाकर चौथा गेम जीता और मुकाबला टाइब्रेकर में पहुंच गया। प्रज्ञानानंदा ने शुरूआती दौर में कार्लसन को हराया था। अब फाइनल में भारतीय खिलाड़ी का सामना विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी चीन के डिंग लिरेन से होगा। इससे पहले लिरेन ने दूसरे सेमीफाइनल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को 2.5- 1.5 से हराया।

# खूबसूरती निखारे ब्लशर



आप बिना मेकअप किए भी ब्लशर लगाने से बेहद खूबसूरत दिखाई दे सकती हैं। चेहरे पर खिली सुंदर मुस्कान हर किसी को आपकी तरफ आकर्षित कर सकती है। आपकी इसी मुस्कान चार चांद लगा देता है ब्लशर। लेकिन, यदि आपने इसका गलत इस्तेमाल किया तो आप दस साल बड़ी उम्र की भी लग सकती हैं। आप बिना मेकअप किए भी ब्लशर लगाने से बेहद खूबसूरत दिखाई दे सकती हैं। ब्लशर लगाने में आपसे कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए आपका कुछ बातों का जानना बेहद जरूरी है।

**रोजी ग्लो के लिए**

मेकअप में ब्लशर सबसे जरूरी है। इसका इस्तेमाल डल स्किन में फ्रेश और रोजी ग्लो लाने में मदद करता है। इसमें थोड़ा गोल्डेन शिमर मिलाने से यह फीचर्स को बैलेंस कर देगा। इससे आप हल्के फीचर्स को उभार सकती हैं। उसे एक डेफिनिशन दे सकती हैं।

**दें सही कवरेज**

क्रीम ब्लशर, मूस ब्लशर पाउडर, लिक्विड या जेल ब्लशर लगाने का सही तरीका जानना जरूरी है।

**पाउडर ब्लशर**

पाउडर ब्लशर आपको बोल्ड लुक लेता है। क्योंकि इसकी कवरेज मीडियम से हेवी होती है। यह चीक्स को शेप, शेड और कॉन्टूर करने के लिए बेस्ट है। इसे लगाने का सही तरीका है, डोम-शेप्ड ब्लशर ब्रश को ब्लशर पर रखकर गोलाई में घुमाएं। फिर मुस्कराएं और चीक्स के एपल पर हल्का स्ट्रोक्स देते हुए लगाएं। माथे की तरफ ले जाते हुए लगाएं। ब्रश से अच्छी तरह ब्लेंड करें।

**लिक्विड/जेल ब्लशर**

इसे आप चीक्स और लिप्स दोनों के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं या फिर दूसरे शेड्स और प्रोडक्ट भी इसके साथ प्रयोग कर सकती हैं। लिक्विड से क्रीम जेल का टेक्सचर अलग-अलग होता है। ये लॉन्गलास्टिंग व नैचुरल मैट स्टेन लुक देते हैं।

# मल्टीग्रेन आटा करे बीमारियों को दूर



गे हूं में अगर दूसरे अनाज को मिला कर आटा पिसवाया जाए तो ऐसे आटे से बनी रोटी की पौष्टिकता बढ़ जाती है। मल्टीग्रेन आटे का इस्तेमाल करने के लिए आमतौर पर भारतीय घरों में रोटी बनाने के लिए गेहूं, बाजरा, मक्का और ज्वार जैसे अनाज का इस्तेमाल करते हैं। गेहूं में अगर दूसरे अनाज को मिला कर आटा पिसवाया जाए तो ऐसे आटे से बनी रोटी की पौष्टिकता बढ़ जाती है। आज हम आपको मल्टीग्रेन आटे से बनी रोटी कई तरह की बीमारियों को दूर करने में फायदेमंद होती है।

**विभिन्न रोगों में मल्टीग्रेन आटे का उपयोग**

**डायबिटीज के लिए फायदेमंद है मल्टीग्रेन आटा**

मधुमेह के रोगी 5 किलोग्राम गेहूं के आटे में डेढ़ किलोग्राम चना, 500 ग्राम जौ और 50 ग्राम मेथीदाना मिला कर पिसवाएं। मेथी ब्लडशुगर को नियंत्रित करती है। 5 किलोग्राम गेहूं के आटे में प्रोटीन के मुख्य स्रोत 500 ग्राम सोयाबीन, 1 किलोग्राम चना और 500 ग्राम जौ मिला कर पिसवाए गए आटे की रोटी खाने से बढ़ती उम्र के बच्चों को लाभ होता है।

**प्रेग्नेंट महिलाएं ऐसे करें मल्टीग्रेन आटे का इस्तेमाल**

गर्भवती महिलाओं को गेहूं के आटे में सोया, पालक, मेथी, बथुआ और लौकी जैसी हरी सब्जियों और थोड़ी सी अजवाइन का मिला कर उस का प्रयोग करना चाहिए। मेनोपौज की प्रक्रिया से गुजर चुकी महिलाओं के शरीर में हारमोन परिवर्तित हो जाते हैं। ऐसे में अधिकतर महिलाओं को हाई ब्लडप्रैशर, हाई कोलैस्ट्रौल और डायबिटीज जैसी बीमारियां घेर लेती हैं। ऐसी स्थिति में 10 किलोग्राम आटे में 5 किलोग्राम गेहूं, 1 किलोग्राम सोयाबीन, डेढ़ किलोग्राम चना और 1 किलोग्राम जौ मिला कर उस आटा का प्रयोग करें। मोटापे के शिकार लोगों को गेहूं के आटे के बजाय केवल चना, ज्वार, बाजरा जैसे विभिन्न अनाज से बनी रोटी का प्रयोग करना चाहिए।

# बैंगन के फायदे



वजन कम करने या मोटापे की समस्याओं का सामना करने वाले लोगों के लिए, बैंगन बहुत ही स्वस्थ भोजन है, क्योंकि इसमें किसी भी प्रकार का वसा या कोलेस्ट्रॉल नहीं होता। बैंगन भारतीय उपमहाद्वीप में मूल रूप से पायी जाने वाली सब्ज़ी है, लेकिन अब यह दुनिया भर के सांस्कृतिक व्यंजनों में पायी जाती है। दुनिया भर में बैंगन के कई प्रकार की क़िस्मों का उपयोग किया जाता है और यह कई अलग अलग तरीक़ों के व्यंजनों में शामिल होता है। इसे आम तौर पर सब्ज़ियों का राजा कहा जाता है, क्योंकि यह, सांस्कृतिक विरासत में सबसे अधिक बहुमुखी और कार्यात्मक खाद्य पदार्थों में से एक है। यह न केवल स्वादिष्ट होता है बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी बहुत लाभदायक है। बैंगन हमें विटामिन, खनिज और पोषक तत्व प्रदान करता है। इसमें विटामिन सी, विटामिन के, विटामिन बी6, थायमिन, नियासिन, मैग्नेशियम, फ़ोसफ़ोरस, कौपर, फाइबर, पोटेशियम और मैगनीज पाया जाता है।

**बैंगन वज़न कम करता है**

वजन कम करने या मोटापे की समस्याओं का सामना करने वाले लोगों के लिए, बैंगन बहुत ही स्वस्थ भोजन है, क्योंकि इसमें किसी भी प्रकार का वसा या कोलेस्ट्रोल नहीं होता। इसमें पाया जाने वाला फ़ाइबर घ्रालिन होर्मोन को बनने से रोकता है, जिससे व्यक्ति हमेशा, भरा हुआ महसूस करता है, और उसे ज़्यादा खाने से रोकता है।

**कैंसर के लिए लाभदायक**

बैगन में पाए जाने वाले एंटीओक्सिडेंट्स, विभिन्न बीमारियों से हमारी रक्षा करते हैं, इसमें पाया जाने वाला विटामिन सी हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली का अहम् हिस्सा है। इसमें मैगनीज होता है जो एक प्राकृतिक एंटीओक्सीडेंट है। नियसिन, और क्लोरोजेनिक एसिड फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करते हैं। फ्री रेडिकल्स हमारी तंत्रिका को बिगाड़ने, अल्ज़ाइमर रोग और मनोभ्रंश की उपस्थिति को उत्पन्न करते हैं।

# खूबसूरती में चार चांद लगाए नारियल



अगर आप अपने लिए खूबसूरत रंगरूप चाहती हैं तो नारियल पर डालिए एक नजर.. क्या आप जानते हैं कि नारियल प्रकृति का सबसे ज्यादा बहुपयोगी फल है? प्राचीन काल से ही सेहत और सुंदरता पाने के लिए इसका अलग अलग तरह से इस्तेमाल किया गया है. हम इसका इस्तेमाल करते हैं, फिर भी यह नहीं जानते हैं कि इसके अलगअलग रूप जैसे पानी, गूदा, तेल और मलाई खूबसूरती निखारने का सर्वोत्तम तरीका है...

**रंगरूप संवारे... खूबसूरत अहसास जगाए**

नर्म, मुलायम और निखरे रंगरूप के लिए नारियल तेल से बढ़कर और कुछ नहीं। नारियल तेल तेजी से त्वचा में समा जाता है और इसे भीतर से खिला-खिला और दमकता बनाता है। इसके अलावा रूखी, खुरदरी और झुर्रियों से युक्त त्वचा को चिकना बनाने में यह अति उत्तम है।

वर्जिन नारियल तेल- इसमें है एंटीऔक्सीडैंट, जो त्वचा को फ्री रैडिकल्स से सुरक्षित रखते हैं, जिनके कारण त्वचा अपना लचीलापन खो देती है। यह उम्र और तेज धूप के कारण दिखाई देने वाले बदसूरत दाग-धब्बे भी दूर करता है।

**बाल... आज और कल**

बाल आपकी खूबसूरती का एक खास हिस्सा है। अगर आप दक्षिण भारत की अधिकतर स्त्रियों के बाल देखेंगे तो पाएंगे कि इनके बाल कितने घने, लंबे, काले चमकीले होते हैं। इनका रंगरूप भी कितना मुलायम औद बेदाग होता है। इसका क्या राज है? दरअसल, ये स्त्रियां अपने भोजन में और रंगरूप संवारने के लिए हर दिन नारियल तेल का इस्तेमाल करती हैं। नारियल तेल बालों की जड़ों को पोषण देकर, इसके स्वाभाविक और स्वस्थ विकास को बनाए रखता है। यह सिर की त्वचा को ठंडक पहुंचाता है। नारियल तेल को हल्का सा गर्म करें और बालों पर लगाएं। खास तौर पर बालों की जड़ों पर। इसे रात भर रहने दें और सुबह बालों में शैम्पू कर लें। यह निश्चित रूप से साबित हो चुका है कि शुद्घ नारियल तेल के नियमित इस्तेमाल से बालों का झड़ना 50% तक कम हो जाता है।

# क्यों जरूरी है ब्रेस्टफीडिंग



**शिशु के पोषण के साथ साथ एक मां को स्तनपान कराते समय स्वच्छता का भी अधिक ध्यान देना चाहिए। दुनिया भर में केवल पांच में से दो बच्चे जन्म के दो घंटे के भीतर स्तनपान का लाभ ले पाते हैं – वह सुनहरे घंटे शिशु को बढ़ने और विकसित होने का सबसे अच्छा मौका देते है। ब्रेस्टफीडिंग नई माताओं को अपने शिशु के साथ शारीरिक और भावनात्मक रूप से बांड बनाने में मदद करती है। जन्म से लेकर छह महीनों तक शिशु के स्वास्थ्य के लिए स्तनपान बहुत महत्वपूर्ण है। मां का दूध शिशुओं में शारीरिक विकास को बढ़ावा देने के साथ, पोषक तत्व भी प्रदान करता है।**

शिशु के साथ-साथ स्तनपान मां के लिए भी अति लाभदायी होता है। स्तनपान के सबसे महत्वपूर्ण लाभों में से एक लाभ यह है कि स्तनपान कराने की सुविधा देने वाला मुख्य हार्मोन गर्भाशय को उसकी पूर्व स्थिति मे लाने में मदद करता है। नई माताओं में यह मोटापा और ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने के साथ-साथ स्तन और ओवेरियन कैंसर के खतरे को भी कम करता है। पहले के समय में माताएं घर पर रह कर शिशु का लालन- पोषण करती थी और उनको छह माह से लेकर साल भर तक स्तनपान कराती थी। लेकिन आज की परिस्थिति कुछ अलग है। आजकल अधिकांश माताएं काम पर जाती हैं और उन्हें लंबे समय तक घर से दूर रहना पड़ता है। हालांकि पिछले कुछ महीनों से बहुत सी माताएं घर से ही काम कर रही हैं , लेकिन घर के काम और ऑफिस के रूटीन के चलते वह हर समय शिशु को स्तनपान नहीं करा पाती , जिससे नई माताओं के लिए स्तनपान का अभ्यास जारी रखना मुश्किल हो जाता है। लेकिन, यह सुनिश्चित करना बेहद ज़रूरी है कि शिशु कम से कम छह महीने से लेकर एक साल तक के लिए विशेष रूप से स्तनपान पर निर्भर रहे।

# बालों से निकालें हाईलाइट कलर

**बालों पर मन मुताबिक कलर ना हो पाया है और आपको लगता है कि वो हेयर कलर आप पर बिल्कुल भी सूट नहीं करता तो उसे बिना कुछ सोंचे समझे निकाल डालिये। प्रस्तुत हैं ये टिप्स। बालों को नया रंग देने या उन्हें हाईलाइट करने से आपकी पर्सनालिटी में निखार आता है। पर कभी–कभार बालों पर मन का रंग ना चढ़ने की वजह से सारा मूड खराब हो जाता है। ये रंग बड़े पक्के होते हैं और लगभग 6 महिने तक आपके बालों के साथ रहते हैं। पर बालों पर मन मुताबिक कलर ना हो पाया है तो इसका ये मतलब बिल्कुल भी नहीं है कि आपको उस गलती के साथ जीना पडेगा। अगर आपको लगता है कि आपके बालों का हेयर कलर आप पर बिल्कुल भी सूट नहीं करता तो उसे बिना कुछ सोंचे समझे निकाल डालिये।**

**विटामिन सी टेबलेट**

बाजार से जा कर सबसे सस्ती विटामिन सी की टेबलेट्स खरीद कर ले आइये। उसके बाद करीबन 25-30 टेबलेट को पीस कर पानी के साथ पेस्ट बना लें। अब इसे हल्के हल्के अपने सिर पर लगा कर मालिश करें और 30 मिनट तक ऐसे ही रखने के बाद बालों को शैंपू से धो लें। ऐसा करने से बालों का रंग दो-तीन शेड हल्का हो जाएगा।



**हॉट आयल ट्रीटमेंट**

इस ट्रीटमेंट को आप घर पर भी कर सकती हैं। इससे बाल जड़ से मजबूत होते हैं और बालों का कलर भी हल्का हो जाता है। लेकिन इस ट्रीटमेंट को एक हफ्ते में एक बार से ज्यादा ना करें।

**लॉन्ड्री डिटर्जेंट या साबुन**

बालों से रंग को छुडाऩे के लिये अपने शैंपू में डिटर्जेंट या कपड़े धोने वाला साबुन मिला कर बाल धोएं। इस विधि को आप कई बार प्रयोग कर सकती हैं। ध्यान रहे कि इसमें ज्यादा ब्लीचिंक कंटेंट ना रहे वरना बालों को नुक्सान भी पहुंच सकता है।



# आयरन की कमी को करें पूरा

**गर्भावस्था के दौरान अपनी और गर्भ में पल रहे बच्चे की सेहत का सही ध्यान रखना है तो आयरन से जुड़ी इन बातों को नजरअंदाज करने की भूल न करें... आयरन उन महत्त्वपूर्ण पोषक तत्त्वों में से एक है जो प्रैगनैंसी में आप को और आप के शिशु को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है। प्रैगनैंसी के दौरान आयरन की आवश्यकता दोगुनी हो जाती है।**

आयरन का उपयोग शरीर में औक्सीजन का संचार करने के लिए होता है। यह लाल रक्त कोशिकाओं में पाया जाने वाला एक प्रोटीन का घटक है जोकि हीमोग्लोबिन की मदद से पूरे शरीर में औक्सीजन ले जाने का काम करता है। इस के अलावा यह मायोग्लोबिन (मांसपेशियों में पाया जाने वाला एक तरह का प्रोटीन) की मदद से मांसपेशियों में भी औक्सीजन का संचार करने का काम करता है। साथ ही यह कई जरूरी ऐंजाइम्स के उत्पादन के लिए भी जरूरी होता है जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में मदद करता है।

प्रैगनैंसी के दौरान आप को अपने और डेली ग्रो करते शिशु के लिए विशेषरूप से दूसरी और तीसरी तिमाही में अतिरिक्त आयरन की जरूरत होती है। सही आयरन की आपूर्ति प्लैसेंटा का सही विकास सुनिश्चित करती है और प्लैसेंटा के जरीए ही गर्भनाल के द्वारा शिशु को सभी पोषक तत्व और औक्सीजन पहुंचती है, जिस से शिशु का शारीरिक और मानसिक विकास सही तरीके से होता है।

**आयरन की कमी पड़ सकती है भारी**

अधिकतर डाक्टरों का यही मानना है कि वैजिटेरियन भोजन करने वाली अधिकतर महिलाएं अकसर कुछ हद तक आयरन की कमी यानी ऐनीमिया की शिकार होती हैं और ये स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब महिला प्रैगनैंट हो, क्योंकि ऐसे में उसे दोगुनी मात्रा में आयरन की आवश्यकता होती है। ऐक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर आप सही मात्रा में आयरन नहीं लेती हैं तो आप को प्रीमैच्योर डिलिवरी, सिजेरियन डिलिवरी और शिशु के विकास में रुकावट का भी सामना करना पड़ सकता है।

# रस्सी कूदें और कद बढ़ाएं



अगर आपका बच्चा खेल-खेल में रस्सी कूदता है, तो ये जानकर आपको खुशी होगी कि ये एक ऐसा खेल है जो व्यायाम भी है और साथ ही सेहत को कई प्रकार से फायदा पहुंचाता है। ये भी कहा जाता है कि रस्सी कूदने से छोटे कद वालों को अपनी हाइट बढ़ाने में मदद मिलती है। इसके अलावा भी रस्सी कूदने के कई फायदे होते हैं, आइए जानते हैं -

- रस्सी कूदना शरीर के रक्तसंचार को बढ़ाने के साथ ही आपको ऊर्जावान बनाने के लिए काफी फायदेमंद है। यह उत्साह बढ़ाने का भी बेहतरीन जरिया है।
- वजन कम करना हो या फिर शरीर की बढ़ी हुई चर्बी कम करना हो, रस्सी कूदना सबसे आसान विकल्प है, जो आप जब चाहें आजमा सकते हैं।
- बढ़ती उम्र में रस्सी कूदना, कद बढ़ाने के लिए बढ़िया एक्सरसाइज है। खेल-खेल में ही यह हाइट बढ़ाने का एक प्रभावी तरीका साबित होता है।
- यह आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाता है, तनाव को कम करता है साथ ही चेहरे पर प्राकृतिक चमक लाने के लिए भी सहायक है।
- यह शरीर को चुस्त-दुरुस्त बनाता है, साथ ही हड्डियों को मजबूत बनाता है। इसके अलावा शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे आप स्वस्थ्य बने रहते हैं।

# पालक में छिपा है रूप का खजाना



पालक की पत्तियां स्वास्थ्य के लिए तो अच्छी होती हैं ही, रूप निखारने में भी इनका खूब इस्तेमाल किया जाता है। अगर आप नियमित तौर पर इनका इस्तेमाल करेंगे तो खुद ही महसूस करेंगे कि त्वचा में एक अलग निखार आ गया है। पालक की पत्तियों की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके इस्तेमाल से ढलती उम्र के लक्षण कम नजर आते हैं। पालक की पत्तियों में भरपूर मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है। इसके अलावा यह विटामिन ए और सी का भी एक अच्छा माध्यम है। लवणों की बात करें तो इसमें मैग्नीशियम, आयरन, पोटैशियम और ऑक्जेलिक एसिड होते हैं। ये सभी तत्व बालों के लिए अच्छे होने के साथ ही त्वचा की देखभाल के लिए भी बेहतरीन रहते हैं। पालक की पत्तियों के कुछ ऐसे उपाय जिन्हें आप अब तक नहीं जानते होंगे :

पालक में विटामिन बी, सी और ई पाया जाता है। इसके अलावा इसमें पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन और ओमेगा 3 फैटी एसिड्स भी भरपूर होते हैं। ये सभी तत्व बालों की लंबाई के लिए बेहद जरूरी होते हैं। पालक में मौजूद आयरन शरीर में ऑक्सीजन के बहाव को बढ़ाता है। इससे कोशिकाओं में रक्त संचार बढ़ता है। इस वजह से पालक बालों की लंबाई बढ़ाने में मदद करता है।

**बालों का झड़ना कम करें**

आयरन की कमी से एनीमिया होने की आशंका बढ़ जाती है। इस वजह से भी बाल गिरना शुरू हो जाते हैं। पालक में पर्याप्त मात्रा में आयरन पाया जाता है जो बालों की जड़ों को मजबूत बनाने का काम करता है।

**पालक की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके इस्तेमाल से ढलती उम्र के लक्षण कम नजर आते हैं.**

**आज की रेसिपी**

## थाई क्रंची रोल



यह एक यम्मी थाई स्नैक रेसिपी है जिसमें आपको थाई स्वाद के साथ मशरूम, बेबी कॉर्न, बीन्स और अन्य चीजों का स्वाद मिलेगा.

**सामग्री :**

- थाई अदरक, लेमन लीफ ब्रॉकली, मशरूम, बेबी कॉर्न बीन्स, नींबू, धनिया, सॉस, थाई मिर्च का पेस्ट, करी पाउडर, वेज ऑस्टर सॉस, डार सोया सॉस, क्रशड काली मिर्च, सुगंधित मसाला पाउडर

**विधि :**

- कड़ाही में तेल डालें, थाई हर्ब्स, लहसुन, वेजिटेबल सीज़निंग डालें और 5 मिनट तक हिलाएं और फिर थाई चिली पेस्ट सॉस डालें.
- एक स्प्रिंग रोल पेस्ट्री शीट बिछाएं या एक साफ सतह पर लपेटें.
- इसके एक कोने पर 2 बड़े चम्मच फीलिंग रखकर इसे रैप करें, इसके बाद राइट और लेफ्ट दोनों तरफ से टाइट रोल करें.
- अब कड़ाही में तेल गरम करें और मीडियम आंच पर इन्हें फ्राई करें.
- रोल्स को गोल्डन ब्राउन होने तक डीप फ्राई करें, इसे पेपर टॉवल पर निकाल लें और थाई चिली सॉस के साथ सर्व करें.